जिस्म का नेस्त होना एक अम्र मुतलक़ और बदीही है इसलिए कि इस की तर्कीब में माद्दा को मुदाख़िलत व आमेज़िश है और माद्दा के ऊपर हवादिस (हादिसा की जमा, मुसीबत, तक्लीफ़) अपना असर कर के इस में तब्दीली पैदा करते हैं जो तब्दीलात इस आलम माद्दी में हर हाल में ज़हूर में आती हैं लेकिन रूह की हैइयत में माद्दा को दख़ल नहीं है चुनान्चे हवादिस व तब्दीलात

ज़माना से इस के ऊपर असर नामुम्किन बल्कि मुहाल है और जब कि इस में तब्दील व तग़य्युर ना-मुम्किन है तो वो बेशक बाक़ी होगी यानी मंतिक़ के क़ायदे की बमूजब इस का ख़ुलासा यूं कर सकते हैं कि जो ग़ैर माद्दी है वो फ़ना से मुबर्रा व मुनज़्ज़ह (पाक) है। रूह माद्दी शैय नहीं है पस रूह फ़ना से मुबर्रा व मुनज़्ज़ह है।

2- कैफ़ीयत नूअ दोम

ये बात ज़बान ज़द अवाम है कि दुनिया मज़रआ (खेत) आक़िबत है। जो जैसा बोएगा वैसा ही आक़िबत में काटेगा। जिससे ये मुराद ली जाती है कि जब जान इस जिस्म से अलग होगी तब अपने किरदार का एवज़ अपने आक़ा है। हक़ीक़ी और मालिक तहक़ीक़ी के हाथ से पाएगी इस आइंदा सज़ा और जज़ा का ख़्याल लोगों के अंदेशों में यहां तक समाया हुआ है कि गोया उनके वजूद का एक हिस्सा हो रहा है। साअदी ने कहा है :-

خیرے کن اے فلاں وغنیمت شمار عمر　　زاں پیشتر کہ بانگ بر آید فلاں نماند

फिर यह कहता है :-

نخل آنکس کہ رفت وکار نساخت　　کوس رحلت زدند وبار نساخت

अगर सच्च है कि ये नयाज़ मज़रआ आक़िबत है और ये कि हम इस आलम अस्फ़ल में इम्तिहानन रखे गए हैं तो इस ज़राअत के नफ़ा और इम्तिहान के समरा की इंतिज़ारी ख़्वाह नख़्वाह (ज़बरदस्ती) होगी क्योंकि मेहनत का एक अंजाम और किरदार का एक समरा (फल) होता है। अब अगर मेहनत और किरदार का अंजाम और समरा नीस्ती मुतसव्वर हो तो कलाम बाला बे-माहीयत हो जाता है। इसलिए कि जब कोई मेहनत करने वाला है तो उस के अंजाम का हासिल करने वाला भी ज़रूर ही होगा। मक़ाम-ए-ग़ौर का है कि हर किरदार अस्फ़ल कमा-हक़्क़ा (जैसा उस का हक़ है) अंजाम इस

दुनिया में ज़हूर में नहीं आता है और हम अक्सर लोगों को ये कहते सुनते हैं कि हमने इस का अंजाम ख़ुदा के ऊपर छोड़ा जिसका ये मतलब है कि वो जो कि हाकिम-उल-आलम है इस काम का एवज़ उस के फ़ाइल को ऐसे अंदाज़ा पर देगा जिसकी माहीयत (असलियत) से वो इस आलम में बे-ख़बर है। इलावा इस के ये भी देखने में आता है कि अक्सर बातें उल्टी पलटी होती हैं। पस अगर यही हाल रहे तो अजीब तरह की तारीकी नज़र आएगी और ख़ल्क़त के मज़्लूम महज़ मज़्लूम ही रहे और अपनी सब्र के समरा से बेफ़ैज़ व महरूम गए। क्या ऐसी मुहमल (बेमतलब, बेकार, बेहूदा) बात को अक़्ल तस्लीम कर सकती है? हरगिज़ नहीं अक़्ल साफ़ बतलाती है।

कि सज़ा और जज़ा के लिए एक वक़्त है और वो वक़्त जब ही आएगा कि जब रूह इस जिस्म के पर्दे को फाड़ के अपने ख़ालिक़ व मालिक के हुज़ूर में होगी जिससे किसी दिल का हाल पोशीदा नहीं खड़ी की जाएगी। तब वो बात पूरी होगी जो (1 कुरंत्थी 4:5) में आई है जब तक ख़ुदावंद ना आए तुम वक़्त से पहले अदालत ना करो वो तारीकी के पोशीदा बातों को रोशन कर देगा और दिलों के मंसूबे ज़ाहिर करेगा। तब ख़ुदा की तरफ़ से हर एक की तारीफ़ होगी।

3- कैफ़ीयत नौअ सोम

तीसरी दलील इस अम्र के सबूत की रूए ज़मीन की क़ौमों के इत्तिफ़ाक़ में पाई जाती है। कस्रत की राय हमेशा हर ख़्याल को पाएदारी और इस्तिहकाम बख़्शती है और कस्रत को हमेशा ग़लबा हासिल होता है। पस जब हम ये देखते हैं कि फ़ी अलिफ़ (999) आदमी रूह की बक़ा के क़ाइल हैं तो क्या हम ये समझ सकते हैं कि ये सिर्फ़ लोगों की बंदिश है। हरगिज़ नहीं बल्कि इस कस्रत राय से ये नतीजा निकलता है कि ये ख़्याल इन्सान की सरिशत का गोया एक जुज़ (हिस्सा) है और क़ादिर-ए-मुतलक़ ख़ुदा की तरफ़ से दिलपर

नक़्श कर दिया गया है। ताकि लोग फ़रेब ना खाऐं, बल्कि अपनी हक़ीक़त-ए-हाल के ऊपर निगाह रख के ख़ुदावंद के मुलाक़ात करने के लिए आपको तैयार रखें। ये ख़्याल कि लोगों को ना सिर्फ आक़िबत की तरफ़ रुजू रखता है पर अख़्लाक़ की दुरुस्ती और हुसूल ख़ूबी की निस्बत भी मुतहर्रिक होता है और इस दुनिया को बह हमा वजूह (वजह की जमा) मज़रआ आक़िबत बना देता है। ग़रज़ ये कि हम इस इत्तिफ़ाक़ आम में बक़ा का सबूत हासिल करते हैं। और रूह की बक़ा को क़ायम रखने के लिए हिदायत व ताअलीम पाते हैं।

4- कैफ़ीयत नौ चहारुम

चौथी दलील हम अक़्लन रूह की बक़ा को तशबीहात के ज़रीये से साबित कर सकते हैं। इस दुनिया में अक्सर औक़ात ऐसा देखने में आता है कि बाअज़ बाअज़ चीज़ें अपनी असली हैइयत (ताल्लुक़) को तब्दील कर के एक नई और शानदार हैइयत पाती हैं। मसलन तितली जिसमें हद दर्जे की खुशनुमाई और ठम्दगी नज़र आती है। एक कीड़े से पैदा होती है। जो पत्ती के ऊपर गुज़रान करते करते एक अजीब हैइयत में मुबद्दल (तब्दील शूदा) हो जाता है और बज़ाहिर नीस्ती की हालत तक पहुंच जाता है पर एक अरसे तक हालत में रह के अपनी नीस्ती में से मिस्ल कुक्नुस (एक रिवायती ख़ुश-रंग और ख़ुश-आवाज़ परिंद कहते हैं कि इस की चोंच में 360 सुराख़ होते हैं और हर सुराख़ से एक राग निकलता है) की एक नए अंदाज़ की हस्ती की माहीयत (असलियत) को इख़्तियार करता और अपनी हयूले (अस्ल) के पर्दे को तोड़ कर एक शानदार सूरत पकड़ता है और पत्तों को छोड़ के गल्लों के ऊपर अपना बसेरा लेता है। और एक मजहूल (काहिल) और बे-हक़ीक़त कीड़े से एक ख़ुशनुमा और दिल पसंद ब-रंग गुलगूँ तितली का वजूद ज़हूर में आता है। पस जब कि अदना दर्जे के जानदारों में ऐसे अजीब व ग़रीब तब्दील ज़हूर में आते हैं तो इन्सान की आला हस्ती में इस तरह का तबद्दुल वाक़ेअ होना और

इस का अबद-उल-आबाद क़ायम रहना बईद अज़ अक़्ल (अक़्ल से दूर) नहीं है बल्कि एक अम्र मुम्किन अल्तशबीह है और क़रीन-ए-क़ियास (वो बात जिसे अक़्ल क़ुबूल करे) मुतसव्वर हो सकता है।

इस नूअ के इलावा सबूत

फिर इन्सान की हैइयत की तब्दीलात के ऊपर फ़िक्र करने से भी ये अम्र पाया सबूत को पहुंच सकता है। इन्सान की हालत पर जब से कि इस के वजूद की बुनियाद उस की माँ के शिकम में पड़ती है और इस की मौत तक में कैसी अजाइब व ग़रीब तब्दीलात ज़हूर में आते हैं इस की हैइयत मादरी और पैदाइशी में इस के माबअद ज़िंदगी से किस क़द्र फ़र्क़ होता है कि अगर उल्फ़त वालदैन दर्मियान में ना हो तो इस बेचारे बच्चे का पता ना लगे। पर जब कुछ सियाना हुआ तो ना सिर्फ क़वी होता है पर रफ़्ता-रफ़्ता समझ और अक़्ल व शऊर की दौलत को हासिल करता जाता है। और जब अय्याम बलूग़त को पहुंचा तो इस में कैसी पुख़्तगी आती है कि बज़म इन्सानी की ज़ेब व ज़ीनत होता है और इस दुनिया के ख़्याल को तर्क करके आलम-ए-बाला की तरफ़ को परवाज़ करने लगता है। पस क्या उस का मुरक्कब तसव्वुर यहीं पर आजिज़ व मानदाह होके ख़ाक पर बैठ रहेगा और तसव्वुर की बाज़ू यहीं टूट जाएगी और उस की उम्मीद मुनक़ते हो (टूटना) जाएगी। हरगिज़ नहीं बल्कि अग़लब (यक़ीनी, मुम्किन, ग़ालिबन) है कि अपने जिस्म की क़फ़स से आज़ाद हो कर वो जो इस आलम में चीज़ों को गोया धुँदला सा देखता है रूहों के वतन में परवाज़ करके हर शैय की माहीयत (असलियत) हक़ीक़ी को दर्याफ़्त करेगा और ज़बूर के मुअल्लफ़ के साथ ये कि **"मैं जो हूँ सदाक़त में तेरा मुँह देखूँगा और जब मैं तेरी सूरत पर होके जागूँगा तो मैं सैर हूँगा।**□ (ज़बूर 17 और 15) और अपने मुंजी के साथ ये कि **"मैं तुमसे सच्च सच्च**

कहता हूँ कि गेहूं का दाना अगर ज़मीन में गिर के मर ना जाये तो अकेला रहता है पर अगर मरे तो बहुत सा फल लाता है।" (युहन्ना 12:24)

इस नूअ का सबूत नक़्ली

यहां तक तो दलाईल अक़्ली से रूह की बक़ा का सबूत हासिल हुआ पर शुक्र का मुक़ाम है कि हम सिर्फ अपनी अक़्ल ही के ऊपर बिल्कुल एतिमाद नहीं रख सकते हैं पर अक़्ल की तस्दीक़ नक़्ल से भी पाते हैं और कलाम पाक दर्मियान में आता है। जिसके वसीले से ख़ुदावंद ने हमारी माहीयत (असलियत) को हम पर ऐसी सफ़ाई के साथ आश्कारा कर दिया है कि हम इस अम्र की तस्दीक़ से मुतमत्ते (फ़ायदा उठाने वाला) और मतमीन होते और अपनी रूह को आरास्तगी बख़्शने के लिए हिदायत पाते हैं। चुनान्चे अब हम कलाम की निस्बत रुजू करते हैं ताकि रूह की बक़ा को साबित करें। (ज़बूर 16:8-11, 49:15) में यूं आया है :-

"मेरी निगाह हमेशा ख़ुदावंद पर है इसलिए कि वो मेरे दहने हाथ है मुझको कभी जुंबिश ना होगी। इसी सबब से मेरा दिल ख़ुश है और मेरी ज़बान शाद मेरा जिस्म भी उम्मीद में चेन करेगा कि तू मेरी जान को क़ब्र में रहने ना देगा और तू अपने क़ुद्दूस को सड़ने ना देगा तू मुझ को ज़िंदगानी की राह दिखाएगा। तेरे हुज़ूर ख़ुशीयों से सेरी है। तेरे दहने हाथ में अबद तक अशरतें (ख़ुशीयां) हैं लेकिन ख़ुदावंद मेरी जान पाताल के क़ाबू से छुड़ाएगा।

फिर (अय्यूब 19:26) में यूं आया है और **"हर-चंद मेरे पोस्त के बाद ये जिस्म भी नेस्त किया जाये लेकिन मैं अपने गोश्त में से ख़ुदावंद को देखूँगा।** और (वाइज़ 12:7) में दर्ज है **"उस वक़्त ख़ाक ख़ाक से मिल जाएगी जिस तरह आगे मिली हुई थी और रूह ख़ुदा के पास फिर जाएगी जिसने उसे दिया।** फिर (1 कुरंथी 15:51-54) आयात के मज़्मून में ये लिखा है कि :-

“देख मैं तुम्हें एक भेद की बात कहता हूँ कि हम सब सोएँगे नहीं पर हम सब बदल जाऐंगे एक दम में एक पल में पिछला नर्सिंगा फूँकते वक़्त कि नर्सिंगा तो फूँका जाएगा और मुर्दे उठ के ग़ैर-फ़ानी होंगे और हम भी बदल जाऐंगे क्योंकि ज़रूर है कि ये फ़ानी बक़ा को पहने और ये मरने वाला हमेशा की ज़िंदगी को पहने और जब ये फ़ानी ग़ैर-फ़ानी को और ये मरने वाला हमेश्गी को पहन चुकेगा तब वो बात जो लिखी है पूरी होगी कि फ़त्ह ने मौत को निगल लिया। फिर (2 कुरंथी 5:10) पर रुजू करो **“क्योंकि हम सबको ज़रूर है कि मसीह की मसनद-ए-अदालत के आगे हाज़िर हों, ताकि हर एक जो कुछ उसने बदन में होके किया क्या भला क्या बुरा मुवाफ़िक़ उस के पा ले।** और (1 युहन्ना 3:2) में ये लिखा है **“प्यारो ! अब हम ख़ुदा के फ़र्ज़ंद हैं और हनूज़ ज़ाहिर नहीं होता कि हम क्या कुछ होंगे पर हम जानते हैं कि जब वो ज़ाहिर होगा हम उस की मानिंद होंगे।**

ख़ुलासा अल-कलाम

अज़-बस कि ख़ुदावंद तआला बाक़ी व क़ायम वजूद आला है और उसने इन्सान की रूह को भी ग़ैर-फ़ानी व बाक़ी बनाया है ज़ाहिर है कि ये बकाए रूही एक शबाहत है कि जिसमें इन्सान ख़ुदा की सूरत पर पैदा किया गया है।

तीसरी हक़ीक़त का तज़्किरा

तीसरे ख़ुदा की सूरत जो इन्सान में पाई जाती है इस बात में है कि इन्सान साहब-ए-इदराक व फ़हम व ज़का है। इदराक से मुराद वो क़ुव्वत और इस्तिदाद (सलाहियत) और रूह है कि जिसके वसीले से इन्सान हर बात की माहीयत (असलियत) तक पहुंचता और उनका एक दूसरे से मुक़ाबला कर के इस की असलीयत व हक़ीक़त और लग़्वियत व बतालत की शनाख़्त हासिल करता है और अपनी फ़हम व ज़कावत को काम में ला के बात की माहीयत

(असलियत) को पहुंच जाता है। यही ताक़त व इस्तिदाद (सलाहियत) है कि जो इस को हैवानात के ऊपर शर्फ़ बख़्शती है। हैवानात हर-चंद कि अपनी अक़्ल हैवानी के ज़रीये से एक तरह का वक़ूफ़ आश्कारा करते हैं पर अक़्ल-ए-सलीम की माहीयत (असलियत) और राज़ रूए मुक़ाबले के असलयात व लग़वयात (लग़्वियत की जमा, बेहूदा बातें या अफ़आल) में इम्तियाज़ करने और इस से मुस्तफ़ीद होने की सिफ़त से आजिज़ व आरी हैं। किसी बात को जानना और इस की शनाख़्त को हासिल करना एक शये है और इस बात पर ख़ूज़ (ग़ौर) कर के इस की माहीयत (असलियत) तक पहुंचना और इस के हुस्न व क़ुब्ह (ऐब, बुराई) को मालूम करना और इस की हिदायत के मुताबिक़ अमल करना शैय दीगर है इस माहीयत (असलियत) की ख़ूबी क़ुव्वत इदराक के ऊपर मौक़ूफ़ है और इस के वजूद में दानिश व फ़िरासत और फ़हम व ज़कावत की हाजत है। सो अज़-बस कि इन्सान में ये सिफ़त बदर्जा ऊला पाई जाती है हम इस में अपने ख़ालिक़ की दानिश बेहद का अक्स पाते हैं। लिहाज़ा हम ये नतीजा निकालते हैं कि इन्सान में ख़ुदा की सूरत इस बात में पाई जाती है कि इन्सान साहब-ए-इदराक और फ़हम व ज़का है इस अम्र की तस्दीक़ में हम कलाम के वो आयात पेश कर सकते हैं जो (ख़ुरूज 31:1-3,6) में आई हैं **“फिर ख़ुदावंद ने मूसा से हमकलाम होके कहा देख मैंने बज़िल्ली ईल बिन ओरी (بضلی ایل بن اوری) को यहूदाह के फ़िर्क़े में से बुलाया और मैंने उस को हिक्मत और फ़हमीदा और इल्म और हर तरह की हुनरमंदी में रूह अल्लाह से भर दिया और देख मैंने ईलियाब को जो अख़ी समक का बेटा और दान के फ़िर्क़े में से है इस का साथी कर दिया और “मैंने सब रोशन ज़मीरों के दिल में हिक्मत रखी कि सब कुछ जो तुझे फ़रमाया है बना दें।”** फिर हज़रत सुलेमान के हक़ में लिखा है कि **“आँहज़रत के इन्साफ़ को सुनके बादशाह से डरे क्योंकि उन्होंने देखा कि ख़ुदा की दानिश अदालत करने के लिए उस के दिल में है।”** (1सलातीन 3:28)

चौथी हक़ीक़त तज़्किरा

ख़ुदा की सूरत जिसमें इन्सान पैदा किया गया था इस बात में भी पाई जाती है कि इन्सान साहिबे ज़मीर है। जैसा कि इदराक इन्सान की इस्तिदाद (सलाहियत) और रूह को जोहर है जिसके बाइस से इस को कुल हैवानात पर शर्फ़ हासिल है वैसा ही इस्तिदाद (सलाहियत) अख़्लाक़ी का जोहर और इस का सँभालने और सुधारने वाला ज़मीर है। हर इन्सान के दिल में एक तिब्बी और ज़ाती पहचान है कि जिसके बाइस से वो नेक और बद में इम्तियाज़ करने की ताक़त पाता है और बाअज़ बाअज़ बातों को बे-जा और नारवा और नाज़ेबा तसव्वुर कर के उस से गुरेज़ करता है। और चंद बातों को वाजिब और मुनासिब समझ कर उस की रोशनी में चलना फ़र्ज़ियात से समझता है और और दिन में भी उनकी कशफ़ उम्मीदवार होता है पस इस इस्तिदाद (सलाहियत) को जिसमें इस इम्तियाज़ का वस्फ़ पाया जाता है ज़मीर कहते हैं ज़मीर अक़्ल का चिराग़ है और ना सिर्फ अक़्ल का चिराग़ है पर कोया शमा नूर इलाही है जिन लोगों के पास कलाम पाक की रोशनी नहीं है वो नेकी व बदी में इम्तियाज़ ज़मीर ही रखते हैं और उसी की हिदायत के मुताबिक़ अपनी तबीयत को राज़ी रखते और अपनी ज़िंदगी गुज़ारते हैं चुनान्चे (रोमियो 2:14-15) में आया है **"इसलिए जब ग़ैर कौमें जिन्हें शरीअत नहीं मिली अगर तबीयत से शरीअत के काम करते हैं सो वो शरीअत ना पाके अपने लिए आप ही अपनी शरीअत हैं। वो शरीअत का ख़ुलासा अपने दिलों में लिखा हुआ दिखलाते हैं उनकी तमीज़ यानी ज़मीर भी गवाही देती और उनके ख़्याल आपस में इल्ज़ाम देते हैं या उज़्र करते हैं।**□ फिर उस कनआनी औरत के ज़िमन में जिसको लोग मसीह के पास इम्तिहानन लाए थे लिखा है कि "जब फ़क़ीहिया और फ़रीसी मसीह से इस के इल्ज़ाम की निस्बत सवाल करते जाते थे और इस मुंजी आरिफ़-उल-क़ू (عارف القو) ने कहा कि तुम में जो बेगुनाह है

वही पहला पत्थर मारे तो वो ये सुनकर दिल ही दिल में अपने आपको गुनाहगार समझ कर बड़ों से लेकर छोटों तक एक एक कर के चले गए। (युहन्ना 8:9) ये ज़मीर क़ाज़ी तहज़ीब व अख्लाक है और हादी पेशवा और काशिफ़ (ज़ाहिर करने वाला) जुर्म आदम है और इस में फ़र्क़ सिर्फ इतना है कि वो ख़ुदा तआला की पहचान की माहीयत (असलियत) की वुसअत को पहुंच नहीं सकता है। इन्सान ने इस इम्तियाज़ को हद दर्जा तक पहुंचाने के लिए कोई कोशिश दरेग़ नहीं रखी हत्ता कि इसी हौसले में आपको ख़राब व तबाह किया। इस सदा ने कि तुम ख़ुदा की मानिंद नेक व बद को जानने वाले होगे उस को ऐसा फ़रेफ़्ता कर डाला कि इस के फ़िराक़ में हुक्म इलाही को भी पामाल कर डाला और अपनी हद एतिदाल (दरम्यानी दर्जा) से गुज़र के वो नादानी की कि आपको और अपनी औलाद को भी ज़लील व ख़ार किया। लिहाज़ा नतीजा इस कलाम का ये है कि इन्सान साहब ज़मीर और फ़हम होने के बाइस से अपने ख़ालिक़ और आबए समावी की सूरत व सीरत को आप में आश्कारा और अपनी अलवेत और अफ़्ज़लीयत को साबित व हवेदा करता है।

पांचवीं हक़ीक़त का तज़्किरा

पांचवें, हम ख़ुदा की सूरत को इन्सान में इस बात में भी देखते हैं कि इन्सान साहिबे इर्फ़ान है। इर्फ़ान ब मअनी पहचान के है और पहचान में इल्म की माहीयत (असलियत) मुस्तअमल है। अब अज़-बस कि इल्म के मअनी जानने के हैं इस से ये मुराद है कि इन्सान सिर्फ़ बुत की मानिंद नहीं बनाया गया था कि सिर्फ खाने पीने और लज़्ज़त नफ़्सी से वाक़िफ़ हो के इस में ग़लत व पेच खाता रहे पर इसलिए कि वो इस आलम का सरदार बनाया गया और ताकि अपने आस्मानी बाप की सोहबत में अबद तक ख़ुश व ख़ुर्रम रहे इस नज़र से इस को आला दर्जे की पहचान ज़रूर थी कि इस की हस्ती की ग़रज़ का मक़्सद बुराई और वो ख़ुदा और मलाइका बल्कि कुल ख़ल्क़त का

मक़्बूल और मंज़ूरे नज़र रहे लिहाज़ा इन्सान की इर्फ़ान की माहीयत (असलियत) को हम तीन नूअ के ऊपर मुनक़सिम कर सकते हैं :-

1- ख़ुदा की पहचान
2- अपनी माहीयत (असलियत) की हक़ीक़त की पहचान
3- ख़ल्क़त की इश्याअ मुतफ़र्रिक़ की पहचान

1- ख़ुदा की पहचान

ज़ाहिर है कि जब तक हम जैसों में एक दूसरे की सोहबत की क़ाबिलीयत है तब तक वो एक दूसरे की संगत से महफ़ूज़ नहीं रह सकते। इसी तौर पर अगर इन्सान को ख़ुदा तआला की ऐसी पहचान हासिल ना होती कि जो उस की ख़िदमत गुज़ारी के लायक़ हो सके तब तक ये बात रास्त ना आ सकती थी कि ख़ुदा की सूरत पर पैदा किया गया था। इस से ये नतीजा निकलता है कि जिससे उस की बुज़ुर्गी और अज़मत उस के दिल के ऊपर नक़्श हो गई। और वो अपने ख़ालिक़ के दबदबे की शनाख़्त और उस से अपने लिए तसल्ली हासिल कर के महफ़ूज़ हुआ मिस्ल उन फ़रिश्तों के जो उस की जलील (बुलंद) हुज़ूरी में रहते और शब व रोज़ उस की किब्रियाई (बड़ाई) की शहादत देती हैं ख़ुदावंद की इसी जलील और अज़ीमुश्शान माहीयत (असलियत) की शनाख़्त हासिल कर के ज़बूर का मुअल्लफ़ ये कलिमा अपनी ज़बान के ऊपर लाया **“माबूदों के दर्मियान ऐ ख़ुदावंद तुझ सा कोई नहीं और तेरी सी सुनअतें कहीं नहीं। ऐ ख़ुदावंद सारी कौमें जिन्हें तूने खल्क़ किया आयेंगी और तेरे आगे सज्दा करेंगी और तेरे नाम की बुज़ुर्गी करेंगी कि तू बुज़ुर्ग है और अजाइब काम करता है तू ही अकेला ख़ुदा है।**” (ज़बूर 86:8-10) हमें इस से ये नहीं समझना चाहीए कि इन्सान ख़ुदा की पहचान के कमाल तक पहुंच गया इस से सिर्फ ये मुराद लेना चाहिये कि आदम ने ख़ुदा की पहचान की शनाख़्त इस दर्जे ही तक हासिल की कि जहां तक उस की महदूद अक़्ल को रसाई और

गुंजाइश थी और इस की तसल्ली और ख़ुशी के लिए ज़रूर और दरकार थी क्योंकि कोई मख़्लूक़ नहीं है कि जो ख़ुदावंद के कमाल को पहुंच सके। चुनान्चे हज़रत अय्यूब इस मुक़द्दमे में फ़रमाते हैं :-

"क्या तू अपनी तलाश से ख़ुदा का भेद पा सकता है या क़ादिर-ए-मुतलक़ के कमाल को पहुंच सकता है। वो तो आस्मान से ऊंचा है। तू क्या कर सकता है? पाताल से नीचा है तू क्या जान सकता है? इस का अंदाज़ा ज़मीन से लंबा और समुंद्र से चौड़ा है।□ (अय्यूब 11:7-9)

हज़रत दाऊद ने ख़ुदावंद की पहचान की अज़मत और उस की शनाख़्त को हत्त-उल-मकान हासिल कर के जो तसल्ली पाई उस का तजुर्बा यूं मज़्कूर है, **"ख़ुदाया तेरे अंदेशे मेरे हक़ में क्या ही क़ीमती हैं, उनकी कुल जमा क्या ही बड़ी है, मैं उन्हें क्या गिनुं वो तो शुमार में रेत से ज़्यादा हैं जब मैं जागता हूँ तो फिर भी तेरे साथ हूँ□□** (ज़बूर 139:17-18) इन आयात से साफ़ ज़ाहिर व बाहर है कि ख़ुदा के वजूद की पहचान इन्सान की समझ और उस के इदराक के अहाते से बाहर हैं पर जहां तक मुम्किन है वहां तक उस की शनाख़्त हासिल कर के बनी-आदम उस से तसल्ली पाता है और ख़ुदा में अपनी सलामती देखता और उस में शाद रहता है। आदम की इब्तिदा ए शनासाई (जानने) की कैफ़ीयत हम इन बातों में पा सकते हैं जो कि मसीह की बादशाहत की तरक़्क़ी के हक़ में कलाम पाक में आई हैं कि जिस तरह पानी से समुंद्र भरा है इसी तरह ज़मीन ऐ ख़ुदावंद के जलाल की शनासाई से मामूर होगी पस इन्सान की हस्ती की इब्तिदा और इंतिहा दोनों का लुब्ब-ए-लुबाब यही पहचान है□

ख़ुलासा कलाम

बहरहाल सारी बातों से ये नतीजा निकलता है कि जब आदम ने अपनी आँखें ज़िंदगी में खोली और अजाइब व ग़रीब ख़ल्क़त और इस की मामूरी का

मुशाहिदा किया तो उनके इर्फ़ान तबाज़ाद (अपनी ईजाद, तबीयत से निकला हुआ) ने उनमें ख़ुदा की पहचान की एक कान अमीक़ पाई और अपने ख़ालिक़ की माहीयत (असलियत) और मक़्सूद और उस के जलाल और शान की ख़ूबीयों को ऐसे अंदाज़ के साथ देखकर हैरत में आके उस की पहचान की अज़मत की वजह से सुकूत खींचा और अजब नहीं कि जैसा हवा ने बमूजब क़ौल मिल्टन साहब :-

आदम से कहा कि जब मैं तुझसे गुफ़्तगु करने में मशग़ूल रहती हूँ तो वक़्त का ख़्याल मेरे दिल से बिल्कुल महव (गुम) हो जाता है।

वो भी इस तरह का कलिमा अपनी ज़बान पर लाए हैं कि ऐ ख़ुदावंद तेरी बुज़ुर्गी और जलाल के ऊपर मेरे सारे ख़याल दुनिया से उठ जाते हैं और मैं अज़ ख़ुद फ़रामोश होके तेरी शनाख़्त में महव (गुम) हो जाता हूँ और अग़्लब (यक़ीनी, मुम्किन) है कि आँहज़रत ने ख़ुदावंद की तारीफ़ में इस क़िस्म की ग़ज़ल गाई :-

ऐ तू कि ख़ल्लाक़ सब ख़ूबी का है	हैं मुजल्ली तेरे काम और जुम्ला शैय
ऐ ख़ुदाए क़ादिर-ए-मुतलक़ रब्बी	बे गुमान ये सारी ख़ल्क़त है तेरी
जिसमें ऐ राज़िक़ ख़ुदावन्द-ए-मुजीब	ख़ोशनुमाई पाई जाती है अजीब
आप हैं पस तू ख़ुदावंद जहान	किस क़द्र होगा अजीब व ला-बयान
तू जो इन अफ़्लाक पर है जलवागर	हैं निगाहों से पनहां जो सर-ब-सर
या कि तेरे कार अस्फ़ल में ख़ुदा	हैं वो ढूंढे से नज़र आते सदा
तू भी तेरी मेहरबानी और जलाल	क़ुदरत ला-इंतिहा ला ज़वाल
आश्कारा साफ़ वो करते हैं यूं	जो ख़यालों से हमारे हैं फ़ुज़ूँ

और मुम्किन है कि ना सिर्फ आप ही मुतहय्यर (हैरत-ज़दा, हैरान) हो के अकेले ही सना-ख़्वानी की हो पर मलाइका (फरिश्तों) व कुल ख़लाइक़ यानी आफ़्ताब व महताब (सूरज और चाँद) कोवाकब (सीतारे) बल्कि अर्बा इनासिर्फ को भी यूं तर्ग़ीब दी हो कि अपने ख़ालिक़ को बुज़ुर्गी दो, उस की मदह-सराई करो, उस को ख़ुदाए कुल जानो और अदब व ताज़ीम के साथ उस की हम्द में ख़म हो जो कि तुमको जीती जान देता है और तुम्हारे सर दिन पुर-लुत्फ़ शामिल और अलताफ़ कामिल का ताज रखता है। इसी तरह हिदायत हमको कलाम में यही मिलती है। और ज़बूर के मुअल्लफ़ ने ये तर्ग़ीब दी है "ख़ुदावंद की सताइश करो ! ऐ ख़ुदावंद के बंदों उस की सताइश करो ! ख़ुदावंद के नाम की मदह करो, ख़ुदावंद का नाम इस दम से अबद तक मुबारक हो आफ़्ताब के मुत्लाअ से उस के ग़ुरूब तक ख़ुदावंद का नाम ममदूह हो। ख़ुदावंद सारी उम्मतों पर बुलंद व बाला है। उस का जलाल आसमानों पर है ख़ुदावंद हमारे ख़ुदा की मानिंद कौन है जो बुलंदी पर रहता है (ज़बूर 113:1-5)

2- अपनी हक़ीक़त की पहचान और इस की ज़रूरत

अपनी माहीयत (असलियत) और हक़ीक़त की पहचान। जैसा कि ख़ुदावंद के वजूद और उस की पहचान की शनाख़्त इन्सान की तसल्ली के लिए ज़रूर और दरकार है। ऐसा ही अपने फर्ज़ियात को मुनासिब तौर पर अदा करने के लिए भी ज़रूर है कि इन्सान अपने तईं बख़ूबी पहचाने अब हर शख़्स के ऊपर आशकार है कि ताबेदारी की माहीयत (असलियत) अपनी हक़ीक़त की पहचान के ऊपर मौक़ूफ़ है। ग़ुलामाना ताबेदारी और फ़र्ज़ंदाना ताबेदारी में आस्मान और ज़मीन का फ़र्क़ है क्योंकि दोनों की पहचान की माहीयत (असलियत) में फ़र्क़ होता है। ग़ुलाम की पहचान महज़ ख़ौफ़ के साथ है इसलिए कि वो आप में और अपने आक़ा में किसी तरह की मुनासबत नहीं देखता है। पर फ़र्ज़ंद की माहीयत ग़ुलाम की माहीयत से अफ़्ज़ल है चुनान्चे इस पहचान से एक

तरह का इत्मीनान सादिर होता है जिसके बाइस से अपने वालदैन की निस्बत अपने फ़राइज़ के अदा करने में इस को एक तरह की आला तहरीक हासिल होती है और वो दिल से डर को दूर कर के दिलजमई के साथ अपने फ़राइज़ को मक़्बूल तौर पर अदा करता है। अब इन्सान को ऐसे मक़्बूल तौर पर अपने फ़राइज़ अदा करने के लिए इस क़द्र पहचान हासिल करना ज़रूर है कि जिसके बाइस से वो अपने हद-ए-एतिदाल से तजावुज़ ना करे और अपनी ख़िदमत के समरा को अपने हक़ में मुफ़ीद मतलब पाए। इस बात की हक़ीक़त के सबूत में एक नज़र याद आती है।

नक़्ल करते हैं कि किसी बादशाह के दरबार में एक वज़ीर था जो अपनी सर्फ़राज़ी की पेशतर नहाईए ही मफ़्लूक-उल-हाल (तबाह-हाल) हो गया था नान (रोटी) शबिया को मुहताज और कपड़ों की तरफ़ से ऐसा तंग हो गया था कि वाक़ई चिथड़ों की नौबत आ रही थी पर जब इस हालत में बादशाह की इस पर मद्द-ए-नज़र हुई तो उसने अपनी अगली हालत का फ़िरौ गुज़ाश्त करना (चशमपोशी करना, भूलना) मुनासिब ना समझा बल्कि अपनी ख़िदमत को ज़्यादा-तर मक़्बूल तौर पर अदा करने और अपनी हालत को हर वक़्त अपनी याद में ताज़ा रखने की नीयत से उसने उन चिथड़ों व एक गठरी में बांदा के तोशा ख़ानी में एहतियातन कह छोड़ा और हर रोज़ ये मामूल रखता कि जब कार (काम) शाही से फ़राग़त पाता (फ़ुर्सत हासिल होना) तो इस कमरे के अंदर जा के लिबास फ़ाखिरा उतार डालता और उन चिथड़ों से अपने तईं मलबूस कर के अपनी अस्ल कैफ़ीयत को रोज़मर्रा अपनी याद में ताज़ा करता और हर तरह के आफ़ात से जो आला मन्सब को लाहक़ हैं अपने तईं बचाता। रफ़्ता-रफ़्ता उस के हासिद इस पर हसद ले गए और बादशाह के आगे उस की मनिश ज़नी की और इस को दज़वी दौलत शाही का मुत्तहिम (बदनाम) किया। जब बादशाह ने इस अम्र की जुस्तजू की तो इस अक़ील व फ़हीम व

दाना और वफ़ादार शख़्स को बऊज़ ख़ियानत के इसी पोशाक में मलबूस पाया। इंद-अल-इस्तफ़सारीयह (عندالاستفساریہ) राज़ कहला कि वो अपनी असली हालत की पहचान से किनारा करना नामुनासिब समझ के ये काम रोज़मर्रा करता था। पस उस की अदु नादिम हुए और इस के बाइस से इस की ख़िदमत बनिस्बत साबिक़ के कई गुना ज़्यादा पसंदीदा हो गई।

ख़ुलासा अल-कलाम

ख़ुलासा ये कि इसी शख़्स की मानिंद अपने फ़राइज़ को वाजिबी तौर पर अदा करने के लिए अपने तईं बहर-ए-हाल पहचानना वाजिब व लाज़िम था और इसी पहचान के मुताबिक़ इन्सान का फ़र्ज़ वाजिब और मक़्बूल हुआ। सुलेमान बादशाह के क़ौल से इस मुक़द्दमे में हमको ये हिदायत मिलती है कि ये अच्छा नहीं है कि रूह या तमीज़ दानिश से ख़ाली रहे (अम्साल 19:30) जिससे ये नतीजा निकलता है कि आदम को ख़ुदा की और अपनी माहीयत (असलियत) की पहचान यहां तक हासिल थी कि उस की इताअत दानिश के साथ और बह हमा वजूह पसंदीदा था और कि उस में मक़्बूलियत की क़ाबिलीयत मौजूद थी।

3- इश्या-ए-मुतफ़र्रिक़ की पहचान

ख़ल्क़त की इश्या-ए-मुतफ़र्रिक़ की पहचान। आदम के पैदा किए जाने का तीसरा मक़्सद ये था कि वो ख़ल्क़त के ऊपर हुक्मरान हो, चुनान्चे इस मक़्सद के बर आने के लिए ज़रूर था कि वो अपने मातहत इश्या-ए-ज़ी-रूह या ग़ैर ज़ी की हक़ीक़त से बख़ूबी वाक़िफ़ हो। इस नज़र से ख़ुदावंद को पसंद आया कि उस को उनकी मुख़्तलिफ़ माहीयत (असलियत) की पहचान के साथ पैदा करे। आदम का इस सिफ़त की साथ पैदा किया जाना इस से आश्कारा

है कि जब सब जानदार ज़ी-रूह उनकी आगे लाए गए ताकि वो उनके नाम रखे उसने उनके हसब-ए-हाल हर एक को नाम दिया और जो नाम आदम ने दिया वही उस का नाम हुआ। यूं इस से साफ़ ज़ाहिर होता है, कि वो ख़ल्क़त की इश्याय मुतफ़र्रिक़ की पहचान व शनाख़्त में माहिर थे।

हासिल कलाम

जब हम इस सह चंद पहचान की तरफ़ रुजू होते और इस के ऊपर फ़िक्र करते हैं तो भी ताम्मुल यही नतीजा निकालने की हिदायत पाते हैं कि इस इर्फ़ान या पहचान में ख़ुदा की दानिश बेहद का आसार पाया जाता है। जिससे साबित है कि इस अम्र की निस्बत भी इन्सान ख़ुदा की सूरत पर पैदा किया गया था क्योंकि ख़ुदा ने जो दानिश और इर्फ़ान का चशमा है इन्सान को भी इसी हैसियत की साथ बनाया।

छठी हक़ीक़त का तज़्किरा

ख़ुदा की वो सूरत जिसके ऊपर इन्सान पैदा किया गया था इस अम्र से भी आश्कारा है कि इन्सान साहिब-ए-तस्दीक़ या सदाक़त है। इन्सान की ख़ल्क़त व नूअ के ऊपर मबनी है एक जिस्मानी दूसरा रुहानी और इन दोनों की इस्तिदाद (सलाहियत) और औसाफ़ भी मुतफ़र्रिक़ व मुख़्तलिफ़ हैं। गो दिल ही से सारे हरकात पैदा होते हैं ताहम जिस्म के कामों में और रूह के कामों में बड़ा फ़र्क़ होता है। जिस्म के कामों की रग़बत अख़्लाक़ से मुताल्लिक़ है और जब ये कहा जाता है कि इन्सान साहिब-ए-तस्दीक़ है तो इस से ये मुराद है कि इन्सान के अफ़आल जिस्मानी हर तरह से मुनासिब व पसंदीदा और ख़ालिस व बेलगाओ थे। उस की हरकात शाइस्ता और उस के अत्वार अख़्लाक़ी बायस्ता और ज़मीन बंदा थे। इस के मक्र व फ़रेब और हीलाबाज़ी का माद्दा जो अब बनी-आदम में ज़ाहिर होता है उस की पैदाइश के वक़्त इस

में मौजूद ना था। पर वो इन सारी बातों से मुबर्रा और मुस्तग़नी (आज़ाद) था। उस की चाल में ना-फ़र्मानी और शमा तक ना था और कोई अम्र मुख़्तलिफ़ ऐसा ना था जो उस की ताबेदारी में फ़ुतूर बर्पा करता या उस को ऐसे फ़ेअल का मुर्तक़िब बनाता जिसको ख़ुदा की मर्ज़ी से मुख़ालिफ़त या ज़िद होती यानी रास्त और सीधा और साबित-क़दम था और उस में किसी तरह की ख़ामी व कजी नाम तक को ना थी। वो अपनी ख़ालिक़ से और उस की निस्बत अपने फ़राइज़ से इस क़द्र वाक़िफ़ था कि अपने अख़्लाक़ को ख़ुदा की मर्ज़ी से मिला देना उस के पसंद ख़ातिर था और उस को इस बात का इल्म हासिल था कि हम पर फ़र्ज़ है कि अपने तन व मन से ख़ुदावंद की इताअत व फ़रमांबर्दारी वाजिबी तौर पर बजा लाएं। इस चलन की रास्ती की निस्बत कलाम से ये गवाही मिलती है कि सौ मैंने सिर्फ इतना पाया कि ख़ुदा ने इन्सान को सीधा बनाया। (वाइज़ 7:29) और कि सादिक़ की राह रास्ती ही (यसअयाह 5-26) ख़ुदावंद जो कि भला और सीधा सादिक़ है सदाक़त को चाहता है और उस का मुँह सीधे लोगों की तरफ़ मुतवज्जा है। (ज़बूर 11:7) और (ज़बूर 25:8) अब हमको इस बात का ख़ूब ख़्याल रखना चाहिए कि जितनी सिफ़तों को ख़ुदा इन्सान से तलब करता है उन सारी सिफ़तों से इन्सान इब्तिदा-ए-मामूर ममलू (लबरेज़) बनाया गया था वर्ना इन्सान अपनी हस्ती के मक़ासिद के पूरा करने की इस्तिदाद (सलाहियत) ना रख सकता और अगर ये नुक़्स इस में इब्तिदा से पाया जाता तो इस में नाकामिलीयत होती और ख़ुदावंद के कमाल पर हर्फ़ आता। पस हम इस से ये नतीजा निकालते हैं कि ख़ुदावंद की दस्तकारी में नारास्ती को मुदाख़िलत मुहाल है या ये कि जिस हस्ती में ख़ुदावंद की रास्ती का ख़्याल पाया जाये उस को ख़ुदा की शबिया तसव्वुर करना चाहिए। इन्सान ही अकेला कह सकता है कि मिसराअ (एक किवाड़) रास्ती मूजिब रिज़ए ख़ुदासत। अब चूँकि रास्ती की सिफ़त सिफ़ात बारी में से एक है इस से ये

नतीजा निकलता है कि ख़ुदा की वो सूरत जिस पर इन्सान ख़ल्क़ किया गया था इस बात में भी आश्कारा है कि इन्सान साहिबे सदाक़त था।

सातवीं हक़ीक़त का तज़्किरा

जैसा कि पाकी ख़ुदावंद तआला की जनाब जलील (बुलंदी) का सरताज था वैसा ही तक़द्दुस या पाकी की सिफ़त इन्सान की कुल जिस्मी ताक़तों और रुहानी इस्तिदाद (सलाहियत) का भी सरताज था। यही सिफ़त थी जो इन्सान के सारे ख़यालात के ऊपर फ़रमान रवा होके उस को ख़ुदा के अहकाम के मुतीअ (ताबेअ) बनाती और इस को गुनाह और मौत की शरीअत पर ग़लबा बख़्शती थी और इस को ऐसी हैसियत बख़्शती थी कि जो कुल मख़्लूक़ात के ऊपर आला व बाला थी और इस को ख़ुदा और ख़ल्क़ का मंज़ूरे नज़र बनाती थी। आदम की इब्तिदाई पाकी और उस के ख़ालिक़ की बेहद पाकी का एक हिस्सा थी उसी नज़र से वो बेदाग़ और बेऐब थी उस की मर्ज़ी और ख़्वाहिश व कुल तबीयत इसी सिफ़त के आगे ख़म होने और ताज़ीम के साथ उस की क़दम बोस होते और उस की हिदायत के ताबेअ थी। ख़ुदा का प्यार उस की ख़्वाहिश यकता थी। और उस के दिल का मेल इसी एक ख़ूबी की तरफ़ रुजू था जिसकी तहरीक से सिवा उन ख़यालों की जिनमें ख़ालिक़ की रज़ा थी और उस की ख़िदमत के बारे में बेहद सरगर्मी और उस को बेज़ार करने की निस्बत एक संजीदा ख़ौफ़ ग़ालिब रहने के सिवा और किसी अम्र का सादिर होना मुम्किन ही ना था। जैसा (रोमीयों 7:22) में आया है कि **"मैं बातिनी इन्सानियत से ख़ुदा की शरीअत में मगन हूँ और इस सबब से कि इन्सान ख़ुदावंद के ख़ौफ़ में अपनी पाकीज़गी को कामिल करता था ख़ुदा की भी ख़ुशनुदी बनी-आदम में थी।**□ जैसा कि (यसअयाह 62:4 अम्साल 11:2) में आया है **"ख़ुदावंद तुझसे ख़ुश है। और जिन लोगों के दिल में बुराई है उनसे ख़ुदावंद को नफ़रत है पर जिनकी रविशें सीधी हैं, उनसे वो ख़ुश है।"** और

फिर (मत्ती 5:8) में लिखा है कि **"मुबारक है वो जो पाक-दिल हैं क्योंकि वो ख़ुदावंद को देखेंगे।**

पाकी की सिफ़त की ज़रूरत

ये पाकी आदम की शरीअत के साथ ऐसी वाबस्ता थी कि जो उस की हक़ीक़त के ऊपर ग़ौर करेगा सो इस बात को भी क़ुबूल कर लेगा कि आदम था। आदम फ़ाइल ख़ुद-मुख़्तार और एक क़ानून का पाबंद बनाया गया था अब फ़ाइल ख़ुद-मुख़्तार की ख़ूबी इसी बात के ऊपर मौक़ूफ़ है कि उस की मर्ज़ी क़ानून तबीई और शराअ अख़्लाक़ी की पाबंदी के लिए हर तरह से मुनासिब व मुवाफ़िक़ हो और इस को इस क़द्र कमाल हासिल हो कि वो इताअत उस को बार (भारी) ना गुज़रे बल्कि ताकि उस का दिल इस में महफ़ूज़ रहे और उस का मेल उसी तरफ़ का हो और ये बग़ैर दिली पाकी के मुहाल था और इस के अदम वजूद की वजह से ये कर सकती हैं कि ख़ुदा इन्सान से वो बात तलब करता था कि जिसके वफ़ा करने की इस को ताक़त ना मिली और यूं इन्सान की बर्गशतगी का इल्ज़ाम ख़ुदा की तरफ़ आइद होता और ये आयत कलाम में हरगिज़ ना मिलती कि तुम पाक बनो क्योंकि मैं पाक हूँ ख़ल्क़त की पैदाइश के वक़्त जब सब कुछ ख़त्म हो चुका तो लिखा है कि ख़ुदा ने सब पर जो उसने बनाया था नज़र की और देखा कि बहुत अच्छा है जिससे साफ़ आश्कारा है कि सब कुछ उस की मर्ज़ी की मानिंद था और कोई शैय ख़िलाफ़ किसी ख़ल्क़त में पाई ना जाती थी। फिर उस माहीयत की हक़ीक़त इन्सान की नई पैदाइश की माहीयत (असलियत) से अला-उल-ख़ुसूस मुबर हिन् व आश्कारा होती है।

नई पैदाइश इस माहीयत की दलील

रसूल यूं रक़म फ़रमाते हैं कि तुम अगले चलन की बाबत इस पुरानी इन्सानियत को जो फ़रेब देने वाली शहवतों के सबब से ख़राब हुई उतार दो और अपनी समझ और तबईत की निस्बत नए बनो। और नई इन्सानियत को जो ख़ुदा के मुवाफ़िक़ रास्तबाज़ी और हक़ीक़ी पाकीज़गी में पैदा हुई पहनो। (इफ़िसियों 4:22-24) ज़ाहिर है कि ये नौ ज़ादगी उस क़दीम असली पैदाइश की बिगड़ी हुई हालत का बहाल करना है। पस ज़रूर है कि ये पिछली पैदाइश उस पहली पैदाइश की हम अस्ल व हम-माहीयत हो और अगर ये अम्र क़ाबिल-ए-तस्लीम के है तो ज़रूर है कि पाकी उस की सिफ़त थी।

नतीजा कलाम

बयान बाला से ये नतीजा निकलता है कि ख़ुदाए क़ादिर-ए-मुतलक़ ने जो अपनी ज़ात में सरापा पाकी है इन्सान को जो कि इस आलम अस्फ़ल में उस का नायब है पाक और बेलौस और रास्ती की मीलान (रुजहान) के साथ पैदा किया और यूं अपनी सूरत को इस के ऊपर नक़्श कर दिया।

आठवीं हक़ीक़त का तज़्किरा

ख़ुदा की सूरत का नक़्श इस हुकूमत और सरदारी में भी है जो कि इब्तिदा में खुदा ने आदम को अता की थी। वो इस आलम अस्फ़ल में ख़ुदा का नायब मुक़र्रर हुआ। चुनान्चे उस के ताज अक़्दस का एक गुल उस की ज़ेबाइश के लिए उस के सर पर रखा गया जिसके सबब से उस में यहां तक दबदबा और शिकवा पाया गया कि जिस वक़्त हैवानात उस के आगे ख़ुदा की तरफ़ से भेजे गए तो सबसे उनकी ताबेदारी में सुकूत किया और सब्र के साथ उनकी महकूम (जिन पर हुकूमत की जाये) रहे और उनकी सरदारी को यूं तस्लीम किया कि जो नाम आदम ने उनको दिया उस को उन्होंने ख़ुशी के

साथ क़ुबूल कर लिया। इस हुकूमत और सरदारी की निस्बत कलाम में यूं आया है **"तूने उस को (आदम को) फ़रिश्तों से थोड़ा ही कम किया और शान व शौकत का ताज उस के सर पर रखा है तू ने उस को अपने हाथ के कामों पर हुकूमत बख़्शी। तूने सब कुछ उस के क़दमों के नीचे किया है। सारी भेड़, बकरीयां और गाय, बैल और जंगली चौपाए और आस्मान के परिंदे और दरिया की मछलियाँ और हर एक चीज़ जो दरिया की राहों में गुज़रती है।" (ज़बूर 8:5-8)**

मुबारक हो ख़ुदावंद जिसने इन्सान को अपनी ज़ुल (पनाह, साया) पर और अपनी मानिंद बनाया और मुबारक है आदम जो ऐसी उम्दा तरीन ज़ेब व ज़ीनत के साथ आरास्ता पैरास्ता किया के इस ख़ल्क़त अस्फ़ल का सरताज क़ायम किया गया।

चौथा बाब

आदम की पैदाइश के हमराह ख़ुदा की ख़ास पर्वर्दिगारी का तज़्किरा

आदम के साथ पर्वरदिगारी इलाही का अव्वल सुलूक यानी जोहर मासूमियत अता होना।

ख़ुदावंद तआला ने आदम व हव्वा को अपनी सूरत पर पैदा कर के अपनी पर्वर्दिगारी में अव्वल सुलूक उनके साथ ये किया कि उनको जोहर मासूमियत का अता किया और यूं उनकी ख़ुशनुदी को कमाल के दर्जे तक पहुंचा दिया। वो मासूम हो के आप में ख़ुदावंद की ताबेदारी की माहीयत रखते थे ऐसा कि अपने ख़ालिक़ की ख़ुशनुदी और रजामंदी के सिवा कोई शए उनकी पसंद ख़ातिर ना हो सकती थी।

इस हालत में वो बदी से और इस के नताइज से महज़ ना-आश्ना थे इस सबब से उनकी इताअत भी बेलौस थी और अज़-बस कि वो इख़्तिलाफ़ के माद्दा से बे-ख़बर थे ख़ुदावंद की मर्ज़ी की मुख़ालिफ़त का शमा तक उनकी सलामती में ख़लल-अंदाज़ होने को मौजूद ना था तारीफ़ व सताइश और पाकी की तहसीन व आफ़रीन करना उनका काम था और उनकी ज़िंदगी ज़िंदगी इलाही की हम सिफ़त थी पस नतीजा ये हुआ कि जैसा ख़ुदावंद अपनी ज़ात में पाकी और सलामती व कमाल का चशमा था वैसा ही हमारे अव्वल वालदैन भी पाक और सालिम व कामिल थे सारी ख़ल्क़त उनमें सूरत इलाही की माहीयत (असलियत) को देखकर और मालूम कर के इताअत और उल्फ़त के साथ उस के सरंगुं होती और उनकी ख़िदमत करने और उनकी ख़ुशी को बढ़ाने

में बदिल (दिल से) मसरूफ़ और उनकी ख़िदमतगुज़ारी और फ़रमांबर्दारी से फलूती करने की जैसा कि अब हाल है रग़बत ना रखती थी। वो अपने सरदार अस्फ़ल के दस्त-ए-क़ुदरत की निगरान थे और आदम मए अपनी ज़ौजा (बीवी) के ख़ुदावंद अर्ज़ और समा अल-समावात की क़ुदरत आलीया का दस्त-ए-निगर था। ख़ुदा को जलाल देना उनका ऐन शेवा था। और ख़ल्क़त से इत्मीनान ढूंढना उनका काम था और ये दोनों काम दिल की हुब्ब से बे मुक़ाबरा व मुजादिला (मुक़ाबला के बग़ैर) उनसे ज़ाहिर आश्कारा होते थे। उनकी समझ शम्मा नूर थी उनकी मर्ज़ी ख़ुदावंद की मर्ज़ी से मुत्तहिद थी। उनकी मुहब्बत ख़ालिस व पाक और हर तरह की बे इंतिज़ामी से बरी और बे ग़ुबार (बग़ैर किसी मलाल के) थी। चुनान्चे इसी मअनी में वो ख़ुदा और मलाइका व कुल ज़ी-रूह मख़्लूक़ात की ख़ुशनुदी थी और उन की सदा हम्द में फ़रिश्तों की ग़ज़ल आस्मानी की हमदम थी और उनकी ग़ज़ल ये थी। दो, ख़ुदावंद को उस की सारी ख़ल्क़त, दो, ख़ुदावंद को इज़्ज़त और जलाल व बुज़ुर्गी, क्योंकि उस के काम अजाइब हैं और उस की रहमत सारे आलम पर है।

पर्वर्दिगारी इलाही का दूसरा सुलूक यानी बाग़-ए-अदन में रखा जाना

ताकि उनकी ख़ुशी बे गज़ मुज़िर है और उनकी तबीयत पर कुदूरत (नफ़रत) का ग़ुबार (धुआँ) किसी तरह पर ग़लबा न करने पाए ख़ुदावंद की पर्वर्दिगारी का दूसरा सुलूक उनके साथ ये था कि उसने उनको बाग़-ए-अदन में रखा। अदन बमअनी इशरत और ख़ुशी व ऐश के हैं और चूँकि ये नाम इस्म बामसमे था वाज़ेह है कि ये जगह मअदन खुशनुमाई थी यानी जितनी चीज़ें ज़रूरत के लिए दरकार या ख़ुशी की अफ़्ज़ाइश के लिए मुमिद थीं वो इस कमाल के साथ वहां पर मौजूद थीं कि उनमें किसी तरह की कमी ना थी और ना कोई ऐसी एहतियाज थी कि जिसके रफ़ा करने की गुंजाइश इस में

ना होती। वो फ़िल-हक़ीक़त बहिश्त बरिन का नमूना था अर्श था और ख़ुदावंद का जलाल उस के वसीले से यहां तक मुबरहिन् व आश्कारा था कि जब आदम अपनी अश्ग़ाल दस्ती (हाथ के काम, मश्ग़ले) में मशग़ूल होता तो ख़ुदावंद की क़ुदरत की शगूफ़ा कारीयां हर-दम निगाहों के तले हाज़िर रहतीं और इताअत व मुहब्बत और सलामती की तबीयत को मुश्तइल (भड़कता हुआ) करके उस को जोलानी (तेज़ फ़हमी, फिरती) बख़्शें और उस के ख़यालात ख़ुसूसन इस बाग़ की खुशनुमाई के वसीले से इस के ख़ालिक़ व बानी की तरफ़ को सऊद कर के (ऊपर चढ़ना) इसी जानिब को रुजू रहते। इस से साफ़ मालूम होता है कि ख़ुदावंद बनी-आदम की सिर्फ भलाई का ख़्वाहां रहता है और इन्सान मासूम को ख़ुशी व राहत से ऐसा घेरता है जो ना सिर्फ उस की रहमत के ऊपर दाल हो बल्कि सुलूक पिदराना (बाप की मुहब्बत) को हर हाल में आश्कारा करे हत्ता कि इन्सान अपने ख़ालिक़ की तरफ़ सिवा मुहब्बत के और किसी तरह पर निगाह कर भी नहीं सकता और जो कुछ नुक़्स देखता तो उस को अपनी ही ज़ात में पाता और ख़ुदावंद की हम्द में यूं नग़मासराई करता खड़े हो जा और ख़ुदावंद अपने ख़ुदा को अबाद-उल-आबाद तक मुबारक कहो। बल्कि तेरा जलाली नाम-ए-मुबारक हो जो सारी मुबारकबादी और हम्द पर बाला है। तो हाँ तू ही अकेला ख़ुदा है। तू ने आस्मान को और आसमानों के आस्मान को और उनकी सारी ज़मीन को और जो कुछ उनमें है बनाया और तू सभी का पर्वरदिगार है और आसमानों का लश्कर तेरा सज्दा करता है। (नहमियाह 5:5, 9:6)

बाग़-ए-अदन में रखे जाने की इल्लत-ए-ग़ाई

आदम के बाग़-ए-अदन में रखे जाने की इल्लत-ए-ग़ाई (वजह, मक़सद) ये है कि वो बाग़ की हिफ़ाज़त में मशग़ूल रह कर हाथ के साथ अपने दिल को भी सालिम व महफ़ूज़ रखे और बे शग़ली व बेकारी के इम्तिहानात से बच

के अपने मालिक से लो लगाए और उसी की ख़िदमत में शाद व बश्शाश रहे और अपने ख़ालिक़ को फ़रामोश करने की तरफ़ से इत्मीनान में रहे। यूं उस की राह में गुल इत्मीनान बहतेरा दिए गए और सलामती उस का बैरक़ (इल्म) हुआ जैसा कि पाकी उस का सरताज थी।

पर्वरदीगारी इलाही का तेरा सुलूक आदम का साहब शरअ व अख़्लाक़ होना

ख़ुदावंद तआला ने अपनी रहमत की बे पायानी से ना सिर्फ उस की सलामती के लिए सामान ज़ाहिरी ही बहम पहुंचाए कि जिसके बाइस से वो गुमराही से महफ़ूज़ रहे बल्कि उस को इत्मीनान कलबी भी बख़्शा था और जिस दिल को अपनी सूरत की सिफ़त से आरास्ता कर के पैदा किया था इस दल के ऊपर अपनी इंतिज़ाम पर्वर्दिगारी से शराअ अख़्लाक़ी को ऐसे तौर पर मुनक़्क़श कर दिया था कि वो गोया एक क़ायदा ताबेदारी का हो गया जो ख़ुदा की निरी मुहब्बत में मुनासिब मालूम हुआ कि उस की शर्त भी ऐसी तस्लीस तौर के ऊपर क़ायम की जाये कि जिस पर अमल करना आदम कोशाक़ (दुशवार) ना गुज़रे और ना उनको ये कहने का मौक़ा मिले कि तू ने ऐसा सख़्त बार (बोझ) मेरे ऊपर रखा कि इस की बर्दाश्त की मुझमें ताक़त ना थी और ताकि आदम ख़ुशी बख़ुशी और जब दिल से इस के पूरा करने में हमा-तन मसरूफ़ व मशग़ूल रह सके इस से और क्या आसान हो सकता था कि तू ये कर तो ज़िंदा रहेगा और ये बात ज़्यादा-तर आसान इस वजह से थी कि ख़ुदावंद ने उनकी तबीयत को ऐसे अंदाज़ के ऊपर ख़ल्क़ किया था कि उनमें ना सिर्फ ताबेदारी की रग़बत मौजूद थी पर वो ताबेदारी ख़ुद आसान थी क्योंकि वो इसी बात के हासिल करने के लिए मुमिद बनाई गई थी। गो उनमें उस के बरअक्स काम करने की रग़बत की आज़ादी भी मौजूद थी। देखिए ख़ुदावंद की रहमत कि वो इन्सान पर ऐसे बोझ नहीं रखता है जिसका वो

मुतहम्मिल (बर्दाश्त करने वाला) ना हो सके। पर जैसा बाप बेटे के साथ कमाल मुहब्बत और मुलाइमत व नर्मी से पेश आता है वैसा ही ख़ुदावंद भी कमाल मुहब्बत से उस की भलाई के लिए पेश आता है और ऐसी सादा तौर पर उस के साथ मअहद (अह्द करना) होता है कि जिसमें आदम को उज़्र करने का मौक़ा ना मिले और अपनी ना-फ़र्मानी को अपनी ही ज़ाती कम ताक़ती से महसूब (हिसाब किया गया) कर सके ताकि ख़ुदावंद की रास्ती बे-ख़ता रहे और आदम की अपनी ज़ात इस फ़ेअल की वजह से आप उस की इक़तिदार की ताज़ीम की जिहत (कोशिश) से इस्तिमाल में आया यानी उस की ताबेदारी की माहीयत फ़र्ज़दाना थी जो सिर्फ मुहब्बत की राह से कारगर होती और अपने फ़राइज़ की तक्मील में ख़ुश व ख़ुर्रम और शाद व मुतमत्ते रहती है। चूँकि ये उस के लिए एक हालत तबीई थी। कोह-ए-सिना की सी शरोमद उस के ज़हूर के लिए आश्कारा होना मुनासिब ना था। लेकिन जैसा कि बसहूलियत ख़ुदा की रहमत की फ़रावानी से आदम नीस्ती से हस्ती में लाया गया वैसा ही उस के दिल की लहूँ पर आलम ख़ामोशी में ये शरह कुंदा होगी गोया उस की सरिश्त का एक हिस्सा हो गया। इसी वजह से तावक़्त ये कि उस में फ़ुतूर (ख़राबी) ना था तब तक उस की इताअत दिल की हुब्ब से और बोज़अ (वाज़ेह) कामिल ज़हूर में आती रही और इसी अख़्लाक़ी पाकी की वजह से ख़ुदा भी उस के साथ सुकूनत इख़्तियार करना दरेग़ ना रखता था। वो हालत ऐसी ना थी कि जिसमें ये कह सकते कि जिस्मानी मिज़ाज ख़ुदा का दुश्मन है क्योंकि ख़ुदा की शरीअत के ताबेअ नहीं और ना हो सकता है और जो जिस्मानी हैं ख़ुदा को पसंद नहीं आ सकते। (रोमीयों 8:7-8) बल्कि ये वो हालत थी कि जिसकी निस्बत में ख़ुदावंद ने ख़ुद फ़रमाया है कि मेरी ख़ुशी बनी-आदम में थी।

ख़ुदा की पर्वरदीगारी का चौथा सुलूक आदम के साथ मअहद होना

आदम की पैदाइश के हमराह ख़ुदा की पर्वर्दिगारी के सुलूक बाला के शामिल-ए-हाल एक अम्र ये भी ज़हूर में आया कि ख़ुदा जिसको इन्सान की भलाई और ख़ुशनुदी व सलामती मद्द-ए-नज़र थी आदम की ख़ुशी को अफ़ज़ूँ करने के लिए उस के साथ माद हुआ और एक शर्त के साथ आला दर्जे की ज़िंदगी अता करने का वाअदा किया लेकिन यहां शायद ये सवाल किया जाएगा कि अब तक तो आदम ने गुनाह ना किया था चुनान्चे अब तक मर्ग की हक़ीक़त से नावाक़िफ़ थे। पस वो ज़िंदगी के मालिक थे तो फिर ज़िंदगी का अहद करने से क्या मुराद है। इस के जवाब में हम ये कहते हैं कि जो ज़िंदगी आदम को उस वक़्त तक हासिल थी वो सिर्फ़ यक तरफ़ी थी और चूँकि वो इम्तिहानन इस आलम अस्फ़ल में रखे गए थी ज़रूर था कि उन पर इस बात की माहीयत (असलियत) आश्कारा कर दी जाये कि आदम सिर्फ़ बाशिंदाहे ज़मीन ही नहीं पर कि वो साकिन कनआन बाला भी है और कि उनकी जिस्मानी ज़िंदगी इस ज़िंदगी रुहानी व आला का एमाऐ अलामत थी और कि जैसा उनकी हस्ती का कुल ये जिस्म नहीं था वैसा ही उनकी ये ज़िंदगी जिस्मी भी उनकी ज़िंदगी कुल्ली ना थी पर कि रुहानी ज़िंदगी उनकी मीरास ख़ास थी। बदीन नज़र मुनासिब था कि उस की कुल माहीयत और ख़ुदावंद की सलामती व ख़ुशी की बेहद दौलत उस के ऊपर आश्कारा की जाये चुनान्चे इस अहद का मंशा यही था कि वो आप इस बात की माहीयत (असलियत) को समझ रखें कि ख़ुदा ने उनके लिए कैसी अज़ीम नेअमतें अपने पर्वरदीगारी के इंतिज़ाम में मुहय्या की हैं और कि उनके हुसूल के लिए कौन सी तदबीर अमल में लानी ज़रूर है इन वजूहात से इस अहद की ज़रूरत साबित होती है।

इस अह्द की बुनियाद

दूसरी बात जो इस अह्द की ज़िमन में काबिल-ए लिहाज़ के है सो ये है कि इस की बिना किस माहीयत के ऊपर थी। या आया उस की बुनियाद आदम की किसी ज़ाती ख़ूबी के ऊपर थी या आया कि वो सिर्फ़ रज़ा इलाही के ऊपर मबनी थी। इस की बनिस्बत हम ये कहते हैं कि ये माहीयत आदम की ज़ाती ख़ूबी के ऊपर हरगिज़ मबनी नहीं हो सकती थी क्योंकि अगर आदम में ऐसी ख़ूबी होती कि किसी तरह उनके ऊपर इम्तिहान का असर ना हो सकता तो ये उनके लिए गोया कमाल तक पहुंचता होता और इस हालत में उनके साथ अह्द करने की ज़रूरत ना होती अह्द में इस की तक्मील के बरअक्स सिफ़त का पाया जाना मशमूल है। और ना जहान बरअक्स अमल का इर्तिकअब मुम्किन नहीं है वहां वो भी मअनी से ठहरेगा। मसलन फ़रिश्ते जो अब ख़ुदावंद की हुज़ूरी में रहते हैं उनके साथ किसी तरह के अह्द का तज़्किरा पाया नहीं जाता इसलिए कि उनका अपनी असली हालत से बहक जाना मुहाल-ए-मुत्लक़ है तो जब कि ये आश्कारा है कि ये अह्द आदम की ज़ाती ख़ूबी के ऊपर मबनी हैं हो सकता है। तो इस का एक ही जवाब बाक़ी है कि इस की बुनियाद ख़ुदा की बड़ी रहमत के ऊपर मौक़ूफ़ थी। उस को पसंद आया कि अपनी मख़्लूक़ को दो-चंद ज़िंदगी अता करे पस ये दूसरी ज़िंदगी जो कि इस ज़िंदगी अस्फ़ल का सरताज थी उन पर एक अह्द के साथ आश्कारा की गई। और यही सुलूक हम इस ज़माने तक मुशाहिदा करते हैं ऐसा कि हम पौलुस रसूल के क़ौल के मुताबिक़ अपनी ज़बान पर इस तौर का कलिमा ला सकते हैं कि हम जो कुछ हैं सो ख़ुदा ही के फ़ज़्ल से हैं। जो बात कि निज़ाम इंजीली में रास्त साबित हुई है यानी कि उसने अपनी इरादे के मुवाफ़िक़ हमें सच्चाई के कलाम से पैदा किया वग़ैरह। उस को हम आदम के हक़ में भी यूं मुस्तअमल कर सकते हैं कि ख़ुदा ने अपनी ही मर्ज़ी के इरादे

के मुताबिक़ आदम के साथ ये अह्द किया ताकि उस को आस्मान की ख़ुशीयों में मिरास दे।

इस अह्द की माहीयत

ये अह्द जो ख़ुदा ने अपने पर्वरदीगारी के इंतिज़ाम में आदम के साथ बाँधा वजह उस के कि आदम की ताबेदारी के ऊपर मशरूअत था।

अव्वलन :-

अह्द आमाल कहलाता था, जिससे मुराद ये है कि अगर आदम अपने इम्तिहानी ज़माने तक इस काम के करने तक साबित-क़दम रहते जो उनका इस अह्द की ख़ूबीयों और बरकतों में शामिल करने के लिए क़ायम की गई थीं तो आदम इस अह्द के तुफ़ैल से उस अबदी इलाही शादमानी को हासिल करते जो उनको ना सिर्फ सारी ख़ल्क़त के ऊपर शर्फ़ देता बल्कि उनकी शादमानी भी इस दर्जे तक पहुंच जाती जो कि किसी मख़्लूक़ को हरगिज़ हासिल ना हो सकती जैसा कि (1 कुरंथी 2:9) में आया है कि **"ख़ुदा ने अपने प्यार करने वालों के लिए वो चीज़ें तैयार की हैं जो ना आँखों ने देखी ना कानों ने सुनीं और ना आदमी के दिल में आईं।**

द्वेमन :-

वह ज़िंदगी का अह्द भी कहलाता है इस वजह से कि इस अह्द की तक्मील का अंजाम ज़िंदगी होता। वो ना सिर्फ उसी ज़िंदगी की मर्ग अख़्लाक़ी या तिब्बी से नजात पाते बल्कि दूसरी मौत का उनके ऊपर किसी तरह का असर ना होता। यूं उनकी ज़िंदगी दो-चंद होती और कुछ अजब नहीं कि वो इसी आलम अस्फ़ल में अपनी बहिश्त को इस तौर पर पाते कि किसी तरह की या ना-कामिलीयत इस में नज़र ना आती बल्कि ख़ुदावंद उनकी रोशनी और ज़िंदगी का नूर होता और उनकी ख़ुशी और शादमानी अदीमुल्मिसाल (عدیم المثال) होती हाँ वो ख़ुदावंद ही की शादमानी से शाद होते और ज़मीन के साथ

आस्मान यानी बहिश्त को मिला लेते और यहां पर ना सिर्फ ख़ुदा के नायब ही बने रहते बल्कि अव्वल दर्जे की क़ुर्बत (नज़दिकी) ख़ुदा से हासिल करते और अबदी बादशाही में बड़ी इज़्ज़त और जलाल के साथ मीरास पाते ऐसी मीरास जो कि लाज़वाल और ना-आलूदा है और पज़मुर्दा नहीं होती और यूं उनके ईमान की आज़माईश ख़ुदावंद के दिन में तारीफ़ और इज़्ज़त व जलाल के लिए होती।

इस अह्द की शर्त की माहीयत (असलियत)

ख़ुदावंद की इस पर्वरदीगारी के सुलूक की अज़मत इस बात से बख़ूबी आश्कारा होती है कि जैसा इस अह्द से आदम की शादमानी मक़्सूद थी वैसा ही उस की रहमत बेहद में वो अपनी ना-कामलीयत के ऊपर मातम करने की वजह पाए।

इस अह्द की शर्त यानी कामिल ताबेदारी

ये अह्द कामिल ताबेदारी के ऊपर मशरूत था यानी उस की शर्त यही थी कि आदम सिर्फ़ बज़रीये कामिल ताबेदारी के इस अह्द की नेअमतों में शिर्कत हासिल कर सकता था। उमूरात दीनवी में हम ताबेदारी को गोया सलामती की जान पाते हैं। जहान ताबेदारी है वहां अक्सर सर्फ़राज़ी ज़हूर में आती है। और इस की वजह से लोग ज़माना बड़ी बूलंद मर्तबे तक पहुंच गए हैं। सबब उस का ये है कि इस सिफ़त से अजुज़ व इन्किसार और फ़िरोतनी आश्कारा होती है। और जहां ये सिफ़तें तमामन व कमालन पाई जाएं वहां सर्फ़राज़ी का ना होना मुहाल है। चुनान्चे बुज़ुर्गों के हालात पर ग़ौर करने से इस बात की माहीयत (असलियत) बख़ूबी साबित होती है। हज़रत इब्राहिम ने ख़ुदा के हुक्मों की ताबेदारी कर के अपने बेटे को दुबारा अह्द के साथ पाया और यूं उनकी ख़ुशी अफ़्ज़ूँ हुई। हज़रत लुत ने ख़ुदावंद के हुक्मों की ताबेदारी को ग़नीमत समझ के अपनी जान को सदोम की हलाक से बचाया और आपको

सालिम व महफ़ूज़ रखा। हज़रत यूसुफ़ ने ख़ुदावंद के हुक्मों की ताबेदारी से रुगरदानी ना की और नतीजा ये हुआ कि उनको ऐसी सर्फ़राज़ी हासिल हुई कि मर्तबा में फ़िरऔन से सिर्फ एक ही दर्जा कम थी। हज़रत दानयाल और सदरक, मीसक और अबद नजू ने ख़ुदावंद के हुक्मों पर अमल करने से फ़ज़ीलत पर फ़ज़ीलत और ख़ुशनुदी पर ख़ुशनुदी और मर्तबे पर मर्तबा हासिल किया। हमारे ख़ुदावंद की वालिदा मतबर कि अपनी ग़ज़ल में अपनी मुबारकबादी की निस्बत ये कलिमा अपनी ज़बान पर लाएं **"ख़ुदावंद ने अपने बंदे की आजिज़ी पर नज़र की इसलिए देख इस वक़्त से हर ज़माने के लोग मुझको मुबारक कहेंगे।**" जैसा समुएल ने साउल को ताकीद की कि ख़ुदावंद क़ुर्बानी और मेंढों की चर्बी से ख़ुश नहीं पर इस में कि उस का हुक्म माना जाये वैसा ही इस सर्फ़राज़ी की निस्बत जो हज़रत आदम के हक़ में बद नज़र थी उस की शर्त भी ताबेदारी ही ठहराई गई।

इस हुक्म की वुसअत

जो हुक्म कि आदम की ताबेदारी के लिए शर्त ठहराया गया था वो सिर्फ एक ही हुक्म के ऊपर मौक़ूफ़ था यानी कि तवक्कुल बाग़ के दरख़्तों का फल खाना पर इस दरख़्त से जो बाग़ के बीचो बीच है तू इस से ना खाना और ना उसे छूना गो ज़ाहिर में ये हुक्म बहुत ही छोटा था लेकिन इस की बड़ी वुसअत थी और वो आदम की कुल इस्तिदाद (सलाहियत) के ऊपर हावी था। ये भी ख़ुदा के फ़ज़्ल का एक इंतिज़ाम है कि वो छोटी छोटी बातों से बड़े बड़े नतीजे निकालता है ऐसा कि लोग देख के सुकूत (बे-हिस हो जाना) करते और ख़ुदावंद की अज़मत और किब्र या (अज़मत) की शान के लिए दम मारने की जगह नहीं पाते। पस कैसी अफ़्सोस की बात है कि कोई इन छोटे वसीलों को हक़ीर समझे। जो उस की तहक़ीर करता है गोया ख़ुदा की तहक़ीर करता है। इस मुक़ाम पर नोमान सूर्यानी का हाल याद आता है कि जब उसने बंदा ख़ुदा

की ज़बानी ये कलिमा सुना कि **"जा और यर्दन में सात ग़ोते लगा तो तू साफ़ हो जाएगा।**" वो रंजीदा होके लौटा जाता था। पर जब अपनी खादिमों की तहरीक से इस सादा हुक्म की तामील की तो कैसी अज़ीम शिफ़ा पाई कि वैसी ना सुनी गई थी ना देखने में आई थी। अफ़्सोस कि आदम से भी इस सादा हुक्म की तामील ना हो सकी और उस की तहदीद (धमकी) ने भी उन के ऊपर असर ना किया। हुक्म तो छोटा था पर अगर उस की इल्लत-ए-ग़ाई की तरफ़ लिहाज़ किया जाये तो कैसा अज़ीम नतीजा इस से निकलना मतलुब था और जब उस के नुक़्सान के ऊपर लिहाज़ किया जाता है। तो इस नुक़्सान की अज़मत का कौन बशर बयान कर सकता है। जितनी बरकतें उस की तक्मील पर मबनी थीं उतनी ही बल्कि इस से भी ज़्यादा लानतें उस की ना-फ़र्मानी से सादिर हुईं और दुनिया आज तक इस ना-फ़र्मानी के नतीजे के तले दबी हुई आहें और चीख़ें मारती है ह्त्ता कि अगर ख़ुदा ही अपनी रहमत की बे पाया नी से नजात के लिए एक नई और ज़िंदा व मोअस्सर राह ना निकालता तो इन्सान की बर्बादी में बाक़ी क्या रह गया था और इस का और इस की औलाद दोनों का काम तमाम था अपनी हासिद (ह्सद करने वाला) और बर्गशता सरदार के साथ वह अबदी तारीकी में पड़े रहते और उसी की मानिंद उनकी ईज़ा भी हरगिज़ कम ना हुई।

इस हुक्म की ज़बूनी की बुनियाद

अक़्ल-ए-सलीम इस बात को क़ुबूल नहीं कर सकती है कि इस दरख़्त में कोई ऐसी ज़ाती बुराई थी कि जिसके सबब से इस का खाना बाइस गुनाह का हुआ क्योंकि ये अम्र कलाम की माहीयत के बरअक्स होगा। लिखा है कि ख़ुदा ने जब अपनी बनाई हुई ख़ल्क़त पर निगाह की तो कहा कि सब अच्छा है ख़ुदा तआला की पाक ज़ात का तक़ाज़ा भी ऐसा है कि ऐसी ना-कामलीयत के ख़्याल का मानेअ (मना किया गया) होता है। पस इस ख़्याल से हम इस

अम्र की सदाक़त का इल्म हासिल कर सकते हैं और ये नतीजा निकाल सकते हैं कि उस दरख़्त में या उस के फल में बिलज़ात किसी तरह की बुराई ना थी बल्कि हम ये कह सकते हैं कि ये दरख़्त किसी ख़ास और बड़े मक़्सद से ना आदम के बिगाड़ ने बल्कि उस को सधाने के लिए इस ख़ुशनुमा बाग़ में जिसमें किसी नूअ की ज़बोनेत (ख़राबी) ना थी रखा गया था। और अगर आदम अपने अय्याम इम्तिहान को सलामती के साथ तै करते तो यक़ीन है कि ये दरख़्त भी मिस्ल और दरख़्तों की उनकी सलामती में मुमिद होता और यूं वो ख़ुदा की बुज़ुर्गी का वसीला हो जाता। हुक्म था कि इस का फल ना खाना। पस यही मुमानिअत थी जिसकी अदमे तामील उनके लिए गुनाह मह्सूब हुआ यानी गो फल का खाना मना था पर गुनाह इस हुक्म के टालने में था ना कि पहल में। ख़ुदा ने हज़ार-हा नेअमतें आदम को दी थीं और उनसे सिर्फ एक का तारिक (तर्क करने वाला) होना तलब किया था पस ऐसी हालत में कौन कहेगा कि ख़ुदा ने एक एक बुरी चीज़ को बना के आदम के आगे इम्तिहानन पेश किया। चुनान्चे कलाम में आदम की ना-फ़र्मानी ही का ज़िक्र उस बड़ी आफ़त के ज़िमन में हुआ है। **और यूं लिखा है कि एक की ना-फ़र्मानी से ना कि फल के खाने से बहुत गुनाहगार हुए।**

इस अह्द के क़ियाम की तह्दीद

जो अह्द ख़ुदा ने आदम के साथ किया था इस को संजीदगी बख़्शी और इस में इक़ामत (क़ियाम) के लिए इश्तिआला (शोला उठाना, जोश) देने की ग़रज़ से ये अह्द एक तह्दीद (धमकी) के साथ क़ायम किया गया। और ख़ुदावंद ख़ुदा ने आदम को हुक्म देकर कहा कि तू बाग़ के हर दरख़्त का फल खाना लेकिन नेक व बद की पहचान के दरख़्त से ना खाना क्योंकि जिस दिन तू इस से खाएगा तू मरेगा। जिस अह्द में संजीदगी ना हो वो अह्द फ़ुज़ूल है और जहां तह्दीद नहीं वहां संजीदगी नहीं और ख़ुदा का अह्द बग़ैर संजीदगी

के मुहाल है। जहां अह्द में संजीदगी की तहदीद नहीं वहां उस अह्द की तक्मील में इश्तिआला क्योंकर हो सकता है। लिहाज़ा ज़रूर था कि ये अह्द इस अंदाज़ के ऊपर बाँधा जाये कि इस पर क़ायम रहने और इस की शरात (शर्त) के पूरा करने के लिए इस में रग़बत व मीलान हो। इतनी बड़ी और सख़्त तहदीद के बावजूद आदम ने इस पर लिहाज़ ही ना किया तो अगर ये अह्द बिला तहदीद होता तो क्या हाल होता। अग़लब (यक़ीनी, मुम्किन) है कि जितने दिन वो अपनी मासूमियत में क़ायम रहे इतने दिन भी क़ायम रहना दुशवार होता। इस से हम ये नतीजा निकालते हैं कि ख़ुदा ने आदम की बेहतरीन भलाई को मद्द-ए-नज़र रखकर ऐसी संजीदगी के साथ आदम से अह्द किया कि जिसके ऊपर लिहाज़ कर के आदम अपने इम्तिहान को ख़ुदावंद के ख़ौफ़ के साथ पूरा करने के लिए हिदायत व तहरीक पाए।

ख़ातिम-उल-कलाम

यूं हम देखते हैं कि आदम के साथ जिस हाल में कि वो पैदा हुए थे निरी रहमत को काम में ला के और उनकी बेहतरीन भलाई को मद्द-ए-नज़र रख के ख़ुदावंद तआला ने महज़ अपनी मर्ज़ी के नेक मश्धरे और इरादे के मुताबिक़ उनको ज़िंदगी की बरकतों में हिस्सा देने के लिए अपनी पर्वर्दिगारी के इंतिज़ाम में अपनी रहमत के उम्दा तरीन सुलूक से उनके साथ पेश आया। बार-ए-ख़ुदा या तेरी रहमतें कैसी गौना गों (रंग-बिरंगी) हैं और तेरी लतीफ़ रहमतें तेरी सारी ख़ल्क़त के ऊपर हैं और तेरे सारे काम हिक्मत के साथ हैं काश कि लोग ख़ुदावंद के जलील (अज़ीम) कामों के सबब उस की मदह-सराई करते और नजात के नग़मों से उसे घेरते तो उनकी सलामती दरिया की मानिंद बेहती और उनकी इक़्बालमंदी बेहद होती।

ऐ लोगों ख़ुदावंद के नाम की सताइश करो कि उस का नाम अकेला आलीशान है। उसी का जलाल ज़मीन और आस्मान पर मुक़द्दम है। वही अपने

लोगों के सींग को बुलंद करता है ये उस के पाक लोगों की इस क़ौम की जो उस से नज़्दीक है शौकत है। (ज़बूर 148:14)

पांचवां बाब

आदम की बर्गशतगी और उनके जुर्म की सक़ालत का तज़्किरा

आदम की बर्गशतगी

ये निहायत ही तास्सुफ़ (अफ़्सोस) का मुक़ाम है कि आदम ने अपनी इस आज़ादी की हालत की जिसमें ख़ुदा ने अपनी पर्वर्दिगारी के इंतिज़ाम से उनको रखा था क़द्र ना की और ना उस को ग़नीमत समझा पर अपने दामन-ए-सब्र को हाथ से छोड़कर इस आज़ादी की हालत में फ़ुतूर डाला बल्कि उस के साथ अपनी नक़द-ए-जान को भी ज़ाए व बर्बाद कर डाला और जिस रूह को ख़ुदावंद तआला ने अपने मुसाहबत (हमनशीनी) से मुशर्रफ़ (मुअज़्ज़िज़) किया था इस को उस की रिफ़ाक़त से जुदा कर के मौरिद-ए-इताब (ग़ुस्सा या कहर के ठहरने की जगह) बनाया। उनके इम्तिहान के लिए अग़्लब (यक़ीनी, मुम्किन) है कि थोड़ी ही रोज़ मुक़र्रर किए गए थे पर इस क़लील अर्से तक भी उनसे सब्र ना हो सका और जल्द-बाज़ी कर के अपनी हालत से गिर गए और अपनी रास्ती से बहक गए। बुरे वक़्त में हज़रत ने अपने हम-जलीस (पास बैठने उठने वाला) व हमदम ज़ौजा (बीवी) माशूक़ा के हाथ से इस समर (फल) मम्नूआ को लेकर खाया और आपको मअ अपनी औलाद के तबाह कर डाला जब हुक्म टूटा तो कुल ख़ूबीयों की गिरहें खुल गईं और वो जादा (रास्ता, तरीक़ा) उल्फ़त भी जिससे हज़रत आदम ख़ुदा के साथ बंधे है खुल गया और कुल अक़्दह (क़ौल व क़रार) बे अक़्दह हो गया। यूं गुनाह का सब्ज़ और मनहूस व तबाह करने वाला क़दम इस दुनिया में आया और साथ उस के जितनी आफ़तें इस में मशमूल (शामिल) थीं सब ज़हूर में आईं और ये ज़मीन

जो बहिश्त-ए-बरीँ का नमूना थी एक वीराना ख़ार-दार बन गई। और बाग़-ए-अदन की ख़ुशीयों से ख़ारिज किए जा के ख़ुदा की हुज़ूरी की ख़ुशीयों से भी दूर और उस की रिफ़ाक़त से महरूम कर दीए गए।

इस बर्गशतगी का इल्ज़ाम ख़ुद आदम ही के ऊपर आइद होता है

जानना चाहीए कि जिस हालत में ख़ुदा ने आदम को पैदा किया था इस हाल में उनको वो सारी सिफ़तें जो उनकी ख़ुशी की हालत में क़ायम रखने के लिए अता कर दी गईं थीं उनकी समझ बख़ूबी रोशन और मुनव्वर थी इस में किसी तरह का नुक़्स ना था जिसके बाइस से इस फ़ेअल के मुर्तक़िब होने में उनके लिए हीला होता और वो ख़ुद अपनी इस हालत से बख़ूबी वाक़िफ़ थे ऐसा कि वो ला-इल्मी का हीला या उज़्र पेश ना कर सकते थे। उनको मर्ज़ी की आज़ादी और नेकी के मीलान की ताक़त भी इनायत हुई थी। चुनान्चे इस मर्ज़ी को बिगाड़ना और इस की आज़ादी को ख़फ़ीफ़ (कम, थोड़ा) समझना उनका अपना ही काम था क्योंकि बावजूद उस के कि उनको बरअक्स काम के करने का इख़्तियार भी हासिल था ताहम उनकी तबीयत ऐसे अंदाज़ पर बनाई गई थी कि उनको नेकी की रग़बत की तरफ़ ज़्यादा-तर मेल था और इस हालत में क़ायम रहने की ताक़त भी मौजूद थी और आज़ादी के ये मअनी नहीं हैं कि हमेशा बरअक्स काम करने में मुतहर्रिक हो।

इस इल्ज़ाम की वजह

फिर आदम को दिली और बेदाग़ पाकी भी हासिल थी और ये एक ऐसी हालत थी जो बरअक्स काम कर के इस पाकी में धब्बा लगाने से रोकती थी। अगर इस से ये नतीजा ना निकल सकता तो वो सिफ़त ला-हासिल होती और गोया ख़ुदा के ऊपर हर्फ़ आता। ये पाकी उनके लिए एहमीय्यत की हामिल थी

कि जिसके बाइस से वो अपनी मीरास और अपने इस्तिहक़ाक़ (कानूनी हक़) के क़ायम रखने के लिए इश्तिआल (जोश) और तक़वियत हासिल कर सकते थे। अगर इस कलाम के माहीयत के ऊपर कि खुदा ने इन्सान को रास्त बनाया। बग़ौर मुलाहिज़ा किया जाये तो साफ़ मालूम हो जाएगा कि ख़ुदा ने अपनी रहमत से सारे सामान ऐसे अंदाज़ पर आदम को अता किए थे कि जो उनके ईमान की इस्तिक़ामत के लिए मुमिद व मुआवन थे और अगर एक बरअक्स काम की तरफ़ रुजू करने की लो (लगन) उनमें पाई जा सकती थी तो बीसियों तहरीकें उनको रास्ती की मीलान अता करने के लिए मौजूद थीं। जो आदम को फ़रमांबर्दारी की हालत में पाएदारी बख़्शने के लिए बहमा वजूह (वजूहात के साथ) कारगर और बे-ख़ता इश्तिआली थे यूं इतनी रोशनी के ख़िलाफ़ हुक्मउदूली करने में आदम अज़ ख़ुद मुल्ज़िम होते हैं। और गो उन्होंने उसे टाल देना चाहा मगर वो कब टलता था और सिवा सुकूत के कुछ चारा ना था।

आदम का बहकाने या वरग़लाने वाला

पर बावजूद ये कि इस ना-फ़र्मानी का इल्ज़ाम ख़ुद हमारे वालदैन की तरफ़ आइद होता है। लेकिन ये भी काबिल याद रखने के है कि ये ख़्वाहिश उनकी अपनी ज़ाती ख़्वाहिश ना थी पर एक और ही इश्तिआला देने वाला था जिसने ऐसे अंदाज़ के साथ इस अम्र के इंतिज़ाम की निस्बत अपनी कीनाकशी (दुश्मनी रखने वाला) से तहरीक की और गो वो हासिद साँप की सूरत में नज़र आया लेकिन वो आप किसी ज़माने में एक आला दर्जा हस्ती था कि जिसके दिल में किब्र (ग़रूर, घमंड) दाख़िल हुआ और अपनी असली ख़ुशी और बरकत की हालत में रहना पसंद ना कर के अपनी हालत को बेहतर बनाने की नीयत से अपने ख़ालिक़ व आक़ाए बुज़ुर्ग व बरतर से हमसरी (बराबरी) करने का मुतक़ाज़ी (तक़ाज़ा करने वाला) हुआ और जब अपनी शरारत का ये

मज़ा चखा कि मुर्द लईन (लानत का चशमा) हुआ। तब अपनी ना-उम्मीदी के दर्मियान में से बैठे-बैठे ख़ुदा की ख़ल्क़त के इस हिस्से की सैर करता हुआ उस को ख़राब करने के लिए बुरे मक़्सद से ममलू (लबरेज़) हो कर इस बाग़ की तरफ़ को निकल आया और इस जोड़े की आस्मानी ख़ुशी का मंज़र उस के जी पर खटका और अपने पर फ़ित्रा दिल से ये चाहा कि अगर किसी हिक्मत से ये मासूम ख़ल्क़त मेरे साथ ना-फ़र्मानी में शरीक हो तो मेरा मतलब बख़ूबी निकलेगा और ख़ुदा की ख़ल्क़त के बेहतरीन हिस्से में फ़ुतूर (ख़राबी) बरपा होने से में अपने कीनाकश नैश अक़्रब (बिच्छू का डंग, दुश्मन की शरारत) को काम में ला के इस पर ग़ालिब आने में गोया ख़ुदा ही पर ग़ालिब आऊँगा। यूं इस मक़्सद के भर लाने की नीयत से सोचते सोचते साँप को अपने मतलब के लिए चुस्त, चालाक, फ़रेबी अलिफ़ व र्मतज़ी देखकर उस के जिस्म के अंदर दाख़िल हुआ और आपको इस सूरत के पर्दे में इस दरख़्त मम्नूआ के तले पहुंचाया जहां कि बहस्ब इत्तिफ़ाक़ हव्वा उस वक़्त अपने यार हमदम से अलैहदा होके मौजूद थीं।

इस मुम्तहिन की उज्लत (जल्दबाजी) और इस का सबब

जैसे ही शैतान ने उनकी मासूमियत और ख़ुशहाली को देखा तो फ़ौरन उसने अपने दाम के बिछाने की तदबीर की और इस में देर करना बईद अज़ मस्लिहत समझा। और जो ही उस को पहला ही मौक़ा मिला वो अपने तीर के चलाने और ज़हर-ए-हलाहल (मोहलिक ज़हर, ज़हर-ए-क़ातिल) की तासीर के फैलाने के ऊपर आमादा हुआ और अपनी फ़ितरत को बड़े ही चालाकी और फुर्ती के साथ काम में ला के हमारी इन वालदैन को मजरूह (ज़ख़्मी) किया। वो ऐसा ही फ़ितरती और शरीर है कि मौक़ा पा कर चूकता है।

इस की वजहीन हव्वा की तन्हाई

अगर कोई पूछे कि शैतान ने इतनी उज्लत (जल्दबाजी) (जल्दी, शताबी) क्यों की, तो उस के जवाब में अव्वलन मैं ये कहता हूँ कि हव्वा की तन्हाई को उसने ग़नीमत समझा। उसने ये दर्याफ़्त कर लिया कि इस में आदम की सी दिलेरी और मुस्तइद्दी (कमरबस्ता, होशयार) नहीं है इसलिए जब तक वो इस से अलग है तब तक इस पर ग़ालिब आने की हर तरह से उम्मीद होगी। इस की फ़ित्रत ने आदम की कमज़ोरी की ख़ास हालत को उस के ऊपर आश्कारा कर दिया और जैसा कि जब दुश्मन अपने मुख़ालिफ़ को ग़ाफ़िल और तन्हा पाता है तब इस पर ग़ालिब आने के ख़्याल से फ़ौरन उस पर अपना हमला करने से बाज़ नहीं आता वैसा ही उसने अपने इस मौक़े को ग़नीमत समझ के देरी ना की पर बिला-तामिल (बग़ैर सोचे, बग़ैर वक़्फ़ा के) अपना हाथ साफ़ किया और उस के ग़लबे से हम उस की होशयारी और फ़ित्रती व कीनाकश तबीयत को जोलानी (तेज़ फ़हमी, फुर्ती) को साफ़ साफ़ देख सकते हैं। जैसा उस रोज़ ये साहिबे फ़ित्रत अपने मौक़े को ग़नीमत समझ कर अपना काम कर गया वैसा ही आज के दिन तक करता है। जब तक इन्सान ख़ुदा की क़ुव्वत-ए-बाज़ू के ज़ेर-ए-साया ज़िंदगी बसर करता है और उस की सोहबत से अलग होना पसंद नहीं करता है बल्कि रोज़ा और नमाज़ व दुआ और ज़ारी और हम्द तारीफ़ के ज़रीये से अपने ख़ुदावंद का तालिब रहता है तब शैतान दूर दूर रहता है लेकिन जब इन्सान उन फ़ज़्ल के वसीलों से किनारा-कशी करता है और ख़ुदावंद की क़ुव्वत-ए-बाज़ू पर भरोसा करने से पहलू-तही करता है। तब शैतान को मौक़ा मिलता है और इन्सान इस शेर गिराँ (दहाड़ते हुए शेर) का सैद (शिकार) होता है। इस मुक़द्दमे में हमको बेदारी बख़्शने के लिए कलाम में ये नसीहत आई है कि **शैतान को दिल में जगह ना दो उस का मुक़ाबला करो तो वो भाग निकलेगा।**

हव्वा का पहले गुनाह में फँसना

शैतान ने यूं मौक़ा पाके हव्वा के ऊपर जो अपना दाम छोड़ा और मीठी मीठी बातों से उस के दिल को फ़रेफ़्ता कर लिया तो नतीजा ये हुआ कि उनमें उस के मुक़ाबले की सकत ना रही। उनकी निगाह उन मुझआवेजां (पलकों पर) की खुशनुमाई के ऊपर घड़ गई इस दरख़्त ने उनको दीवाना कर दिया और वो अपनी हद एतिदाल से बाहर हो गईं। वो इम्तिहान उनकी हद से ज़्यादा हो गया उनके हौसले ने तबीयत में आग लगाई। देखो उनका हाथ बढ़ता है इस शजर (दरख़्त) का समर (फल) उनको ख़ुशगवार मालूम होता है। वो टूट के उनके हाथ तक पहुंचा है। वो उनके होंटों से क्या लगता है, कि गोया क़ियामत बरपा होती है। और एक आन की आन में (ज़रा सी देर में) काम तमाम होता है। काश उस वक़्त तक भी उनको होश आता लेकिन हाल बेहाल था। सिवा होसले और ज़्यादा जलाल और बुज़ुर्गी के ख़्याल के सब कुछ निगाह से गिरा हुआ था। जिस तरह कि भूका ग़लबा इशतिहा (ख़्वाहिश, भूक) से खाने के ऊपर टूटता है वैसा ही उनको यही एक मुँह मार लेने का इश्तिहाला (जोश) मिलता है। ये इश्तिआला तो क्या था कि गोया सम (ज़हर) अफ़ई का फैलना था। उसने उनकी रग-रग और बंद बंद में बल्कि उनकी कुल इन्सानियत में सरायत की (जज़्ब हो जाना, रच जाना) और यूं पियाला नामूस (शर्म, इज़्ज़त) का पाश पाश हुआ तब तो आँखें खोलीं लेकिन अब क्या था बंदा तो अपना मतलब कर के चल ही दिया था। अब सिवा हसरत के और कुछ बाक़ी ना रह गया। अब सिर्फ एक ही बात रह गई थी कि उनका हमदम व हमराज़ भी उनकी हम्दर्दी के लिए उनकी मुसीबत में उनका साथ देता सो वो भी बर आया वो इस फल को लिए हुए अपनी शौहर के पास आईं। हज़रत आदम ने भी इस वजह के शायद उनको अपने हम-जिंस का रंज-ए-जुदाई गवारा ना था या कि और किसी वजह से मुतलक़ इस्तिफ़सार (पूछ गुछ) ना किया और ना ये सोचा कि इस समर ममनूआ की कहानी से क्या कुछ सितम ना बरपा

होगा। हज़रत ने भी अपनी माशूक़ा के हाथ से लेकर उस को खा तो लिया। वो क़ियामत यक नशद व दशद दोनों की दोनों बिगड़ी। तब तो एक और ही मंज़र पेश आया। सब कुछ तह व बाला हो गया तिलस्म टूट गया आँखें खुल गईं छक्के छूट गए। क्या था क्या हो गया चले थे बनने को बेहतर और जलाली। हो गए बदतर और नारी। जहन्नम ने मुँह खोल दिया और उनके ख़ून का प्यासा उनके इश्तियाक़ में बैठा। क़ब्र ने भी मुँह फैलाया और अपनी ग़िज़ा तलब की बमूजब इस इर्शाद के कि **"जिस दिन तू उसे खाएगा तो मरते मरेगा।**ऐ यारो अब तो मंज़र दगरगूँ (मुख़्तलिफ़) हो गया। ये आलम सब्ज़ा-ज़ार वादी मर्ग ज़ार (मौत की वादी) हुआ उस की खुशनुमाई के बदले में जान वबाल में पड़ गई। तन उर्यानी (नंगे बदन) का लिबास बेदाग ख़ुश्क होने वाली पत्तियों के मलबूस से बदल गया। ख़ुदा की रिफ़ाक़त दूर हो गई और उस की शीरीं (मीठी) आवाज़ ख़ौफ़ का मादिन बन गई।

आदम का इस फल के खाने की हमाक़त

गो ये बात दुरुस्त है कि शैतान ने अपना तीर हवा के ऊपर चलाना मुनासिब समझा और उन का अपने ख़ालिक़ की इताअत से मुनहरिफ़ करवाया पर आदम का उनकी ख़ता में शरीक होना बड़ी हमाक़त की बात थी। उनकी तबीयत में तो ज़्यादा-तर इस्तिक़लाल था पस हज़रत ने बेताम्मुल ऐसा काम क्यों किया? क्या उनको इस फल की शनाख़्त ना थी? मुम्किन था कि हज़रत इस बात से नावाक़िफ़ होते क्योंकि वो तो हर रोज़ इस को देखते थे और अज़-बस कि उनकी पहचान कामिल थी उनसे ख़ता का होना और अपनी बीबी के साथ अपने ख़ालिक़ की ना-फ़र्मानी में शरीक होना ना सिर्फ उनकी हमाक़त को ज़ाहिर करता है बल्कि उनके जुर्म को भी सख़्त-तर बना देता है यूं हर-चंद कि आँहज़रत ने अपनी माअज़िरत में ये कहा कि इस औरत ने जिसे तू ने मेरे साथ कर दिया मुझे इस दरख़्त से दिया और मैंने खाया ताहम ये उज़्र

ऐसा ना था कि जिसके बाइस वो सज़ा से बरी हो सकते। चुनान्चे जब उनकी सज़ा का हुक्मनामा उन को सुनाया गया तो उनको इस बात के कहने की जुर्अत ना हुई कि मैं इस अम्र में बेक़सूर हूँ। हज़रत ने क़सदन और दीदा व दानिस्ता अपने को बला में फंसाया और अब कोई चारा उनकी हमाक़त का बाक़ी ना रहा बजुज़ इस के कि वो अपनी ख़ताकारी के तले सुकूत करते और अपने किए का फल पाते। अगर आदम अपनी ज़ौजा (बीवी) दिल बंद व जिगर पैवंद की आवाज़ के शुन्वा होने के एवज़ में बमूजब अपने फ़र्ज़ के अपनी ख़ालिक़ की आवाज़ कर शुन्वा होते और अपने दिल में ये अह्द करते कि जो हो सो हो मैं अपने ख़ुदावंद के हुक्म से हरगिज़ तजावुज़ ना करूँगा। और अपने और अपने ख़ालिक़ के दर्मियान में किसी शैय को वो कैसी ही अज़ीज़ क्यों ना हो मुन्फ़सिल (अलैहदा किया हुआ) करने या ख़लल-अंदाज़ होने ना दूँगा तो किस लिए इस बला में मुब्तला होते और उन्होंने कहीं ऐसा नहीं फ़रमाया कि मैंने ला-इल्मी से ये काम किया। शर्त इताअत थी। आदम ने इस शर्त को किसी वजह से क्यों ना हो उदूल किया। और यूं ना सिर्फ हव्वा की ना-फ़र्मानी में शरीक हुए पर आप भी फ़ीनफ़्स (ख़्वाहिश) ना-फ़र्मानी के मुर्तक़िब होने में अपनी हमाक़त और क़सूरवारी दोनों को बख़ूबी अयाँ व आश्कारा कर दिया।

उनके जुर्म की सक़ालत

इस ना-फ़र्मानी की ख़ता में कई वजूहात ऐसी थीं कि जिनके बाइस से आदम ना सिर्फ कसुरवार ठहरे लेकिन उनका जुर्म निहायत ही शदीद और संगीन व सक़ील (नाक़ाबिल हज़म, भारी) हो गया।

इस सक़ालत के दर्जा अव्वल

उनके जुर्म की सक़ालत (भारीपन) की वजह ये थी कि वो एक ऐसी जगह में सरज़द हुआ कि जहां सब सामान इताअत और ताबेदारी की तबीयत

के पैदा करने में मुमिद थे। फ़ज़्ल जिस क़द्र ज़्यादा होता है। इसी क़द्र जवाबदेही भी ज़्यादा होती है। चुनान्चे ये बात हमेशा देखने में आती है कि जब किसी बे-हक़ीक़त शख़्स से कोई बेजा हरकत सादिर हो जाती है तो लोगों को चंदाँ उस का ख़्याल भी होता है क्योंकि वो ये सोचते हैं कि अबला (नादान) से किसी फेअले नाशाइस्ता का ज़ाहिर होना उस की ज़ात और हालत से बईद नहीं हो सकता है। और कि शायद बे सामानी की वजह से इस को इश्तिआला हुआ हो। लेकिन जिस क़द्र आदमी साहिबे इज़्ज़त व तौफ़ीक़ और अहले मर्तबत हो उसी क़द्र उस की बेवफाई लोगों को शाक़ (दुशवार, दूभर) गुज़रती है और इस को सज़ा भी अक्सर शदीद दी जाती है ताकि औरों के लिए इबरत हो। इसी तौर पर जब आँहज़रत के पास और उनके सामने हर तरह के सामान ख़ुशी व शादमानी और इताअत की तहरीक पैदा करने के लिए मौजूद और ममदू मुआविन थे तो उनकी ना-फ़र्मानी गोया इन सारे मुआमलों को पामाल कर के अपनी तबीयत की ख़राबी को उनके ऊपर फ़ौक़ियत देती थी। तो क्या ऐसी हालत में उनका जुर्म हल्का मुतसव्वर हो सकता है। पस क़सदन ख़्वाह इम्तिहानन एक ममनू अम्र का करना जिसमें ख़ुदा की किब्रियाई (अज़मत) ज़लील व ख़फ़ीफ़ होती थी। उनके जुर्म की सख़्ती को हद दर्जे तक आश्कारा करती और उनको सज़ावार अज़ाब बना देती है। ख़ुदा का हुक्म मानना उनका फ़र्ज़ अव्वल और एक उम्र-भर का काम था और उस की भी एन ख़ुशी इसी बात में थी कि मेरा हुक्म माना जाये और इसी ग़रज़ से ये हुक्म सादिर भी फ़रमाया गया था। ख़ुदा का हुक्म मानना मैंढो की फ़र्बा चिकनाई की क़ुर्बानी गुज़राने से बेहतर है। और उस से ग़ाफ़िल रहना या उसे मुनहरिफ़ होना सख़्त तरीन जुर्म है और कोई उज़्र उस के मुआवज़े में ना पेश आ सकता है। ना क़ाबिल पज़ीराई के हो सकता है। हमारे मुबारक मुंजी ने भी इस मुक़द्दमे में ख़ुद अपनी ज़बान मुबारक से ये इर्शाद फ़रमाया है कि वो नौकर जिसने अपने आक़ा की मर्ज़ी जानने पर अपने तईं तैयार ना रखा और उनकी मर्ज़ी के

मुवाफ़िक़ ना किया बहुत मार खाएगा। पर जिसने ना जाना और मार खाने का काम किया थोड़ी मार खाएगा। सो जिसे बहुत दिया गया है उस से बहुत हिसाब लेंगे और जिसे बहुत ज़्यादा सौंपा गया है उस से ज़्यादा माँगेंगे (लूक़ा 12:47- 48)

इस सक़ालत की वजह दोम

आदम का जुर्म इस वजह से संगीन और शदीद हो गया कि वो ख़ुदा के जलील (अज़ीम) हुज़ूरी के बरअक्स सरज़द हुआ। वो तो सारी ख़ुशी और सलामती व बरकत बल्कि जितनी चीज़ें कि काबिले पसंद या ख़्वाहिश के हैं सब का चशमा मम्लूद व अफ़र है तो पस कौन सी बात ऐसी थी कि जो आदम के लिए उस के चशमा फ़ैज़ या गंजीना (ख़ज़ाना) मुहब्बत में ना थी। लिहाज़ा इस सूरत में ना-फ़र्मानी करना गोया उस की जनाब जलील (अज़ीम) की तहक़ीर करना। और उस से आसूदा ना हो कर एक दूसरे को जो उस की क़ाबिलीयत नहीं रखा क़ुबूल करना था। ख़ुदा के कलाम के ऊपर शक करना जिसकी रहमत और मुहब्बत और शफ़क़त और शान व किब्रियाई की अलामत से दुनिया पर थी और एक मख़्लूक़ की बात को मानना गो फ़रिश्ता ही सही गोया ख़ुदा के फ़रमान को ज़लील व ख़फ़ीफ़ करना था। और अज़बस कि आदम को इस की पहचान हासिल थी और वो अपने ख़ालिक़ की सिफ़तों से बख़ूबी आगाह थे कोई वजह ऐसी ना थी कि जिससे वो किसी दूसरे के कलाम को उस क़ादिर-ए-मुतलक़ व तसल्ली दह के कलाम के ऊपर फ़ौक़ियत देने और इस ख़ुशी के इलावा जो ख़ुदा के दीदार और उस की सोहबत से उनको हासिल थी किसी दूसरी तरफ़ से अपनी ख़ुशी को अफ़ज़ूँ करने या अपनी राज़ जोई बेग़र्ज़ से रुजू करने की रग़बत व ख़्वाहिश रखते। ऐसी रहीम व करीम बरकतों के दाता से रुगिरदानी करना महज़ हमाक़त को आश्कारा करना था और दूसरे की आवाज़ का शुन्वा होना ऐन नाशुक्री थी क्योंकि नेअमतों का

बख़्शने वाला ख़ुदा ही था शैतान से कब कोई फ़ायदे की बात या सलामती की हक़ीक़त उनके साथ आ सकती थी। हुक्म ख़ुदा का था और उस के हुक्म को ना मानना उस की अज़मत और बुज़ुर्गी व जनाब जलील के बरअक्स ख़ता करना था। इस से ज़्यादा सक़ालत और क्या हो सकती है।

इस सक़ालत की वजह सोम

आदम का जुर्म इस वजह से भी सक़ील हो गया कि आँहज़रत ने ना सिर्फ अपने ही को बर्बाद व तबाह कर के ख़ुदकुशी की बल्कि वो अह्द सिर्फ उन्हीं के लिए नहीं बल्कि उनकी औलाद के लिए भी उन्हीं के साथ बाँधा गया था इस अह्द शिकनी के बाइस से उन्होंने अपनी औलाद को भी जो अब तक उनके सल्ब में मख़्फ़ी (छिपी) थी बर्बाद किया और ख़ुदकुशी के साथ अपनी औलाद कुशी की सख़्त-तर जुर्म के भी मुर्तक़िब हुए। जिस हाल में कि ख़ुदा ने आँहज़रत के तईं एक अमानत सौंपी थी तो इस हाल में अगर अपना ख़्याल ना करते तो चाहीए था कि उनके आने वाली औलाद का ख़्याल उनको इस नामुनासिब फ़ेअल की तरफ़ से रोकने के लिए इश्तिआला और तहरीक देता और उनको ज़्यादा-तर एहतियात की तरफ़ रुजूअ करता। लेकिन इस हुक्म की ना-फ़र्मानी से गोया कि उन्होंने अमानत में ख़ियानत की और इस शराअ अख़्लाक़ी को जो उनके दिल के ऊपर लिख दी गई थी बिल्कुल महो (गायब) कर दिया और अपनी औलाद के सदूर से पेशतर उनके पांव पर कुल्हाड़ी मारी और अपने साथ उनको भी शैतान का मुतीअ और मग़ज़ूब इलाही (जिस पर खुदा का ग़ुस्सा हो) बना दिया। पस इस में उनकी कैसी नादानी ज़ाहिर होती है।

इस सक़ालत की वजह चहारुम

आदम के जुर्म की संगीनी की वजह ये थी कि उनका ये काम उनकी मर्ज़ी की आज़ादी के साथ किया गया था। ख़ुदा ने अपनी बड़ी रहमत से उनको

इस बात की निस्बत ये हिदायत कर दी थी कि इस फल से ना खाना वरना तुम्हारी सज़ा निहायत ही सख़्त होगी लेकिन इस ताकिद की तरफ़ से अपने कान को बंद कर के गोया ख़ुदा की याद की सदाक़त का इम्तिहान करना चाहा। शैतान तो सिर्फ इस अम्र कि निस्बत तर्ग़ीब दे सकता था। पर जबरन उस के दिल के ऊपर ग़ालिब ना आ सकता था ऐसी हालत में उनका शैतान की बातों का शुन्वा होना या हव्वा की ख़िलाफ़ बातों के ऊपर अमल करना महज़ उनके अपनी ही तबीयत से था। चाहीए था कि उनका ये ख़्याल होता कि ख़ुदा ही अकेला इस क़ाबिल है कि उस की बात सुने और उनके ऊपर अमल किया जाये क्योंकि जो कुछ था सब उसी के तुफ़ैल और फ़ज़्ल से था और कि किसी दूसरे का वो कैसी ही चिकनी और चुपड़ी बातें क्यों ना करे हक़ नहीं है कि कोई ऐसी बात कहे जो कि शुनवाई के क़ाबिल हो। अगर ये ख़्याल उस वक़्त उनके दिल में आता तो उनको और उनकी औलाद दोनों को कैसी ख़ुशनसीबी हासिल होती लेकिन चूँकि इस अहद शिकनी ने बे दबदबा और बिला जबर सदूर पाया और ख़ुदा हक़ और उस की बरकत फ़रामोश कर दी गईं और उनका जुर्म भी ज़्यादा सक़ील हो गया।

इस सक़ालत की वजह पंजुम

उनके जुर्म की सक़ालत की पांचवीं वजह ये थी कि उनकी तबीयत में बदी की तरफ़ रुजूअ करने का माद्दा ना था पर पाकी की निस्बत उनको कामिल आज़ादी हासिल थी और इस क़द्र फ़ज़्ल उनके दस्त-ए-क़ुदरत में था अपने मुम्तहिन (इम्तिहान लेने वाला) का मुक़ाबला कर के उस के ऊपर बख़ूबी ग़ालिब आने के लिए काफ़ी और बहर-सूरत कारगर था। ख़ुदा ने आदम को बदी करने की तबीयत नहीं दी थी पर करने और ना करने दोनों की निस्बत उनको आज़ादी हासिल थी। तो ऐसी नेअमत और वसीलत की तरफ़ से बेपर्वा होके बिला रग़बत के एक ग़ासिब (ज़बरदस्ती किसी का हक़ छीनने

वाले) की बात का सुनना और उस के ऊपर अमल करना गोया ये कहना था कि हमको पाकी की निस्बत आज़ादी की तबीयत हासिल थी ही नहीं और इस के इस्तिहक़ाक़ (कानूनी हक़) को हक़ीर समझ कर शैतान के हाथ में इस को बेच डालता था।

इस सक़ालत की वजह शश्म

इस सख़्ती की वजह इस में पाई जाती है कि इस हुक्म के देने में ये मतलब मुतसव्वर था कि ख़ुदा ही अकेला हाकिम-उल-आलामीन समझा जाये और ये कि जितनी मख़्लूक़ हस्तियाँ हैं सब उसी के तहत में हैं। चुनान्चे बतौर नतीजे के ये ख़्याल इस में से पैदा होता है कि उन पर बदर्जा ऊला ये फ़र्ज़ व वाजिब था कि अपने ख़ालिक़ ही की ताबेदारी में क़ायम रहते। पस इस ताबेदारी से रुगिरदानी करने में आदम ने ख़ुदा के इस इस्तहक़ाक़ की तहक़ीर की और गोया ये कहा कि उस का क्या हक़ है कि वही अकेला हम पर मुतसल्लित (क़ब्ज़ा करने वाला हो)? यूं ये गुनाह ख़ुदा की इज़्ज़त और शान दोनों के बरअक्स हो गया और इन्सान के वजूद की निस्बत जो ख़ुदा की इल्लत-ए-ग़ाई (मक़सद, वजह) थी यानी कि वो ख़ुदा ही की सोहबत में शाद है बिल्कुल बदल गई और आदम की रास्तबाज़ी की आदत इम्तियाज़ी उलट गई। यूं ये ना-फ़र्मानी तो देखने में छोटी मालूम हुई पर इस का नतीजा उस के अंदाज़े से ज़्यादा-तर सबक़त ले गया। आदम के लिए सबसे बेहतर ये बात हुई कि इस ना-फ़र्मानी के अव्वल ख़्याल को अपने दिल में उठने ना देते या ये कि जब ऐसे ख़्याल की रग़बत होती या उस की तहरीक मिलती तब अपने ख़ालिक़ की मुहब्बत और उस के फ़ज़्ल के तालिब हो कर उन ख़यालात को उठने के साथ कुल अदम कर डालते और ना अपनी शफ़ीक़ा (मेहरबान, ग़मख़्वार) को अपने पास से जुदा होने देते। ना आप उस की ना शैतान की बातों की तरफ़ किसी नूअ से मुतवज्जा होते इस के सिवा और कोई बात

उनको पाकी की हालत में क़ायम रखने के लिए कारगर ना हो सकती थी। इस से आदमज़ाद को भी ताअलीम लेना चाहीए कि जब कोई ऐसा नाशाइस्ता व नाज़ेबा ख़्याल व बरअक्स ख़याल दिल में उठे जो ख़ुदा के और उनके दर्मियान में मुनफ़सिल (जुदा) करने वाला है तो उस ख़्याल को इब्तिदा में रोकें और अपनी फ़िक्र व अंदेशों को ख़ुदा के ऊपर डालें। सअदी ने किया ख़ूब कहा है।, دگر فتن بہ میل چو پر شد نشاید گزشتیں بہ پیل यानी जब कि चशमा छोटा है तो उस को सुलाई से बंद कर सकते हैं पर जब वो भर गया तो हाथी का ज़ोर भी उस को रोक नहीं सकता है। इस मुक़द्दमे में कलाम की हिदायत ये है **इसलिए ख़ुदा के ताबेअ हो जाओ। शैतान का सामना करो और वो तुमसे भाग निकलेगा। (याक़ूब 4:7)**

ख़ुलासा अल-कलाम

ऊपर के बयान का ख़ुलासा ये है कि दलाईल पेश रफ़्ता से साफ़ अयाँ है कि आदम की गशतगी एक बला ए जांगुदाज़ (दिलपर असर करने वाली) थी और वो क्यों कर बसबब कई सक़ालतों के अज़ीम और शदीद संगीन हो गया और उनकी हालत को ख़तरनाक बना डाला और हसरत के सिवा कोई बात बाक़ी ना रही। याक़ूब हवारी की नसीहत यहां बहुत बरजस्ता (बरवक़्त) साबित होती है। **मुबारक वो आदमी जो आज़माईश की बर्दाश्त करता है इस वास्ते कि जब वो आज़माया गया तो ज़िंदगी का ताज जिसका ख़ुदा ने अपने मुहब्बत करने वालों से वाअदा किया पाएगा। (1 याक़ूब 1-12)**

छटा बाब

आदम की बर्गशतगी के नतीजों का तज़्किरा

आदम की ना-फ़र्मानी आफ़त कुल्ली की बुनियाद

अगर किसी का रफ़ीक़ व शफ़ीक़ बल्कि लख़्त-ए-जिगर कोई ऐसा काम करे जो उस के बुज़ुर्गों की शान के बरअक्स हो और जिससे उस की इज़्ज़त में ज़िल्लत व क़बाहत लाज़िम आए तो उस का जी इस अज़ीज़ की तरफ़ से कैसा बरदाशता खातिर और बेज़ार हो जाएगा और फ़ौरन उस की निगाह बदल जाएगी और शफ़क़त के बदले में वो उस के क़हर व इताब में पड़ेगा बल्कि बेज़ार हो कर उस की सोहबत से मुतनफ़्फ़िर (नफ़रत करने वाला) हो जाएगा। वैसी ही कैफ़ीयत हज़रत आदम की ना-फ़र्मानी से ज़हूर में आई। जो निस्बत तिब्बी कि आदम के और ख़ुदा के बीच में थी उस से ना-फ़र्मानी का नतीजा इस के सिवा और क्या हो सकता था कि अव्वल तो ख़ुदावंद आलम के बाइस ना ख़ुशी और जुदाई का हो और दूसरे उस की वजह से इस की रूह में भी ख़राबी व फ़सादर्द आई। फिर उस निस्बत अबदी से जो ख़ुदा ने अपने फ़ज़्ल के इंतिज़ाम में आदम के साथ बाँधा था ये नतीजा निकलता है कि इस अह्द शिकनी की सज़ा उसे से बचना मुहाल था चुनान्चे इस सज़ा में तीन बातें थीं :-

1- जिस्म का फ़ना होना

2- रूह इन्सान की अबतरी

3- अबदी मौत

इस माहीयत के ऊपर सोचने से साफ़ मालूम होता है कि सारी मुसीबतें जो इन्सान को लाहक़ हो सकती हैं उनकी दामनगीर हुईं। और मिस्ल भी मशहूर है कि आफ़त अकेली नहीं आती है पर अपने साथ अन्वा व अक़्साम की ख़राबियां लाती है। हनूद कहते हैं कि :-

> **जिस वक़्त हनूमान ने लंका में आग लगाई थी उस वक़्त बादिनों हवाएं चलती थीं यानी ना एक ना दो बल्कि आफ़तों का एक ऐसा सिलसिला बंध गया था कि किसी पहलू में ज़िंदगानी की सूरत नज़र ना आती थी।**

ज़बूर के मुअल्लफ़ ने (ज़बूर 30:5) में ये लिखा है कि **"ख़ुदावंद के करम में ज़िंदगानी है।**" तो इस से बतौर नतीजे के हम ये बात निकाल सकते हैं कि जब उस के करम की निगाह उठ गई तो बस छुट्टी है और वो (रोज़े*) क़ियामत जब ज़िंदगी गई तो सब कुछ गया और जहां ख़ुदा की निगाह हटी वहां जो कुछ ना हो सो थोड़ा है। जितनी आफ़तें इस दुनिया में मौजूद हैं ख़्वाह जिस्मानी ख़्वाह रुहानी सब का सदूर इसी ना-फ़र्मानी के माद्दे में पाया जाता है। क्योंकि जब से ये अह्द शिकनी ज़हूर में आई तब ही से हर तरह की ख़राबी और तारीकी के कामों का ज़हूर हुआ चुनान्चे कलाम का मंशा भी ऐसा ही मालूम होता है और उन ख़राबियों के ऊपर लिहाज़ कर के रसूल उनको जो बे-ख़ुदा हैं ये इल्ज़ाम देता है **"तुम अपने बाप शैतान से हो और चाहते हो कि अपने बाप की ख़्वाहिश के मुवाफ़िक़ करो वो शुरू से क़ातिल था और सच्चाई पर साबित ना रहा।**" (युहन्ना 8:44) और याक़ूब रसूल भी फ़रमाते हैं कि हर शख़्स अपनी ख़्वाहिशों से लुभा कर और हाल में पहन कर इम्तिहान में पड़ता है। सो ख़्वाहिश जब हामिला होती तब गुनाह पैदा करती और गुनाह जब तमामी तक पहुंचा मौत को जनता है।" (याक़ूब 1:14-15) आदम के दिल से आफ़त की शिद्दत को पूछा चाहिए बमूजब इस शेअर के किसी का दर्द-ए-दिल

यारो कोई बेदर्द क्या जाने। वही जाने वही समझे मुसीबत जिसने झेली हो। अगर हम आदम के साथ हो कर उनके हमराह बाग़-ए-अदन से निकलें और उनके रंज व ग़म में शरीक हो के उनके क़दम के नक़्श पर अपने क़दम रखें तो साफ़ उस के नताइज से वाक़फ़ीयत हासिल कर लेंगे क्योंकि लिखा है कि **"ख़ुदा का ग़ज़ब ना-फ़र्मानी के फ़र्ज़ंद पर पड़ता है।**" और इस में सब कुछ शामिल है। यूं आदम की ना-फ़र्मानी आफ़ात कुल्लिया की बुनियाद हो जाती है।

इन आफ़ात की नूएं

जिन आफ़तों और मुसीबतों का बार (बोझ) आदम ने अपने सर के ऊपर पाया उनको हम तीन नूअ पर तक़्सीम करते हैं :-

1- कि रूए ज़मीन के ऊपर उनके सबब से लानत आई

2- कि आदम का जिस्म आफ़तों और कमज़ोर होने का मुतहम्मिल (बर्दाश्त करने वाला) हुआ और उनकी ताक़तों में लाग़री सराइत कर गई।

3- तीसरी कि उनकी रूह आफ़ात अबदी में पड़ी और उस की सारी इस्तिदादें (सलाहियत) इस क़द्र ज़ईफ़ हो गईं कि हुक्म इलाही के बजा लाने की निस्बत मुर्दा हो गईं और जो ख़्वाहिश किसी क़द्र मौजूद थी भी तो भी इस को बख़ैरीयत अंजाम तक पहुंचाने की उनमें सकत ना रह गई। बमूजब पोलुस रसूल के इस तजुर्बा आमेज़ कलिमा के कि मैं जानता हूँ कि मुझमें यानी मेरे जिस्म में कोई अच्छी चीज़ नहीं बस्ती कि ख़्वाहिश तो मुझमें मौजूद है पर जो कुछ अच्छा ही करने नहीं पाता और कि जब मैं नेकी करना चाहता हूँ तब बदी मेरे पास मौजूद है" (रोमीयों 8:18-21)

ज़मीन का लानत के तले आना

इन तीनों नूओं (अक़्साम, मुख्तलिफ़ क़िस्में) का चर्चा जिसका ऊपर मज़्कूर हुआ और जो आदम की ना-फ़र्मानी की वजह से ज़हूर में सर्द-सत सिलसिले-वार करना मतलूब है चुनान्चे अव्वलन उस की इस तासीर का बयान करना जो कि उनकी ना-फ़र्मानी के बाइस से रूए ज़मीन के ऊपर हुई। ज़मीन उनके सबब से उमूमन लानत के तले लाई गई जैसा मुअल्लफ़ इल्हामी ने साफ़ फ़रमाया है कि **"ख़ुदा ने आदम से कहा इस वास्ते कि तू ने अपनी जोरू की बात सुनी और इस दरख़्त से खाया जिसकी बाबत मैंने तुझको हुक्म किया कि इस से मत खाना ज़मीन तेरे सबब से लानती हुई।**□ (पैदाइश 3:17) वह ज़मीन जो अब तक उनके लिए मादिन शादमानी व फ़र्हत व बशाशत व राफ़ेअ कुदरत व दाफा उस्रत और जाये इस्तिक़ामत और मतानत फ़लाहत बख़्श थी यानी मुसद्दिर व मंबा बरकत थी उस की हालत अब तब्दील हो गई। उस के सामान मसर्रत बख़्श बिल्कुल मस्दूद (बंद) हो गए उस की ताक़त ज़ाए हो गई। उस की इस्तिक़ामत बे इक़ामत हो गई उस की वो सिफ़त जो अर्फ़ा कुदूरत और दाफा उस्रत थी उस के बरअक्स कुदूरत व उस्रत के ज़्यादा करने के लिए वसीले बन गए। ग़रज़ कि बमूजब इस मिस्ल के बगुले के मारने से सिवाए पर के और क्या हाथ आता है। सिवा हसरत और कुलफ़त (रंज, कुदूरत) के और सारी बातें नादिर (नायाब) हो गईं। वाह ये क्या हुआ और कैसा हुआ। बरकत लानत से मुबद्दल हो गईं और मादिन ख़ुशनुदी मादिन रंज व अलम हो गया। यूं आदम की आसाइश जिस्मी में सूरत इन्क़िलाब की नमूदार गई। ज़मीन ख़ुदावंद की रहमत से मामूर कर दी गई थी। अब वो हालत रह गई कि जैसा यसअयाह नबी ने फ़रमाया है। **ज़मीन ग़मगीं होती और मुर्झाती है। जहान बेताब और पज़मुर्दा होता सरज़मीन उनके नीचे जो इस पर बस्ते हैं नजिस हुई कि उन्होंने शरीयतों को उदूल किया क़ानून को बदला अहद अबदी को तोड़ा इस सबब से लानत ने सरज़मीन को निगल लिया।**□ वग़ैरह (यसअयाह

44:4-6) इसी कलाम के मंशा के मुताबिक़ इंजील में भी यूं आया है कि **"ख़ल्क़त बतालत के तहत में आई क्यूंकि हम जानते हैं कि सारी ख़ल्क़त मिल के अब तक चीख़ें मारती और उसे पेड़ेन लगी हैं।** (रूमी 20:8-22)

इस लानत का नतीजा

जो नतीजा इस लानत की वजह से सादिर हुआ उस का बयान कलाम में यूं हुआ है **"वो तेरे लिए कांटे और ऊंट कटारे उगाएगी।** जब ये ज़मीन-ए-ख़ुदा के हाथ से ख़ल्क़ हो कर निकली थी तब मअमूरी और ज़िंदगी से ममलू थी पर अब उस की ज़रख़ेज़ी शोरयदगी (परेशानी, दीवानगी) से बदल गई उस की बरकत उस की माहीयत (असलियत) बार-आवर थी अब वो बरकत और लानत में बदल गई और बार-आवर होने के बदले में वो बंजर हो गई उस की हईयत इब्तिदाई में और इस हैइयत में जो लानत के बाइस से ज़हूर में आई आस्मान और ज़मीन का फ़र्क़ नज़र आता है और हज़रत अय्यूब की वो बात रास्त आती है कि **"मैंने ब्याबान को उस का घर मुक़र्रर किया और खारे दश्त को उस का मस्कन।** (अय्यूब 39:6) ये नतीजा कैसा बरअक्स और मुज़िर निकला शादाबी और शगुफ़्तगी के बदले में वीरानी और ख़ार ज़ारी का मंज़र ज़हूर में आ गया और ये हालत इस हालत से कैसी बरअक्स थी कि जिसमें ख़ल्क़त के वक़्त ये ज़मीन रखी गई थी। गुनाह ने कस्रत में क़िल्लत डाली और रोईदगी में से शोरीदगी पैदा की। जहां इन्सान के लिए इफ़रात और कस्रत और बोहतात थी वहां अब ज़्यादा-तर क़िल्लत नज़र आती है। और राहत व फ़र्हत के एवज़ में तक्लीफ़ और रंज का सामना हो गया। यूं ख़ल्क़त गोया हमसे ये कहती है कि इन्सान की ख़राबी ने मुझको ऐसा ताव बाला कर दिया है कि मेरा सिलसिला बरअक्स कर दिया। चुनान्चे जब तुम मुझसे आसाइश के तलबगार रहोगे तब मैं ख़ार और कांटे व ऊंट कटारे दिखला के तुमको शर्मिंदा करूँगी और ख़जालत व रुस्वाई में डालूंगी ताकि तुमको याद रहे कि

जैसा तुमने अपनी बे इताअती से मुझको मौरिद लअन बना दिया वैसा ही तुम पर भी ये बात आश्कारा है कि कोई कांटों से इंजीर और ज़ैतून से अंगूर का मुंतज़िर नहीं हो सकता है। ज़िंदा ख़ुदा के हाथ में किसी उन्वान से पड़ना होलनाक है और कोई ऐसा नहीं है जो उस की मुख़ालिफ़त कर के कामयाब हो सके या अपने को उस के हाथ से छुड़ा सके।

आदम का जिस्मानी तक्लीफ़ पड़ना

इस ना-फ़र्मानी का दूसरा नतीजा ये हुआ कि आदम का जिस्म अब नहीफ़ (कमज़ोर, लागिर) के सदमे का मुतहम्मिल (बर्दाश्त करने वाला) हुआ। अब तक ज़मीन आसानी से क़दरे ही मेहनत में जो उस के ऊपर बार गिराँ ख़ातिर ना हो सकती थी हर तरह के सामान आसाइश बहम पहुंचा देती थी। बाग़-ए-अदन की खूबियां जो उनके जिस्म के लिए राहत बख़्श और उनकी मामूरी शिकम और हलावत (मिठास, राहत) ज़हन के लिए ग़िज़ाए लतीफ़ मुहय्या करने के लिए आप में हैसियत और लियाक़त व गुंजाइश रखती थी अब उनके लिए अपनी ताक़त के अता करने से मुन्किर होती हैं हाँ इन्सान के हाथ से रोटी छिन गई और उनका जिस्म बाइस मेहनत के आजिज़ व परेशान होता है हत्ता कि सर का पसीना माथे पर से टपक के पांव के तलवे तक पहुंचता है तो भी वो अपना ज़ोर उस को नहीं देती है और जो कुछ उस को मिलता है वो फ़िल-हक़ीक़त उस के लिए बड़ी गाढ़ी पसीने की रोटी है उस का आराम के साथ खाना मेहनत की तल्ख़ी में बदल गया और इस लानत में वो बात मफ़्हूम हुई जो ख़ुदावंद ने क़ाइन के हक़ में कहीं **"जब तू ज़मीन पर खेती करेगा वो फिर तुझे अपना हासिल ना देगी और ज़मीन पर तू परेशान और आवारा होगा"** (पैदाइश 4:12) ताहम शुक्र का मुक़ाम है कि अगरचे ख़ुदावंद हमारे गुनाहों के सबब से हमसे बेज़ार है लेकिन वो क़हर के दर्मियान अपनी रहमत को याद करता है क्योंकि वो जानता है कि हम ख़ाक हैं और

अपने बाक़ी क़हर को रोकता है। ऐसा कि जो कुछ अपनी तबाह और ख़राब व ख़स्ता हालत में हम ज़मीन से पाते हैं। वो भी उसी की ऐन रहमत है। जिससे साबित होता है कि उस का झुंजलाना दाइमी नहीं और वो अब भी अपना फ़ज़्ल देने के लिए तैयार है। ऐ गुनाहगार अपनी परेशानी को अपने गुनाहों का वाजिबी नतीजा समझ पर शुक्र के सज्दे में ख़ुदावंद के आगे फ़िरोतनी और आजिज़ी के साथ ख़म हो क्योंकि उस की लतीफ़ रहमतें और उस के सारे काम आश्कारा हैं और वो अपने अदल में भी सच्चा और रास्त है। बेशक वो अदल के बीच में रहमत को याद करता है और सारी चीज़ों को फिर भी अपने लोगों की भलाई के लिए कारगर बनाता है। अगर वो चाहता तो ज़मीन कवीक लख़्त लोहे का साब ना देता कि इन्सान मेहनत करते करते मर जाता तो भी उस में रोईदगी तक नज़र ना आती लेकिन उस को सिर्फ इतना ही सज़ा देना पसंद आया कि वो अपना फल देने से इन्कार ना करे पर ये कि अपना पूरा हासिल उनकी मेहनत के बमूजब ना दे। **“वो कांटे और ऊंट कटारे तेरे लिए उगाएगी□□**

ख़्वाहिश की अबतरी

इस के शमुल (शमूलीयत) में उनकी जिस्मानी तक्लीफ़ की ज़्यादती इस बात में पाई जाती है कि उनको ये फ़त्वा सुनाया गया कि तू खेत के साग पात खाएगा। इन्सान का जिस्म ख़ाक से बनाया गया था और इस मुक़द्दमे में इस का माद्दा जिस्मी माद्दा हैवानी से मुशाबहत रखता था और सिर्फ फ़ौक़ियत रुहानी में इस को फ़ज़िलत थी। पस ना फ़रमानी की वजह से वो अपने आला और बूलंद मर्तबे से गिर गए और उनके औक़ात गुज़ारी भी उन्हीं जानवरों की मानिंद जो सिर्फ सब्ज़ी पर ज़िंदगी बसर करते थे आ गई। उनकी ग़िज़ा की माहीयत में तब्दीली आ गई और वो जो बाग़ की लताइफ़ व तहाइफ़ खाते हैं अब ज़मीन का साग पात खाना उनका हिस्सा हुआ। इस

आलम की इश्याअ लतीफ़ व तोहफ़ा जात जो उनकी ख़ास ग़िज़ा के लिए मुहय्या किए गए थे अब उनके दस्तर-ख़्वान पर लाए जाने से रोके जाते हैं और वो ही सादा चीज़ें जो ज़मीन पर परवरिश हैवानात के लिए अज़ ख़ुद उगाती है उनका कुल नान व नफ़क़ा (गुज़ारा, कफ़ालत) मुक़र्रर होता है। फ़िर्दोस की बोहतात और उम्दगी क़िल्लत और सादगी में आदम की ना-फ़र्मानी के बाइस से तब्दील हो गई। यूं हज़रत आदम के हक़ में वो बात पूरी हुई जो (अहबार 26:20) में आई है कि **"तुम्हारी क़ुव्वत बेफ़ाइदा ख़र्च हो गई क्योंकि तुम्हारी ज़मीन अपना हासिल ना बख़्शेगी और ना ज़मीन के दरख़्त अपना फल देंगे।**□ और वो भी जो (अय्यूब 20:27-30) तक की मज़्मून में आई है **"आस्मान उस की बदकारी को आश्कारा करेगा और ज़मीन उस के बरख़िलाफ़ उठेगे उस की गुहर की बढ़ती जाती रहेगी उस के इंतिज़ाम के दिन में वो बह जाएगी। ख़ुदा की तरफ़ से शरीर इन्सान का यही बख़रेह है।**□ ये वो मीरास है जो ख़ुदा ने इस के लिए मुक़र्रर की है□

जिस्मी शादमानी का ग़ायब होना

लेकिन ना सिर्फ आदम की गुज़रान ही में अबतरी आई बल्कि इसी से मुल्हिक़ (पैवस्ता) एक और सख़्त तरीन नतीजा ये निकला कि उनके जिस्मी शादमानी भी मअदूम (नापीद, ग़ायब) हो गई। जब ज़मीन ने अपना हासिल देने से इन्कार किया और उनके मेहनत का समरा बे समरा हो गया तब उनको क्या ख़ुशी हासिल हो सकती थी लेकिन उनकी शादमानी उस वक़्त बिल्कुल मादूम हो गई कि जब वो बाग़-ए-अदन से निकाल दीए गए। तब आदम की नज़रों में वो शादमानी जो कि बवसीला ख़ल्क़त के उनको हासिल थी जब कि वो मिस्ल उन नेअमत के जो एक ख़ालिक़ मुहिब व फ़य्याज़ के हाथ से उनकी आसाइश और इत्मीनान और सरवर कलबी (दिल की ख़ुशी) की हैसियत के साथ बिछाया गया था भी लुत्फ़ हो गई और उन मजमूआ नेअमत के अदम

हुसूल ने उनकी ख़ुशनुदी को कुलअदम (मादूम, गोया कि है ही नहीं) कर दिया और इस का तकमिला ये हुआ कि बाग़ की दीद (देखने) से उनका दिल जो कि ग़ालिबन बहलता वो भी मना किया गया और जब कि वो बाग़-ए-अदन से ख़ारिज किए गए तो उस का ग़म मिस्ल-ए-ख़ार हसरत के उनके दिल के ऊपर खटकता गया और ज़्यादातर अलम उस वक़्त हुआ कि जब उन्होंने देखा कि मैं ना सिर्फ बराए चंदा इस से महरूम हुआ हूँ पर अबद तक के लिए इस में मुदाख़िलत पाना मुहाल हुआ क्योंकि उनके इमत्तीना मदाख़िल के लिए ख़ुदावंद ने करूबियों को चमकती तल्वार के साथ जो चारों तरफ़ फिरती थी मुक़र्रर किया और उस वक़्त से आदम के इस बाग़ में दाख़िल होने की फिर ख़बर मुतलक़ नहीं मिलती। वो ख़ारिज किए गए ताकि ज़मीन की खेती करें और अपनी मुँह के पसीने से रोटी खाएं और मुम्किन ना था कि जब उनके मुँह का पसीना मेहनत की शिद्दत से टपक कर उनके पैरों तक पहुंचता और फिर भी उनकी क़ुव्वत का कमा हक़्क़ा समरा (फल) देखने में ना आता तो उस वक़्त की याद उन को सताती कि जब ये तक्लीफ़ उनसे कौसों दूर थी और वो इस बेलुतफ़ी से महज़ ना-आश्ना थे। जहां ऐसी हसरत हो वहां ख़ुशनुदी क्यों कर मुम्किन हो सकती थी। क्योंकि ख़ुशनुदी में इस वबाल से फ़ारिगुलबाली (فارغ البالی) मतलूब व मक़्सूद है। हाय गुनाह ने क्या किया कि ना सिर्फ कमज़ोरी और ताक़त जिस्मी में लाग़री को डाल दिया ऐसा कि बेसबब मेहनत के उनके हाथ ढीले होते और घुटने थरथराते हैं। मज़ीद मातम को भी दुनिया में अपने साथ लाया और दिल इंसान नादान को हदफ़ रंज व अलम का बना दिया। फ़िल-हक़ीक़त नेक-बख़्त और ख़ुशहाल वही शख़्स है जो शरीअत को हिफ़्ज़ करता है। आदम की बल्कि उस की कुल औलाद की शादमानी छिन गई और ख़ुशी हरे खेतों में ना रही। ज़बूर के मोअल्लिफ़ ने कैसी पुर तजुर्बा और ख़ूब बात फ़रमाई है कि सादिक़ों के ख़ेमों में ख़ुशी और नजात की आवाज़ है।

जिस्म की फ़ना

तक्लीफ़ जिस्मी अगर यहीं तक मौक़ूफ़ रहती तो भी शायद कि यक-गो ना ख़ैरीयत रहती लेकिन सबसे बदतर आफ़त ये थी कि ये जिस्म बीमारी और दुख में मुब्तला हुआ बल्कि फ़ानी हो गया। **ख़ुदा ने फ़रमाया कि जिस दिन तू इस फल को खाएगा तो मरते मरेगा।** जिससे ये नतीजा निकलता है कि अगर ये समर ममनूआ (मना किया फल) (न*) खाया जाता तो ना सिर्फ रूह बल्कि जिस्म भी ना मरता। क्योंकि जिस्म रूह का मस्कन है। और जब ये ग़ैर-फ़ानी रूह उस फ़ानी जिस्म के साथ मुतवस्सिल की गई तो जिसने ये इत्तिसाल बहम पहुंचाया वही इस फ़ानी जिस्म को भी बाइस इस इत्तिसाल (मिलाप) रूह की एक इस तरह की अबदीयत मौजूद करता कि जिसकी ज़िंदगी रूह की ज़िंदगी के बराबर होती और जिस्म व रूह दोनों इस तोसल (मेल) में शादू मसरूर रहते। **कलाम में साफ़ आया है कि गुनाह का एवज़ मौत है।** अब ज़ाहिर है कि मौत सिर्फ एक जुदाई है जो कि रूह और जिस्म के बीच में ज़हूर में आती है। पस अगर गुनाह ना होता तो अग़लब (यक़ीनी, मुम्किन) है कि इन दोनों में ऐसा इत्तिहाद होता कि जुदाई का मानेअ (रुकावट) होता। मिस्ल उन तौर पूर सुरूर के जो अपने आब व दाना दहिंदा से इस क़द्र उल्फ़त व मुहब्बत रखते हैं कि हर-चंद दर-ए-क़फ़स उनकी रिहाई के लिए कोशिश की जाये पर किसी नूअ से इस रिहाई को गवारा नहीं करते पर फिर-फिर के इसी क़फ़स के अंदर दाख़िल होते और उसी को अपना आशियाना बनाते हैं।

पर शायद कोई इस मुक़ाम पर ये कहेगा कि माद्दा की माहीयत (असलियत) तब्दील व ज़वाल पज़ीर है। पस मुम्किन ना था कि ये तोस्सल अबदी होता। इस के जवाब में मैं अव्वलन ये कहता हूँ कि बहुतेरे हुकमा (दानिश्वर) का यह क़ौल है कि माद्दा भी अबदी और नीस्ती से ख़ाली है। पस अगर ये राय साइब तसव्वुर हो सकती है तो इस का समझ लेना आसान है कि जिस्म और रूह दोनों का वजूद बराबर हुआ तो जब रूह इर्फ़ानी हुई तो

उसी एतबार के साथ ये जिस्म भी ग़ैर-फ़ानी होता। पर अगर कोई शख़्स इस राय की साइब होने पर मोअतरिज़ (एतराज़ करने वाला) हो तो हम इस दलील को यहीं छोड़ते हैं और अक़्ल साइब की शावक की दिलजमई के लिए ये कहते हैं कि जिस ख़ालिक़ ने जिस्म व रूह दोनों को बनाया और उनकी जुदाई को सिर्फ ना-फ़र्मानी के ऊपर मौक़ूफ़ किया वही ख़ालिक़ बशर्त फ़रमांबर्दारी इस जिस्म को भी बाद अय्याम इम्तिहान ऐसी सिफ़त बख़्शने के ऊपर क़ादिर था कि जिससे इन दोनों के तोसल में जुदाई तहक़ीक़ी को दख़ल मुहाल था। **रसूल ने फ़रमाया है कि, गुनाह की मज़दूरी मौत है ख़ुदा की बख़्शिश हमारे ख़ुदावंद ईसा मसीह के वसीले से हमेशा की ज़िंदगी है।** पस जैसा कि अब क़ादिर-ए-मुतलक़ ख़ुदा मसीह के वसीले हमेशा की ज़िंदगी देता है वैसा ही तब भी हो सकता था और हम इस जिस्म ही में ख़ुदावंद को उस के कामिल जलाल में देखते जैसा आदम का हाल ना-फ़र्मानी के पेशतर था और इस तरह की जुदाई की ज़रूरत मुतलक़ ना रह जाती।

बहरहाल आदम की मुसीबत जिस्मानी का कमाल इसी अम्र के ऊपर था कि और सारी मुश्किलात के शामिल-ए-हाल उनका जिस्म ना सिर्फ नक़ाहत व ज़ोफ़ व कमज़ोरी के तहत में लाया गया बल्कि उनका जिस्म भी अपनी हैइयत वजूदी की माहीयत (असलियत) को तर्क कर के उनकी ख़ुशी में मुख़िल हुआ कि इर्तिबात (मेल, मिलाप) अबदी का सिलसिला तोड़ के उन पर साबित किया कि मैं भी इस अम्र में ख़ुदावंद का महकूम हूँ और तेरी ना-फ़र्मानी मुझको यहां तक नागवार ख़ातिर है कि मैं भी अपने ख़ुदावंद के हुक्म के ताबेअ हो के तुझसे जुदा होना पसंद करता हूँ और अपनी जुदाई से तुझे ये नसीहत देता हूँ कि अगर अब भी तो ना पछताएगा तो ख़ुदावंद की सोहबत से भी अबद तक के लिए जुदा कर दिया जाएगा क्योंकि इन्सान में ख़ुदावंद की रज़ा नहीं है पर सिर्फ इस में है कि उस की ताबेदारी की जाये और उस के हुक्मों के ऊपर अमल किया जाये।

आदम की आफ़त रूही

तीसरा आफ़त ख़ेज़ और हैबतअंगेज़ नतीजा इस ना-फ़र्मानी का ये निकला कि उनकी रूह आफ़त अबदी में पड़ी और उनकी सारी इस्तिदादें (सलाहीयतें) ज़ईफ़ और ख़िदमत इलाही की बजा लाने में क़ासिर हो गईं और यूं रूह की इस सलामती में जो बेगुनाह ही की हालत में उनको हासिल थी ऐसा ख़लल वाक़ेअ हुआ अगर ख़ुदा ही अपनी रहमत से उस के बहाल करने की तदबीर ना करता तो उस की बहाली किसी तरह से मुम्किन ना होती।

पहली आफ़त :-

असली रास्तबाज़ी से ख़ाली होना

जो इस निस्बत में ज़हूर में आई सो ये थी कि उनकी वो रास्ती की हालत जिसमें ख़ुदावंद ने उनको ख़ल्क़ किया था ज़ाए हो गई। इस असली रास्ती की मीलान ये थी कि ख़ुदा की मर्ज़ी और उस की ख़्वाहिशों की ताबेदारी और उन पर अमल करने की तबीयत को क़ायम रखे। इस सिफ़त से ख़ास मक़्सूद ये था कि वो इन्सान के ख़यालात के ऊपर हाकिम हो कि जिसके बाइस से सारे बरअक्स ख़यालात दबा दिए जाएं और ख़ुदा की ताबेदारी के महकूम रहें और ताकि वो ख़ुदा को अपना दोस्त हक़ीक़ी तसव्वुर करने के लिए मुहर्रिक हुए। लेकिन जब ना-फ़र्मानी ने दिल के अंदर दाख़िल किया तो नतीजा उलट गया और निस्बत इताअत में तब्दिल के वाक़ेअ होने की वजह से उनकी सिफ़ात अख़्लाक़ी में भी बिल्कुल तब्दीली ज़हूर में आई। ये रास्ती इस इत्तिहाद रुहानी के ऊपर मबनी थी चुनान्चे जब कि अह्द शिकनी की बुनियाद पड़ी तो इस सिफ़त से ख़ाली होने की बिना (बुनियाद) पड़ गई और कामिल ख़ुशी के चश्मे की तरफ़ से मुग़ाइरत (बेगानगी, अजनबीयत) पैदा हुई और उनके कमाल की इल्लत-ए-ग़ाई यूं महव हो गई कि जितने वसाइल उस के क़ायम रखने में मुमिद मुआविन थे वो बरअक्स हो गए और उस के हुसूल

का इंतिज़ाम बे इंतिज़ाम हो गया। चुनान्चे बऊज़ ख़लूसीयत दिल के इस में फ़साद मुदामी (हमेशा का झगड़ा) ऐसा आ गया कि उनके दिल ने उनको ख़ुद बख़ुद मुल्ज़िम ठहराया और मीलान अक्स का सिलसिला जारी हो गया यानी ख़ुदा में अपनी कामिल ख़ुशी के हासिल करने और उस की मर्ज़ी के एवज़ में इस की तहक़ीर का इर्तिबात ज़हूर में आया और अपनी ख़्याली ख़ुशी की तौक़ीर (ताज़ीम व तकरीम) को फ़ज़िलत देने का मेल नमूद हुआ। चुनान्चे कलाम की गवाही इस मुक़द्दमे में ये है कि ख़ुदा ने इन्सान को रास्त बनाया पर उसने बहुत सी बंदिशें सोच ली हैं। और जब कि इताअत इलाही के बदले में इन्सान की अपनी बंदिश को मुदाख़िलत हुई तो रज़ाए इलाही कहाँ बाक़ी रही। पस तो यूं ख़ुदाए रास्त और इन्सान नारास्त में जुदाई बरपा हो गई अब अगर रास्ती की हालत की माहीयत (असलियत) और नारास्ती की हालत की ना माहीयती के ऊपर बग़ौर मुलाहिज़ा किया जाये तो इस का हुस्न व क़ुब्ह (ऐब) बख़ूबी आश्कारा हो जाएगा और ये मालूम होगा कि इस असली रास्तबाज़ी से ख़ाली होने में कौन सा अज़ीम ज़ियाँ (ख़सारा) व ख़लल वाक़ेअ हुआ और कि ये आफ़त कैसी बला अंगेज़ हुई। ग़रज़ ये कि बहर-ए-हाल ज़बूर के मोअल्लिफ़ के इस कलाम की ख़ूबी आश्कारा होगी कि **"ख़ुदावंद सदाक़त के ज़बीहों से ख़ुश-नूद होगा।**" (ज़बूर 51-19) ख़ुदावंद की रज़ा इसी में थी और आदम और उनकी औलाद के लिए सदाक़त की राह में ज़िंदगानी थी और उस की राहगुज़र में हरगिज़ मौत नहीं। (अम्साल 12:28) अब अगर इस बात की सदाक़त को आश्कारा करने और इस की निस्बत कामिल दिलजमई हासिल करने के लिए सबूत कलामी की ज़रूरत मालूम हो तो ये दो आयात काफ़ी होंगी। हज़रत दाऊद ने (ज़बूर 53:3) में ये फ़रमाया है। **"कोई नेकोकार नहीं एक भी नहीं।**" और पौलुस रसूल (रूमी 3:10) में बतलाते हैं। **"कोई रास्तबाज़ नहीं एक भी नहीं।**" ताकि हम पर इस सिफ़त की ख़ूबी अयाँ की जाये ख़ुदावंद ने जो रहमत में ग़नी है अपने फ़ज़्ल की बोहतात से उनकी औलाद की

सलामती ले ली अपनी रज़ा यूं ज़ाहिर की है, **"ऐ सख़्त दिलों जो सदाक़त से दूर हो मेरी सुनो। मैं अपनी सदाक़त को नज़्दीक लाता हूँ वो दूर ना होगी। और मेरी सलामती ताखीर ना करेगी।**" (यसअयाह 46:12-13)

दूसरी आफ़त :-

आदम का पाकीज़गी की हालत से गिरना

जो इस निस्बत में ज़हूर में आई सो ये थी कि इस ना-फ़र्मानी के गुनाह से उनकी इस कामिल पाकीज़गी की हालत में जिससे ख़ुदा ने उनकी पैदाइश के वक़्त उनको आरास्ता किया था और उन के और उन की औलाद के लिए मक़्सूद रखा था ख़लल वाक़ेअ हो गया उनकी पाकी जाती रही और इस के एवज़ में वो आसी (गुनाहगार) और दुखी बन गए इस ना-फ़र्मानी ने इर्तिबात व तोसल इलाही की जादह (रास्ता) मुस्तहकम की गिरहें खोल दीं और इस सिलसिले को काट के ख़ाक में मिला दिया ऐसा कि वो जो ख़ुदा और मालिक बल्कि कुल व मख़्लूक़ात की ख़ुशनुदी था अब वो सबकी निगाहों में घटने लगा और सबने अपनी निगाहें उनकी तरफ़ से फेर लीं और जिस वक़्त आदम ने अपने तईं ख़ुदा की हुज़ूरी से बाग़ के दरख़्तों की आड़ में छुपाना चाहा उस वक़्त गोया कि उन्होंने ये साबित किया कि मैं अब ख़ुदा की सोहबत के क़ाबिल ना रहा। पाकी की सिफ़त सारे और सिफ़ात बल्कि इन्सान के कुल सिफ़ात हमीदा और औसाफ़ पसंदीदा का सरताज था। वो इस्तिदाद (सलाहियत) रूह में सबसे आला दर्जा रखते थे और सारी इस्तिदादों को अपने क़ब्ज़े में रखते और उन पर महकूम थे और उनको ख़ुदा के जलाल और अपनी भलाई व बेहतरी के लिए मुमिद व मुआविन बनाने की हैसियत व क़ाबिलीयत रखते थे चुनान्चे जब इस सिफ़त में ख़लल वाक़ेअ हुआ तो कुल इन्सानियत में फ़ुतूर लाज़िम आया और कुल इंतिज़ाम ताव बाला हो गया क्योंकि कुल सिलसिला इन्सानियत का इसी के ऊपर मबनी था पर इस से ये मुराद ना लेना चाहिए

कि इस सिफ़त से क़ासिर होने में उनकी इस्तिदादें (सलाहियत) मस्दूद हो गईं लेकिन इन इस्तिदादों का कमाल ज़ाए (बर्बाद) हो गया और ख़ुदा की सूरत की रौनक उन्हीं इस्तिदादों के कमाल के ऊपर मौक़ूफ़ थी। इन्सान की दिली पाकीज़ा दानिश और उनकी वो मुहब्बत इलाही जो कि उनकी मर्ज़ी को मुक़द्दस करती थी और ख़ुदा की मर्ज़ी की ताबेदारी की रुहानी ताक़त ये बातें इस पाकी की सिफ़त के ज़ाए होने के बाइस मस्दूद हो गईं। पस नतीजा उस का ये हुआ कि ख़ुदा ने अपने हुज़ूरी को बनी-आदम से जुदा कर लिया और इस से ज़्यादा-तर आफ़त बनी-आदम के लिए और क्या हो सकती थी? इस हक़ीक़त की माहीयत (असलियत) को मालूम कर के ख़ुदा के बंदे दाऊद ने अपनी दुआ में ये इक़रार किया। **"देख मैंने बुराई में सूरत पकड़ी और गुनाह की साथ मेरी माँ ने मुझे पेट में लिया। देख तू अंदर की सच्चाई चाहता है सो बातिन में मुझको दानाई सिखा। ज़ोफ़ा से मुझ पाक कर कि मैं साफ़ हो जाऊं मुझको धो कि मैं बर्फ़ से ज़्यादा सफ़ैद हो जाऊं।"** और ये दुआ करते हैं। कि **"ऐ ख़ुदावंद मेरे अंदर एक पाक-दिल पैदा कर और एक मुस्तक़ीम रूह मेरे बातिन में नए सिरे से डाल मुझको अपने हुज़ूर से मत हाँक और अपनी रूह पाक मुझसे ना निकाल।** (ज़बूर 51:5-7, 18-11) पतरस रसूल इस मुक़द्दमे में ख़ुदा के ईमानदारों को ये नसीहत करते हैं कि **"जिस तरह तुम्हारा बुलाने वाला पाक है तुम भी अपने चाल चलन में पाक बनो क्यूंकि लिखा है कि तुम पाक हो (बनो) कि मैं पाक हूँ।"** (1 पतरस 15:16) अगर पाकी की सिफ़त इस ना-फ़र्मानी की वजह से ज़ाए ना होती तो कलाम की वो ताकीद कि नक़दुस की पैरवी करो जिसके बग़ैर कोई ख़ुदा को देख नहीं सकता महज़ बेजा बात ठहरती। इन आयात बाला की माहीयत (असलियत) के ऊपर ब नज़र ग़ौर मुलाहिज़ा करने से साफ़ अयाँ होता है कि पाकी का जोहर इन्सान के हाथ से जाता रहा इस के बावजूद इस आफ़त की अब तक

यही बात रास्त व सच्च साबित होती है कि वो जो पाक दिल है सो ही ख़ुदा की सोहबत से मुतमत्ते होगा।

इलावा आफ़ात रूही

इस असली रास्तबाज़ी और पाकीज़गी के ज़ाए (बर्बाद) हो जाने से आदमज़ाद की कुल हालत मुतग़य्यर (बदला हुई) तब्दील हो गई और अज़-बस कि यही दोनों सिफ़ात कुल इस्तिदाद (सलाहियत) रूह के क़ायम व बहाल रखने के लिए उन पर मुसल्लत थी लिहाज़ा इनके ज़ाए हो जाने से वो ना सिर्फ उनकी रूह ऐसी बरहना हो गई कि जिसकी उर्यानी (नंगेपन) का छुपाना मुहाल हो गया पर उनकी वजह से बाक़ी सारी इस्तिदाद (सलाहियत) में ऐसी लाग़री सरायत कर गई कि गोया उस की हैइयत ही बदल गई और इन्सान पाक बातिन ऐसा नापाक और ज़लील और ख़ार व रुस्वा हो गया कि हैवानों से भी बदतर हो गया और बेईमानी और बेवफाई का बीज उस के दिल में ऐसा पड़ गया कि सिवा ज़रर (नुक़्सान, तक्लीफ़) के और कोई सूरत नज़र नहीं आती जैसा कि आफ़्ताब के ग़ुरूब होने से तारीकी तारी हो जाती है वैसा ही इन दोनों सिफ़ात आला को ज़ाए हो जाने से कुल इन्सानियत में ख़लल वाक़ेअ हो गया और बड़े बड़े ज़रर ज़हूर में आए। इस ज़रर का बयान कलाम में यूं आया है कि **"उनकी अक़्ल तारीक हो गई और वो इस जहालत के सबब जो उनमें है और अपने दिलों की सख़्ती के बाइस ख़ुदा की ज़िंदगी से जुदा हैं। उन्होंने सुन्न हो के (अपने) आपको शहवत परस्ती के सपुर्द किया।**□ वग़ैरह (इफ़िसियों 4:18-19) इन आयात के ऊपर मुलाहिज़ा करने से पाँच 5 बातें निकलती हैं जो कि इन्सान की तबीयत में पाकीज़गी से ख़ाली होने के बाइस ज़हूर में आईं वह ये हैं :-

1- बनी-आदम की अक़्ल तारीक हो गई

2- उनमें जहालत दाख़िल हो गई।

3- उनके दिल सख़्त हो गए।

4- वो सुन्न (बे-हिस या बे हरकत हो जाना) हो गए।

5- वो ख़ुदा की ज़िंदगी से पैदा हुए और बतौर नतीजा के ख़ुदा के ग़ज़ब और लानत के तले पड़ गए हैं।

पस इन सारी बातों का ज़िक्र इस मुक़ाम पर मुसलसल किया जाएगा ताकि मालूम हो जाये कि बर्गशतगी ने इन्सान की हालत में कहाँ तक अबतरी डाल दी है।

1- अक़्ल की तारीकी

इस असली रास्ती और पाकी से ख़ाली होने का अव्वल नतीजा ये निकला कि इन्सान की अक़्ल तारीक हो गई ख़ुदा ने अस्ल में इन्सान की ख़ल्क़त को अपनी पहचान की रोशनी से ऐसा मुनव्वर कर रखा था कि किसी तरह की तारीकी का शमा (क़लील मिक़दार) तक पाया ना जाता था और जब तक कि वो रोशनी बजिन्सा क़ायम रही तब तक अक़्ल भी जोलानी पर थी इसलिए कि इस का मर्कज़ ख़ुदा ही था जो सर तापा रोशनी है और जिसमें तब्दील और ज़वाल का साया नहीं है पर जब तबीयत का मर्कज़ अपने मरज्जा (जाए पनाह, रुजू करने की जगह) ख़ास से हट गया। तब अक़्ल का मरज्जा दिगर-गूँ (उलट-पलट) हो गया और नापाकी के मीलान की वजह से इस के ऊपर तारीकी छा गई जैसा कि जब इन्सान को मर्ज़ लाहक़ होता है तो तंदरुस्ती के सारी अश्ग़ाल (शुग़्ल की जमा, काम) में तब्दीली आती है वैसा ही जब पाकीज़ा इन्सान नापाकी में मुब्तला हुआ तब उस की इस्तिदाद (सलाहियत) अक़्ली के मक़्सद बदल गए और अज़-बस कि वो रोशनी के चश्मे से अलग हट गया इस असली पहचान की ख़ुलू सियत की निस्बत इस में तारीकी ने सरायत की। चुनान्चे अब उस की सदाक़त यूं देखने में आती है कि आदमज़ाद ज़िंदा ख़ुदा की ख़ालिस परस्तिश करने के एवज़ में अपनी तिब्बी बंदिशों की तरफ़

रुजू रखता और हय्य-उल-क़य्यूम (حی القیوم) का जलाल फ़ानी इन्सान और ग़ैर ज़ी-रूह मख़्लूक़ को देता है। इस माहीयत के हक़ में पौलुस रसूल ने रूमी को ख़त में ये गवाही दी **कि “ख़ुदा की बाबत जो कुछ मालूम हो सकता है। उनमें आश्कारा है क्योंकि ख़ुदा ने इस को उन पर आश्कारा किया।”** और आगे बढ़कर ये लिखा है कि **“उन्होंने अगरचे ख़ुदा को पहचाना तो भी उस की ख़ुदाई के लायक़ उस की बुज़ुर्गी और शुक्रगुज़ारी ना की। बल्कि अपने ख़यालों में बेहूदा हो गए और उनके ना फ़हम दिल तारीक हो गए। वो अपने को दाना ठहरा के नादान हो गए।”** वग़ैरह (रूमी 1: 19-21-22) पाकी की हालत में अक़्ल की ये इस्तिदाद (सलाहियत) बाक़ी सारी इस्तिदादों के लिए गोया मिस्ल कुंजी (चाबी) की थी कि जो ख़ुदा की हक़ीक़ी पहचान की रोशनी की वजह से उन सबको अपनी मर्ज़ी की मानिंद ख़ुदा के जलाल की तरफ़ को रुजू रखने के लिए मुतास्सिर थी तो जब कि ये रोशनी तारीकी हो गई। तो वो तारीकी कैसी बड़ी हुई। इसी तारीकी की वजह से ख़ुदा की जलील (बुलंद) इंजील की रोशनी लोगों के दिलों पर असर नहीं करती है और यूं अक़्ल ख़ुदा ही की मुख़ालिफ़त करती है। हालाँकि उस का काम ये था कि सारे ख़यालों को अपनी रोशनी की हिदायत में लाने के लिए और उन पर हावी हो तो ना, ये कि अपनी हक़ीक़त के बरअक्स काम करने के लिए उनके ऊपर मुहर्रिक हो। देखें गुनाह ने क्या सितम बरपा किया कि शम्मा नूर इलाही को गुल कर के इस को तारीक किया और अपनी सारी मातहत इस्तिदाद (सलाहियत) को भी तारीक कर के ज़िंदगी के चश्मे की तरफ़ से सबको बर्गशता किया और आदमज़ाद के तईं सारी नेकी और ख़ूबी से ख़ाली कर डाला। जिसमें से एक बात ये थी कि अक़्ल की रोशनी के ऊपर पर्दा पड़ गया और अक़्ल साइब (दुरुस्त) के एवज़ में अक़्ल फ़ासिद (शरीर, तबाह) हो गए और ज़बूनी (तबाही, कमज़ोरी) के तहत में लाई गई। चुनान्चे अब बनी-आदम के हक़ में कलाम

की वो बात रास्त आती है। कि **"इस जहान की हिक्मत ख़ुदा के आगे बेवक़ूफ़ी है।**

2- जहालत का दख़ल

जब अक़्ल की सदाक़त का नक़द (सरमाया) उस के हाथ से गया। तब उस की मर्ज़ी ने भी बग़ावत पर कमर बाँधे और जब मर्ज़ ने अक़्ल के साथ इत्तिफ़ाक़ कर के ख़ुदावंद की रोशनी की अकेली हिदायत और सलाह व मशूरत के मुताबिक़ अमल करने से पहलू-तही की तब रोशनी का चशमा भी बंद हो गया और जहां रोशनी नहीं वहां तारीकी के सिवा और क्या हो सकता है? और जहां तारीकी है वहां ही जहालत होगी। क्योंकि माहीयत (असलियत) हक़ीक़ी की पहचान तारीकी को दफ़अ करती है और जिस क़द्र इस पहचान से किनाराकसी होगी और उसी क़द्र जहालत अपना ज़ोर दिखलाएगी। इस जहालत की नज़र हम इस ख़ल्क़त में बख़ूबी पाते हैं। ये बात अयाँ है कि दुनिया के वास्ते ख़ुदा की सच्ची दानिश के बरअक्स है उसी सबब से जब हम इन्सान की फ़ासिद अक़्ल को कलाम की साइब ताअलीम से जो रोशनी का चशमा है मुक़ाबला करते हैं तो इलाही बातों की निस्बत उस को बिल्कुल मुर्दा सा पाते हैं। कलाम का दख़ल रोशनी बख़्शता है पर बिगड़ा हुआ आदमी आपनी जहालत में इस रोशनी के दख़ल का दुश्मन हो जाता है जिससे नतीजा ये निकलता है कि उनके ना फ़हम दिल तारीक हो गए हैं और उनका ज़मीर ऐसा कुंद पड़ गया है कि इल्ज़ाम देने की ताक़त और सकत उस में बाक़ी नहीं है और ना अपनी ज़ात से अपनी हक़ीक़त की शनाख़्त को हासिल कर सकता है। पस जैसा कि इल्म के बग़ैर आदमी जाहिल कहलाता है वैसा ही ख़ुदा की पहचान की शनाख़्त हक़ीक़ी के बग़ैर जिसको बिगड़ी हुई अक़्ल क़ुबूल नहीं करती है, इलाही बातों की निस्बत एक तरह का अंधापन छाया हुआ है और इन्सान ख़ुदा से दूर दूर भागता फिरता है और नहीं चाहता है कि ख़ुदावंद की रोशनी

में चले। चुनान्चे हम बख़ूबी समझ सकते हैं कि इस कलाम के क्या मअनी हैं कि, **"अहमक़ अपने दिल में कहता है कि ख़ुदा नहीं।** ये क्यों कर है कि इन्सान अपने ख़ालिक़ से किनारा करता और अपने बाप से शर्मिंदा होता है। यही अम्र है कि जिससे आदमज़ाद की जहालत आश्कारा होती है। **सुलेमान बादशाह ने क्या ख़ूब फ़रमाया है कि "वह जो सादिक़ है अपने हमसाये की रहनुमाई करता है पर शरीरों की राह उन्हें भटकाती है।** और कि आदमी की जहालत उसे गुमराह करती है और उस का ख़ुदावंद इस से बेज़ार होता है। और कि नादानी का मन्सूबा भी गुनाह है। ख़ुदा ने अस्ल में इन्सान को साहब दानिश व फ़हम बनाया था। पस जहां दानिश है वहां से जहालत सैंकड़ों कोस भागती है और अगरचे इन्सान बिगड़ गया है और ख़ुदा की रोशनी का दुश्मन हो रहा है। तो भी ख़ुदावंद जो रहमत में ग़नी है इस जहालत के दफ़ाअ करने की निस्बत अपनी मर्ज़ी को अपने कलाम के वसीले से यूं आश्कारा करता है कि **"ख़ुदा की मर्ज़ी यूं है कि तुम नेक काम करके अहमक़ों की नादानी का मुंह बंद कर रखो।** इसलिए कि वो चाहता है कि कुल आदमज़ाद सच्चाई की पहचान तक पहुंचें।

आयात बाला से साफ़ ज़ाहिर है कि इन्सान के दिल में जहालत का दख़ल हो गया है और अगर कोई पूछे कि इस का क्या सबब है तो मैं वही जवाब दूँगा जिसका ज़िक्र मक़्सद दोम में हुआ है यानी कि वो गुनाह की तारीकी का नतीजा है।

3- दिल की सख़्ती

तीसरा नतीजा इस बर्गशतगी का ये हुआ है कि इन्सान के दिल भी सख़्त हो गए हैं। दिल की सख़्ती निहायत है बुरी बला है। वो इन्सान को बेहतरीन नेअमतों के हासिल करने से बाज़ रखती है। सख़्त दिली सारी शरारत की बुनियाद हुई है और कजरवी (उलटे रास्ते पर चलना, टेढ़ी चाल) और

अफ़आल बेजा की मुहर्रिक होती है। चुनान्चे कलाम पाक में भी यूं आया है कि **"वो जो अपने दिल को सख़्त करता है ज़ियाँ (ज़रर, ख़सारा) में गिरेगा।**" (अम्साल 28:14) "**वह जो बावजूद बार-बार तंबीया पाने के ग़र्दनकशी करता है नागहां बर्बाद किया जाएगा और उस का कोई चारा ना होगा।**" (अम्साल 29:1) सख्ती ऐसी शैय है कि ख़ूबी के असर को बे-तासीर करती और इस को बे हरकत बना देती है। और जब रास्ती की तहरीक की मानेअ हुई। तब जो ना हो सो थोड़ा है। वो तौबा की तबीयत की दुश्मन होती है और जब गुनाहगार दिल ख़ुदावंद की तरफ़ फिरने की मीलान को नहीं पाता तब इस पर सिवा ग़ज़ब के और क्या नाज़िल हो सकता है। ख़ुदा अपनी मेहरबानी और रहमत व शफ़क़त को गुनाहगार इन्सान की सलामती के लिए आश्कारा करता है पर वो अपने दिल की हमाक़त में उस की बरकतों को क़ुबूल नहीं करता है और अपने गुनाहों में मरने को बेहतर समझता है। कलाम पाक ऐसे शख़्स से यूं कलाम करता है **"ऐ इन्सान तू उस की मेहरबानी और बर्दाश्त और मुहब्बत की कस्रत को हक़ीर जानता है और नहीं समझता कि ख़ुदा की मेहरबानी इसी मक़्सद से है कि तू तौबा की तरफ़ माइल हो जाये बल्कि तू अपने सख़्त और बे तौबा किए दिल से उस दिन की ख़ातिर जिसमें क़हर और ख़ुदा की अदालत हक़ ज़ाहिर होगी अपने लिए ग़ज़ब जमा करता है।"** (रूमी 2:4-5) कि ये नतीजा बर्गशतगी का है इस आयत से साफ़ ज़ाहिर है, जिस हाल, कि उन्होंने पसंद ना किया कि ख़ुदा की पहचान को हिफ़्ज़ कर रखें ख़ुदा ने भी उन्हें अक़्ल की बेतमीज़ी पर छोड़ दिया। चुनान्चे इस से हर तरह की नारास्ती और बे इम्तियाज़ी बदअहदी, बेदर्दी, कीना रवी और बेरहमी सादिर हुईं। क्या बर्गशतगी के पेशतर इस तरह की ख़बासत इन्सानियत की ज़ात में पाई जा सकती थी। जब उन्होंने ख़ुदा की पहचान से किनारा किया तब ही उनमें ये सारी बद सिफ़तें जिनमें दिल की सख़्ती मुश्तमिल है पैदा हुईं। इस ख़राबी से महफ़ूज़ रखने के लिए ख़ुदा तआला अपने कलाम में ये हिदायत करता है कि

अगर आज तुम उस की आवाज़ को सुनो तो अपने दिलों को सख़्त ना करो। जब इन्सान का दिल तारीक हुआ। तब इस में जहालत आई और जहालत ने दिल की सख़्ती को पैदा किया जिससे बनी हुई बात बिगड़ी। पस ये कैसी बुरी बला है। ख़ुदा हर बशर को इस मोहलिक नतीजे से नजात बख़्शे।

4- इन्सान का सुन्न पड़ जाना

चौथा नतीजा जो दिल की सख़्ती से भी होलनाक हुआ सो ये है कि इन्सान का दिल ना सिर्फ सख़्त हुआ बल्कि सुन्न पड़ गया। यानी बे-हिस्स व हरकत व बिल्कुल बे-तासीर हो गया। गोया इलाही बातों की तरफ़ से मुर्दा हो गया। दिल की सख़्ती की मुज़ावलत (किसी काम को हमेशा करना, रोज़मर्रा की मश्क़) का यही अंजाम होता है कि बुरी आदत का आदी होते होते बिल्कुल सुन्न हो जाता है। यानी किसी बात का उस के ऊपर असर नहीं होने पाता सारी इस्तिदादें (सलाहियत) मौजूद रहतीं, ख़्वाहिश भी क़ायम रहती है लेकिन दिल की कोरी (कोरा की तानीस, अहमक़, बेवफ़ा, ग़रीब) तबीयत को मुर्दा बना डालती है। मिस्ल उस शख़्स के जिसको सुन्न का मर्ज़ हो जाता है। उस के होश व हवास दुरुस्त रहते हैं लेकिन एक तरह की बे-ख़बरी में ज़िंदगी बसर करता है और जिस्मानी आराम व रंज दोनों से ना-आश्ना हो जाता है। बल्कि वाक़ई इन्सानियत से ख़ारिज हो जाता है। जैसा कि ये हालत उस शख़्स के लिए ज़ाती नहीं बल्कि आरिज़ी होती है वैसा ही वो इन्सान जो ख़ुदा की पहचान की रोशनी को दाख़िल देने से मुन्किर होता है अपने तईं ना सिर्फ सख़्त करता है पर सख़्ती को यहां तक तरक़्क़ी करने का मौक़ा देता है कि उस की आदतें बिगड़ के बिल्कुल बे-हिस व हरकत हो जाती हैं। यही सबब है कि आदमज़ाद ख़ुदा के ख़्याल तक को अपने दिल में आने नहीं देता बल्कि अपनी ज़िंदगी के लिए ये मक़ूला क़ायम कर रखा है कि दुनिया महज़ ग़फ़लत से क़ायम है। कौन साहब फ़हम इन्सान है जो इस हालत को नहीं देखता और

इस के ऊपर मातम नहीं करता है। अला-उल-ख़ुसूस (ख़ास तौर पर) वो जिनके दिल कलाम इलाही की रोशनी से मुनव्वर हैं। इस फ़ज़्ल से गिरी हुई हालत को ख़ुदा की रोशनी में देखकर इस पर दिली मातम व रंज करते हैं। और उनकी दुआ दिन रात यही रहती है, कि ख़ुदावंद अपनी रहमत से उनकी हालत को बदले ताकि वो शैतान की ग़ुलामी से छुट के ख़ुदा की फ़रज़न्दों की आज़ादगी में चलें और ख़ुदा के फ़ज़्ल और उस की रहमत के इंतिज़ाम से लड़ने वाले ना हो बल्कि ख़ुदा की नजात में शिरकत हासिल कर के नजात पायें। ये वो बुरी हालत है कि जिसमें समझ और मर्ज़ी ख़ुदा की शरीअत और उस की इंजील की मुख़ालिफ़त कर के नेकी की तरफ़ से बिल्कुल किनारा-कश होती और बदी से हम-आग़ोशी करती है और इन्सान की मुहब्बत को ख़ुदा की तरफ़ से फेर के बेहूदा और गुनाह आलूदा ख़ुशीयों में मुब्तला करती और इसी में उस को गिरफ़्तार कर डालती है। ये वो हालत है कि जिसमें ज़मीर अपने ख़ास मन्सब से तजावुज़ कर के नेकी को बदी और बदी को नेकी क़रार देता है और यूं कलाम की रोशनी को बे-तासीर करने के लिए असर दिखलाती है। ये वो हालत है कि जिसमें इन्सान की तबीयत मिस्ल उस छलनी के हो जाती है कि जिसमें से उम्दा व बारीक व मुहकम चीज़ें गिर जाती हैं और सिर्फ फुज़ला ही फुज़ला बाक़ी रह जाता है जो सलामती के लिए महज़ बेकार हैं। इस के बाइस से जिस्म भी ख़राब हो जाता है और वह जो रास्ती के लिए वसीला बनाया गया है अपने उज़ू को गुनाह के लिए नारास्ती का औज़ार बनाता है। हाँ ये ऐसी हालत है कि बावजूद उस के कि मदद पेश की जाती है। पर इस ख़राबी की हालत से निकलने की रग़बत और मेल तक इस में बाक़ी नहीं रह जाता। यूं इन्सान अपने आज़ाद मर्ज़ी को बेजा इस्तिमाल में लाके अपने तईं ख़ुद हलाक करता है और अपनी हलाकत के ऊपर फ़ख़्र करता है।

5- ख़ुदावंद की ज़िंदगी से जुदा होना

पांचवां नतीजा बर्गशतगी का जो सारी आफ़तों से बदतर और अफ़ज़ल तर है सो ये हुआ कि इन्सान ख़ुदा की रोशनी से जुदा हो गया। ज़िंदगी की शर्त कामिल ताबेदारी मुक़र्रर की गई थी। ऐसी ताबेदारी कि जिसमें ख़्याल के इख़्तिलाफ़ और तबीयत की मुख़ालिफ़त और चाल चलन की ग़ैरियत और दिल की पाकी में ख़लल को मुदाख़िलत ना थी। ज़िंदगी की हालत रोशनी की हालत कहलाती है और गुनाह तारीकी से मुशाबेह किया जाता है। पस जैसा कि रोशनी को तारीकी से मुनासबत नहीं है और तारीकी को रोशनी से कुछ इलाक़ा नहीं है और तारीकी रोशनी को गुम कर देती है इसी तौर पर जब गुनाह की तारीकी दिल में दर आई तो ज़िंदगी की रोशनी को तारीक कर के उस की माहीयत (असलियत) को छुपा लेती है। और जब इन्सान तारीकी को पसंद करने लगता है। तब रोशनी से बर्गशता होता है और जहां कामिल बर्गशतगी हो और कुल शैय की कैफ़ीयत उलट जाये तो वहां ख़ुदा अपने चेहरे की रोशनी को छुपा लेता है और अज़-बस कि उस के चेहरे की रोशनी में ज़िंदगी है। जब वो खींच जाये तो सिवा तारीकी के और क्या रह जाएगा। यूं इन्सान की बर्गशतगी उस को ख़ुदा की हक़ीक़ी ज़िंदगी से बर्गशता कर के उस से जुदा कर देती है। बर्गशतगी के कुल मदारिज की इल्लत-ए-ग़ाई यही है कि ख़ुदा से जो ज़िंदगी का चशमा है जुदा कर देती है और ख़ुदावंद की हुज़ूरी से महरूम होना यही जहन्नम है। इसी तारीकी को रफ़अ करने और ख़ुदा की ज़िंदगी बर्गशता इन्सान को फिर अता करने के लिए इंजील दर्मियान में आई है। और ख़ुदावंद की ज़िंदगी को अज़ सर-नो यूँ ज़ाहिर करती है। कि **"जो बेटे पर ईमान लाता है हमेशा की ज़िंदगी उस की है पर जो बेटे पर ईमान नहीं लाता हयात को ना देखेगा बल्कि ख़ुदावंद का क़हर उस पर रहता है।**□ (युहन्ना 3:36) और यूं इंजील गुनाहगार को हमेशा की ज़िंदगी यानी ख़ुदावंद की ज़िंदगी अता करने के लिए ख़ुदा की क़ुदरत साबित होती है।

ख़ुलासा कलाम

बर्गशतगी के नताइज में से चंद ये हैं जिनके ऊपर बनज़र ग़ौर मुलाहिज़ा करने से मालूम होता है कि इस की वजह से कैसा अज़ीम ज़ियाँ हुआ है। इस की कुल हक़ीक़त ऐसी बदल गई है कि वो ख़ुदा की पहचान की रोशनी से मुनव्वर किया गया था और उस की मर्ज़ी के ताबेअ था अब उस की पहचान से किनारा-कशी करता है और उस की मर्ज़ी से बग़ावत रखता है। ऐसा कि वो काम जो उस की ज़ेब व ज़ैनब थे अब इस को शाक़ गुज़रती हैं और उनसे किनारा-कश होने की मीलान आप में पाता है और बर्गशतगी के नताइज का ख़ुलासा यूं हो सकता है कि वो इन्सान को गुनाह और मुसीबत के हालत में लाई है यानी कि सारे इन्सानों ने अपने बर्गशतगी से ख़ुदा की सोहबत को खो दिया उस के ग़ज़ब और लानत के नीचे हैं। और यूं इस ज़िंदगी की सारी मुसीबतों के और मौत के बल्कि जहन्नम के अज़ाब अबदी के ख़तरे में पड़ गए हैं।

सातवाँ बाब

इन्सान की अदम तसहीह का तज़्किरह

तसहीह के बारे में इन्सान की अदम कौती

आदम की बर्गशतगी के नतीजों के ऊपर ग़ौर करने से साफ़ ज़ाहिर हुआ कि उस की उन आला सिफ़ात में जो उस की ज़ेब व ज़ीनत और फ़ज़्ल की हालत में इस्तिहकाम बख़्शने के लिए वसीले थे कहाँ तक अबतरी आ गई कि उस की गोया हैइयत ही दिगर-गूँ हो गई और ख़ुदा की वो सूरत जो इर्फ़ान और तक़द्दुस में उस की ख़ालिक़ की मानिंद बनाई गई थी कहाँ तक महव हो गई। पर इन आफ़ात के शमुल में जिसमें इन्सान बर्गशतगी के बाइस से मुब्तिला हो गया था सब से बड़ी आफ़त ये हुई कि इन्सान में अपनी हालत के सुधारने के लिए ज़ाती क़ुव्वत बाक़ी ना रह गई। जितने औसाफ़ कि तसहीह (दुरुस्त करना) के लिए ज़रूरी और दरकार थे। उन सब में लाग़री सरायत कर गई और कोई माद्दा सेहत का बाक़ी ना रह गया कि जिसके बाइस से उस को अपनी हालत-ए-असली के बहाल करने में मदद मिलती। चुनान्चे लिखा है कि **"हर बशर ने अपने अपने तरीक़ को ज़मीन पर बिगाड़ा था।"** (पैदाइश 6:12) वह ख़राब हुए उनके काम मकरूह हैं कोई नेको कार हो जो ख़ुदावंद आस्मान पर से बनी-आदम पर निगाह करे देखे कि उनमें कोई दानिशमंद ख़ुदा का तालिब है या नहीं। **"वो सब गुमराह हुए वो एक साथ बिगड़ गए।"** (ज़बूर14:1-3)। अगर इन्सान में कोई शैय ऐसी थी कि जो उस की असली हालत वहीयत में रखने के लिए कारगर हो सकती थी तो वो ही सिफ़ात थी जो बेसबब गुनाह करने के वबाला हो गए और ख़ुदा की पाकीज़ा सूरत को नापाकी में बदल डाला। पस जिस शैय में इतना बड़ा फ़ुतूर पड़ गया। उसी शैय में फिर उस की बहाली का माद्दा या ताब (नूर, चमक) की उम्मीद रखना

बिल्कुल बरअक्स बात होती है और गोया इस बिगाड़ से मुन्किर बनाने की मीलान रखती है। बिगड़ी हुई चीज़ में अपने आपको सुधारने की माहीयत (असलियत) का पाया जाना मुहाल-ए-मुतलक़ (नामुम्किन) है। इस दुनिया में ये बात रोज़मर्रा देखने में आती है। कि जोशे बिगड़ी और तावक्त ये कि कोई शैय ऊपर से इस के नक़्श इमजारीह (जारी शूदा क़ानून) की दफा दूर करने वाली, ग़िज़ा के फ़ुज़ला को दूर करने वाली क़ुव्वत इस में दाख़िल हो के मुतास्सिर ना हो तब तक उस का दफ़ईया (दफ़ाअ) करने की तदबीर ग़ैर मुम्किन है। मुसल्लस व मसलन जब इन्सान के जिस्म में मर्ज़ का माद्दा पैदा हुआ तो तावक़्त ये कि कोई ऐसी दवा ऊपर से ना दी जाये कि जो इस मर्ज़ के माद्दे के ऊपर असर कर के इस को कुलअदम कर दे। तब तक मर्ज़ फ़ना नहीं हो सकेगा। यही क़ायदा दुनिया के कुल उमूर में पाया जाता है और इस शैय की माहीयत (असलियत) में जिसमें नुक़्स दर आया हरगिज़ उस के दफ़ईया की ताक़त देखने में नहीं आती और कोई साहब तेज़ व तजुर्बा ऐसा नहीं है कि जो इस माहीयत (असलियत) से नावाक़िफ़ हो या उसे बातिल साबित कर सके। अब ये भी ज़ाहिर है कि जिस्म और रूह में एक तरह का तोवसल (वसीला ढूंढना, वसीला) है और अक्सर जिस्म की हालतें रूह की हालत के ऊपर दाल हैं और तश्बीह रूही को तश्बीह जिस्मी से मुनासिब करते हैं। अब गुनाह रूह का मर्ज़ कहलाता है चुनान्चे (यसअयाह 1:5) में लिखा है। **"तमाम सर बीमार है और दिल बिल्कुल सुस्त है।"** अब इस की दफ़ईया की निस्बत (यर्मियाह 8:22) में ये आयत आई है। **"क्या जलआद में रोग़न बिलसान नहीं है? क्या वहां कोई तबीब नहीं? मेरी क़ौम की बेटी क्यों चंगी नहीं होती और फिर ये कि अपनी राह निकालना इन्सान के क़ाबू में नहीं है।"** (यर्मियाह 10:23) इन तीनों आयात से बयान बाला की माहीयत (असलियत) बख़ूबी आश्कारा हो जाती है और इस हक़ीक़त के ऊपर दाल है कि अपनी तसहीह के बारे में इन्सान महज़ नाताक़त है।

इस नाताक़ती की वजह अव्वल पाकी से ख़ाली होना

अगर कोई पूछे कि इस का क्या सबब है कि इन्सान में अपनी तसहीह की ताक़त बाक़ी नहीं है तो इस की ये वजह मालूम करनी चाहीए। पाकी की सिफ़त फ़िर्दोस की सिफ़त आला व ख़ास है। चुनान्चे लिखा है कि **"तक़द्दुस की पैरवी करो जिसके बग़ैर कोई ख़ुदावंद को देख नहीं सकता।**। जब आदम ने ख़ुदा के हुक्मउदूली (नाफर्मानी) की, तो उनकी पाकी जाती रही और यूं फ़िर्दोस के औसाफ़ ख़ास से महरूम हुए। अब अगर तक़द्दुस ख़ुदा के दीदार के हासिल करने का ज़रीया है तो हम उस की तश्बीह आँख से दी सकते हैं। बदन का चिराग़ आँख है पस अगर आँख अँधेरी हो तो तमाम जिस्म अंधेरा हो जाएगा और जब कि आँख के ऊपर पर्दा नाबीनाई का छा गया तो क्या मुम्किन है कि आँख में ऐसी ताक़त ज़ाती पैदा हो कि इस झिल्ली को जो आँख के ऊपर पड़ गई है, तोड़ के उस के तारीकी के ऊपर ग़ालिब आए। पर तावक़्त ये कि वो झिल्ली को बाहरी वसीलों से आँख के ऊपर से हटाई ना जाये तब तक देखना मुहाल है। इसी तरह से जब चशम रूही के ऊपर नापाकी का पर्दा छा गया तब ख़ुदा का दीदार मुहाल है। अब अगर ख़्याल बाला के मुताबिक़ इन्सान चाहे कि अपनी ज़ात से इस पर्दे को उठा के पाक तरीन मकान के अंदर देखे तो उस की नापाकी इस में मानेअ (रुकावट) होती है बल्कि अगरचे इस में ख़्वाहिश भी हो ताहम वो इस मुक़द्दमे में मजबूर व आरी है इस मुक़द्दमे में ख़्वाहिश का होना ऐसा होगा कि जैसा बीज जो सख़्त ज़मीन के ऊपर जिसमें तरावत (ताज़गी) नाम को नहीं है पड़ी, वो कभी फलदार नहीं हो सकता बल्कि इस में पड़े पड़े ख़ुश्क हो जाएगा या आंका किसी चिड़िया का जिसकी निगाह उस के ऊपर पड़ जाये लुक़मा बन के अपने मतलब मक़्सूद से बे-तअल्लुक़ हो जाएगा। लिहाज़ा पाकी की सिफ़त से ख़ाली हो के इन्सान अपनी

ज़ात से अपनी तसहीह और बहाली की निस्बत बिल्कुल आजिज़ व आरी है जिस अक़्ल ने ख़राबी का बीज बोया उस अक़्ल से फिर गया, उम्मीद हो सकती है और इस से उम्मीद रखना बड़ी हमाक़त है बल्कि लिखा भी है कि **“ना ज़ोर से ना क़ुव्वत से पर मेरी रूह से ख़ुदावंद फ़रमाता है।**

वजह दोम तक़द्दुस की निस्बत अदम तवज्जही

पाकी की सिफ़त के क़ायम रखने की निस्बत दो बातें मुतास्सिर और कारगर होती हैं। अव्वल ये कि पाकी का हुस्न हर वक़्त मद्द-ए-नज़र रहे अब बर्गशतगी के बाइस से इन्सान की ताक़त इम्तियाज़ी मस्दूद हो गई है और क़ायदे की बात है कि जिस क़द्र इम्तियाज़ की कमी होगी, उसी क़द्र मतलूब शैय की निस्बत ग़फ़लत भी ज़रूर है, आश्कारा होगी। चुनान्चे जिन लोगों का ज़मीर कुंद हो गया है वो लोग हमेशा इलाही बातों की तरफ़ से बे परवाह रहते हैं। पाकी की ख़ूबसूरती या उस के हुस्न को देखने के लिए पाकी की निगाह चाहीए नापाकी माद्दा की नफ़्सानियत है और नफ़्सानियत की निस्बत कलाम में ये आया है कि **“जिस्मानी मिज़ाज ख़ुदा का दुश्मन है।** (रूमी 8:7) और कि वो जो जिस्मानी हैं ख़ुदा को पसंद नहीं आ सकते इस की निस्बत यर्मियाह नबी की नोहा की वो बातें रास्त आती हैं जो (यर्मियाह 1:6) में ये आई हैं कि **“इस की सारी रौनक सेहोन की बेटी से जाती रही।** और यसअयाह नबी की वो बातें भी सादिक़ ठहरती हैं जो (यसअयाह 38:1-4) में लिखी हैं “वावेला उनकी शानदार शौकत जो कुमलाया हुआ फूल है, और इस शानदार शौकत का मुरझाया हुआ फूल जो इस शादाब नदी के सिरे पर है। इंजीर के पहले फल की मानिंद होगा जो गर्मी के अय्याम से पेशतर लगे जिस पर किसी की निगाह पड़े और वो उसे देखते ही और हाथ में लेते ही जल्दी से खा जाता है। यर्मियाह की किताब में ये मज़्मुन आया है, क्या कोशी आदमी अपने चमड़े का या तेंदुवा अपने दाग़ों को बदल सकता है। तब ही तुम नेकी कर

सकोगे जिनमें बदी करने की आदत हो रही है।" (यर्मियाह 13:23) इस हालत की तश्बीह इस ख़ूक (सुवर, ख़िंज़ीर) से दी जा सकती है जो हर-चंद बार-बार साफ़ किया जाये पर सफ़ाई की ख़ूबी से नावाक़िफ़ हो के कीचड़ में लौटना पसंद करता है। इन आयात बाला की हक़ीक़त के ऊपर ग़ौर करने से साहब फ़हम पर साफ़ आश्कारा हो सकता है कि पाकी के जोहर को हाथ से दे के वो उस के फिर हासिल करने की निस्बत महज़ ना ताक़त है। जैसा कि नाबीना आदमी रोशनी की माहीयत (असलियत) और उस के हुस्न से बे-बहरा रहता है। इसी तरह नापाक आदमी भी पाकी के हुस्न की शनाख़्त से ख़ाली और बे बहरा है, और जैसा कि ऊपर ज़िक्र हो चुका है वो अपनी ज़ात से इस ताक़त को हासिल नहीं कर सकता है। इसी वजह से मसीह ने अपनी ज़बान मुबारक से ये इर्शाद फ़रमाया है कि **"जब तक आदमी पानी और रूह से सर-ए-नौ पैदा ना हो तब तक वो आस्मान की बादशाहत को देख नहीं सकता है।**" और पौलुस रसूल इस नई ज़िंदगी के बारे में ये हिदायत फ़रमाते हैं कि **"अब हमने दुनिया की रूह नहीं बल्कि वो रूह को ख़ुदा की तरफ़ से है पाई, ताकि उन चीज़ों को जो ख़ुदा ने हमें बख़्शी हैं जानें और यही चीज़ें हम इन्सान की हिक्मत की सिखाई हुई बातों से नहीं बल्कि रूहुल-क़ुद्दुस की सिखाई हुई बातों से ग़रज़ रुहानी बातें रुहानी लोगों से बयान करते हैं। मगर नफ़्सानी आदमी ख़ुदा की रूह की बातें क़ुबूल नहीं करता कि वो उस के आगे बेवक़ूफ़ीयाँ हैं।**" (1 कुरंथियो 2:12-14) में हज़रत अय्यूब ने अपनी किताब में ये फ़रमाया है कि **"कौन है जो नापाक से पाक निकाले।"** (अय्युब 14:4) जैसे कि जब आँखों में ख़लल आ जाता है और एक अरसे तक सख़्त तारीकी में रहने का इत्तिफ़ाक़ होता है। तब बसारत में ऐसी कमज़ोरी आ जाती है कि आँख रोशनी की ज़्यादती की ताब नहीं ला सकती है वैसा ही नापाक इन्सान अपनी नापाकी की वजह से पाकी के हुस्न की ताब नहीं ला सकता है और ये हालत उस

वक़्त तक रहती है कि जब तक ख़ुदा जिसने हमें इब्तिदा में ख़ल्क़ किया है उसी क़ुदरत कामला से हमको अज़ सर-ए-नौ पैदा ना करे।

हुस्न तक़द्दुस के अज्र की निस्बत पहलू-तही

दूसरी बात जो पाकी में इस्तिक़ामत बख़्शने के लिए कारगर होती है सो उस के अज्र को मल्हूज़ ख़ातिर कहा है, पर उस की निस्बत भी इन्सान बे परवाह है। नापाक इन्सान सिर्फ़ बीनाई से ज़िंदगी करता है और चूँकि पाकी का अंजाम मौत के दरिया के उस पार ज़हूर में आने वाला देखता है ईमान की इस्तिमाल में लाने का माद्दा ग़ायब रहता है। वो उस को सफ़ाई के साथ इस आलम अस्फ़ल में पस्त-हिम्मत हो जाता है और कहता है कि किस ने देखा है कि वहां क्या है और क्या होगा? पस जैसा कि जो शैय जिस क़द्र दूर होती है उसी क़द्र उस का मंज़र धुँदला नज़र आता है। और उस का हुस्न व क़ुब्ह नहीं खुलता इसी तरह से बहिश्त की ख़ूबीयों का नादीदा होना उस के लिए एक तरह का पर्दा हो जाता है। जिसके उस पार्वा ना बख़ूबी देख सकता है ना अपनी फ़िक्र से उस की माहीयत (असलियत) तक पहुंच सकता है। और यूं दामन-ए-सब्र को हाथ से छोड़कर ख़ुद को बला में गिरफ़्तार करता है। अज़-बस कि पाकी का अज्र नादीदा है और ईमान का मुतक़ाज़ी होता है और ईमान की माहीयत (असलियत) रुहानी है। पस उस के हुसूल की क़ाबिलीयत मुहाल है जब तक कि इन्सान का दिल ऐसा मुबद्दल ना हो जाये कि बीनाई और ईमान की ज़िंदगी के बीच में इम्तियाज़ हक़ीक़ी जारी ना हो। लिहाज़ा उस का कलाम ऐसा ही होता है जैसा ख़ुदावंद ने अपनी बंदे यर्मियाह की मार्फ़त यरूशलेम के बाशिंदों के हक़ में कहा जब कि उन पर उनकी रविष की अबतरी की वजह से आफ़तें लाने की तदबीर की और उनको उस से फेरने की हिदायत की। **“उन्होंने कहा कि ना-उम्मीदी की बात है कि इसलिए कि हम अपने**

ख़यालों की पैरवी करेंगे और हर एक अपने अपने दिल की कजरवी पर अमल करेगा। (यर्मियाह 18:12)

वजह चहारुम अक़्ल-ए-सलीम में फ़ुतूर का लाज़िम आना

फिर तसहीह के बारे में इन्सान की अदम क़ुव्वती इस अम्र से भी मशीयत (ख़्वाहिश, तक़्दीर) है कि उस की अक़्ल-ए-सलीम में फ़ुतूर वाक़ेअ हो गया है। जब इन्सान किसी तरह के मर्ज़ में मुब्तला होता है तो एक ना दो ना तीन बल्कि जिस्म के कुल आज़ा पर उस का असर होता है। इसी तरह रूह के मरज़-ए-मोह्लिक और मुज़िर असर कुल इस्तिदाद (सलाहियत) रूही के ऊपर हावी हो जाता है। अब पाकी की हालत रोशनी की हालत है और जहां रोशनी है। वहां अक़्ल भी मुनव्वर है लिहाज़ा सलीम। पस जैसा कि पाकी की हालत रोशनी की हालत है वैसा ही नापाकी की हालत तारीकी हालत है। चुनान्चे कलाम में अक़्ल की तारीकी का तज़्किरा पाया जाता है। अब गुनाह के दख़ल ने पाकी को नापाकी से बदल डाला है और गुनाह की बुनियाद व दिल की तारीकी से पड़ी। पस उस का नतीजा यही हुआ कि वो तारीकी तरक़्क़ी पज़ीर हुई।

अल-ग़र्ज़ जैसा कि आँख जिस्म की हादी (हिदायत करने वाली) है वैसा ही दिल रूह के हादी है। और जैसा कि आँख की कोरी (अंधापन) जिस्म की तारीकी को कामिल कर देती है वैसा ही दिल की कोरी रूह की इस्तिदादों को तारीक कर देती है। ये भी ज़ाहिर है कि अक़्ल एक इस्तिदाद (सलाहियत) और रईसा (सरदार) है। लिहाज़ा जैसा कि दुश्मन सरदार अज़ीम के ऊपर अपना वार ज़्यादा-तर करता है दिल की तारीकी का ये नतीजा होता है कि इस्तिदाद (सलाहियत) अक़्ली को तारीकी में डाल दे और जब अक़्ल में फ़ुतूर

आया तब उस में सलामती कहाँ रही कि जिसके बाइस से उस की तारीकी रफ़ा हो। जैसा कि रात की तारीकी सौ आफ़्ताब की तमाज़त गर्मी कि सी शैय से रफ़ा नहीं हो सकती है। वैसा ही अक़्ल की तारीकी सिवा उष्मा नूर इलाही के किसी शैय से रफ़ा नहीं हो सकती है। नफ़्सानी तबीयत अक़्ल की सलामती की दुश्मन है। पस जब तक कि नफ़्सानियत क़ायम है तब तक अक़्ल का सलामती की तरफ़ रुजू करना मुहाल है। चुनान्चे लिखा है कि **"हिक्मत इन्सानी ख़ुदा का दुश्मन है।**" और ये भी कि **"ग़ैर कौमें अपनी बातिल अक़्ल के मुवाफ़िक़ चलती हैं। कि उनकी अक़्ल तारीक हो गई है। और वो उस जहालत के सबब से जो उनमें है और अपने दिलों की सख़्ती के बाइस ख़ुदा की ज़िंदगी से जुदा हैं। उन्होंने सुन हो के (अपने) आपको शहवत परस्ती के सपुर्द किया।**" वग़ैरह (इफ़िसियों 4:17-19) अब दिल ही सारी अख़्लाक़ी ख़ूबीयों का मर्कज़ है और अक़्ल उनकी हादी है लिहाज़ा अगर अक़्ल तारीक हो तो सारी खूबियां ज़रूर ही मस्दूद हो जाएँगी।

वजह पंजुम मुसीबत की अदम वाक़फ़ीयत

इन्सान अपनी तसहीह के बारे में इस सबब से भी नाक़ाबिल है कि वो अपनी मुसीबत कमा हक़्क़ा आगाही नहीं रखता है। शिनाख्त-ए-हाल हक़ीक़ी तसहीह की जान है क्योंकि बग़ैर इस पहचान के हरगिज़ ऐसा इश्तिआला हासिल नहीं हो सकता है कि जो दुरुस्ती के लिए कारगर हो। मरीज़ जब तक कि अपनी मर्ज़ी शिद्दत व सख़्ती और उस के मोहलिक असर को दर्याफ़्त ना करे तब तक इस मर्ज़ के ईलाज की तरफ़ कम दिल लगाता है और वो मर्ज़ जो ख़राबी की ज़ाहिरी अलामतों से ख़ाली हो सबसे बदतर होता है क्योंकि उस की ना वाक़फ़ीयत जान की गाहक हो जाती है और तंदरुस्ती के मौक़े को ज़ाए कर देती है ऐसा कि सिवा हसरत के और कुछ रह नहीं जाता है। बर्गशता इन्सान रोशनी से ख़ाली और ज़िंदगी से दूर हो गया है। इस सबब से

नफ़्सानियत उस के ऊपर ग़ालिब है और नफ़्सानियत की तारीकी पाकी की आँखों को जिसकी रोशनी की हिदायत में इन्सान अपने हाल से बख़ूबी वाक़िफ़ हो के और इस नज़र से उस पर निगाह करता है कि जिससे ख़ुदा उस को देखता है अंधा कर देता है। पस ना उन्हें उस में से बरी होने की रग़बत होती है ना वो उस की परवाह करता है, इसलिए कि नफ़्स की पैरवी से मुन्किर होना उस को नागवार गुज़रता है। नफ़्सानियत की शीरीनी उस को महव कर देती है और उस के ख़्याल को हलाकत की सोच से हटा देती है। किसी ने इन्सान की हालत की निस्बत की क्या दुरुस्त रिवायत की है कि :-

> इत्तिफ़ाक़न एक शख़्स के ऊपर शेर ने वार किया उस की निगाह जो उस के ऊपर पड़ी तो वो जान ले के भागा पर जो एक कुआं सद्द-ए-राह (कुँआं हाइल होना) था वो उस में गिरा। क़ज़ारा (इत्तिफ़ाक़न, अचानक) उस के बीच में एक लकड़ी लगी हुई थी वो उसी के ऊपर जा पड़ा और सलामत उस पर रुक गया। जो नीचे की तरफ़ निगाह की तो एक बड़ा अज़दहा मुँह फैलाए हुए बैठा देखा तब तो और भी परेशान हुआ कि दूसरी बला बदतर गले पड़ी एक के नीचे से तो रिहाई पाई पर दूसरी से क्योंकर जान बर (सही सलामत) हूँगा। लकड़ी जब टूट गई फ़ौरन नीचे गिर के इस मूज़ी का लुक़मा दहन (मुँह) हूँगा। पर इसी हैस व बीस (तकरार) में इस लकड़ी पर बैठे-बैठे अपनी उंगली इस में डालने लगा और हस्ब-ए-इत्तिफ़ाक जो इस को मुँह से लगाया तो इस में एक तरह की शीरीनी पाई। इस शीरीनी को बार-बार चाटते चाटते वो हर दो तरफ़ का ख़तरा भूल गया और वहां से निकलने का ख़्याल भी फ़रामोश किया।

नफ़्सानी इन्सान के बजिन्सा (ऐसा) यही कैफ़ीयत है कि नफ़्सानियत की शीरीनी ने उस की मुसीबत को फ़रामोश करा दिया है और वो अपनी हालत को भूल बैठा है। बनी-इस्राईल की इसी नफ़्सानियत की तबीयत के ऊपर मातम करते हुए हमारे मुबारक मुंजी ने ये कहा। **“ऐ यरूशलम ऐ यरूशलम कई बार मैंने चाहा कि तेरे लड़कों को जमा करूँ जिस तरह मुर्ग़ी अपने बच्चों को अपने परों तले जमा करती है। पर तुमने ना चाहा।** (लूक़ा 13:34)

“काश कि तू अपने इसी दिन में इन बातों को जो तेरी सलामती की हैं जानता पर अब वो तेरी आँखों से छिपी हैं। (लूक़ा 19:42) किसी बुज़ुर्ग ने ये नसहीत की है कि अपने तईं पहचान पर इन्सान अपने तईं पहचाने क्यों कर? अंधा कहाँ से रोशनी पा सकता है। उस की ज़ात तो तारीकी हो गई है ये काम तो रूह पाक का है। पर इन्सान उस की आवाज़ का शुन्वा नहीं हो सकता है। लिहाज़ा वो ज्यूँ का त्यूँ (वैसे का वैसा) अपने गुनाहों में मरता है ना इसलिए कि ख़ुदावंद उस की हलाकत चाहता है पर इसलिए कि वो अपनी हालत से वाक़िफ़ होना अपने लिए ऐन मुसीबत समझता है और उस की ग़फ़लत में अपनी सलामती तसव्वुर करता है। ख़ुदा उस सख़्ती और अदम तवज्जही से हर नफ़्स को बचाए और अपने अमान में रखे।

वजह शश्म दुनिया से इत्मीनान हासिल करने की रग़बत

इन्सान अपनी तसहीह के बारे में इस वजह से भी नाक़ाबिल है कि उस का दिल इत्मीनान और सलामती की अस्ल चश्मी की तरफ़ बसबब अपनी अबतरी के रुजू करने के बरअक्स दुनिया से इत्मीनान हासिल करने की रग़बत

रखता है। जो धुँदली रोशनी तारीकी के दर्मियान में से उस के दिल के अंदर वक़्त ब-वक़्त अपना असर दिखलाती है और उस के ख़यालों को बुलंद परवाज़ी के लिए तहरीक दिलाती है वह बाआसानी अपने ख़यालों के मुताबिक़ अपने मक़्सद को हासिल करने के बाइस से इस बुलंदी के नीचे की तरफ़ को उतरती है और ज़मीनी चीज़ों से इत्मीनान ढूँढने की रग़बत आश्कारा करती है। इस मुक़ाम पर मसीह की वो ताअलीम याद आती है जो (मत्ती12:43-45) में आई है **जब नापाक रूह आदमी से बाहर निकलती है तो सूखी जगहों में आराम ढूंढती फिरती है और जब नहीं पाते तो कहती है कि मैं अपने घर में जिससे मैं निकली हूँ फिर जाऊँगी और आ के उसी ख़ाली और झाड़ा और लैस पाती है तब वो जा के और सात रूहें जो उस से बदतर हैं, अपने साथ लाती और उस में दाख़िल हो कर वहां बस्ती हैं। सो उस आदमी का पिछला हाल आगे से बुरा होता है।** इस ज़माने के लोगों का हाल भी ऐसा होगा। ईमान की निगाह की बसारत कम हो जाने के सबब से वो सिर्फ एक हद तक बुलंदी के ऊपर चढ़ता है पर हज़रत मूसा के साथ नबियों की चोटी के ऊपर नहीं चढ़ता है। कि जहां से ज़मीन मौऊद की बरकतें और ख़ुदा के जलाल की रौनक नज़र आए और वहीं क़ायम हो जाने के लिए कारगर हो। यूं ईमान के बाज़ू थक कर नीचे को अपने आशियाने की तरफ़ रुजू करते हैं और वो उतर के ख़ामोश बैठ जाता है। और इस बात को भूल जाता है कि ख़ुदावंद का ये क़ौल है कि **"जो आख़िर तक साबित-क़दम रहे और पायदार रहता है सो ही नजात पाएगा।** बर्गशता इन्सान नफ़्सानियत के हाथ में बिक गया है और उसी का ग़ुलाम हो गया है और साँप की इस लानत में शरीक हो रहा है कि **"तू ज़मीन पर अपने पेट के बल चलेगा।"** लिहाज़ा उस की हैसियत इसी बात के ऊपर आ रही है। कि सिर्फ नफ़्सानियत की आसूदगी में इत्मीनान ढूंढे। नफ़्सानी आदमी ख़ुदा की रूह की बातों को समझ नहीं सकता है। क्योंकि वो रुहानी तौर पर बूझी (समझी) जाती हैं। पस इस बोझ व समझ के हासिल करने के लिए रुहानी

तबीयत का पैदा होना दरकार है। और ये इन्सान अपनी ज़ात से हासिल नहीं कर सकता है। पौलुस रसूल ने (तीतुस 3:3-5) में इन्सान की इस बर्गशतगी की हालत की निस्बत ये लिखा है कि "हम भी आगे नादान, ना फ़रमांबर्दार, फ़रेब खाने वाले और रंग बिरंग की शहवतों और इशरतों के बस में थे पर जब हमारे बचाने वाले ख़ुदा की मेहरबानी और आदमीयों पर रग़बत ज़ाहिर हुई उसने हमको रास्तबाज़ी के कामों से नहीं जो हमने किए बल्कि अपनी रहमत के मुताबिक़ नए जन्म के ग़ुस्ल और रूहुल-क़ुद्दुस के सर-ए-नौ बनाने के सबब बचाए गए।

ख़ुलासा उल-कलाम

वजूहात मतज़कुरा बाला से अयाँ है कि बर्गशतगी के बाइस आदमज़ाद ना सिर्फ ख़ुदा की रहमत से दूर हो गए बल्कि यहां तक अबतरी में पड़ गए हैं। उस आफ़त से बरी होने या उस से रिहाई पाने की ताक़त व सकत उनमें मुतलक़ बाक़ी नहीं रह गई है कि उस की अक़्ल और समझ और ख़्वाहिश व मर्ज़ी बल्कि सारी इस्तिदाद (सलाहियत) रूही में ऐसी लाग़री और पज़मुर्दगी और नाक़ुव्वती सरायत कर गई है कि वो नेकी की तरफ़ से बिल्कुल मुर्दा हो रहा है और कि अगर कोई आला क़ुदरत या ताक़त बैरूनी उस के ऊपर मुतास्सिर हो के उस की कमज़ोरी को ज़ोर से और उस की नाताक़ती को क़ुव्वत से और उस की तारीक अक़्ल और समझ को रोशनी से और उस की ख़्वाहिश व मर्ज़ी को नया बना के बदल ना डाले तो इन्सान के लिए अपनी ज़ाती तारीकी में अबद तक के लिए मुब्तला रहने के सिवा और कुछ बाक़ी नहीं रह जाता है। चुनान्चे कलाम की वो आयत रास्त व सादिक़ आती है कि **"ख़ुदा ने हमें बचाया और पाक बुलाहट से बुलाया ना हमारे कामों के सबब से बल्कि अपने इरादे ही और उस नेअमत से जो मसीह ईसा के वास्ते अज़ल में हमें दी गई।**□ (2 तिमथी 1-9) और वो बात भी जो (1 पतरस 1: 3-4) में

आई है, **“हमारे ख़ुदावंद ईसा मसीह का ख़ुदा और बाप मुबारक हो जिसने हमको बड़ी रहमत से ईसा मसीह के मुर्दों में जी उठने के बाइस ज़िंदा उम्मीद के लिए सर-ए-नौ पैदा किया ताकि हम वो बेज़वाल और ना आलूदा और ग़ैर-फ़ानी मीरास जो आस्मान पर तुम्हारे लिए रखी गई है पांए। और फिर ये कि ख़ुदा ही है जो तुम में असर करता है कि तुम उस की नेक मर्ज़ी के मुताबिक़ चलो और काम भी करो।** (फ़िलपी 2:13)

आठवां बाब

इन्सान की बहाली की तदबीर और उस के वसीले का तज़्किरा

इन्सान की बेहतरी के लिए उम्मीद

बयानात पेश रफ़्ता हैं इन्सान की उस तारीकी और अबतरी का मंज़र देखने में आया जिसमें कि वो बाइस गुनाह के गिरफ़्तार हो गया है और जो कि उस की ख़ता का वाजिबी नतीजा है ये हालत कैसी करीहा (क़ाबिल-ए-नफ़रत) और हैबतनाक है और कोई इन्सान ऐसा नहीं है जिसके दिल में उस का सोच वक़्त ब-वक़्त ना आता हो और उस से पनाह ना मांगता हो। मुसीबत में पड़ के ना कभी कोई ख़ुश हुआ है ना हरगिज़ ख़ुश रह सकता है। और इस से बढ़के मुसीबत व आफ़त और क्या होगी कि इन्सान ख़ुदा की तजल्ली से महरूम और उस की सलामती बख़्श बुज़ुरगी से ख़ारिज हो के अन्दर आ जाए जाये। और अज़-बस कि इन्सान ने दीदा व दानिस्ता अपने तेईं इस बला के दाम में फंसा दिया है अगर वो अबद तक के लिए इसी तारीकी और अबतरी की हालत में छोड़ दिया जाता तो ये उस का मुनासिब बदला होता और गुनाहगार की सज़ा में ख़ुदा रास्त ठहरता और इन्सान अपनी उज़्र-ख़्वाही की निस्बत ख़ामोशी की लगाम अपने मुँह में लगाता और इस के लिए यही ख़ास शुग़्ल मुनासिब व ज़ेबा होता कि अबद-उल-आबाद अपनी परेशानी में आप नादिम (शर्मिंदा) रहता। जैसा कि फ़रिश्तों का हाल है। लेकिन ख़ुदावंद को पसंद आया कि इन्सान को इस तारीकी और अबतरी की हालत में ना छोड़े चुनान्चे उसने अपनी रहमत की बे पायां से तारीकी में से रोशनी और अबतरी में से बेहतरी और कुलफ़त (रंज ,तक्लीफ़) में से राहत की सूरत निकाली और

उनकी सलामती की निस्बत अपनी मर्ज़ी को बज़रीये यूं आश्कारा किया है कि **"मुझे अपनी हयात की क़सम है कि शरीर (बेदीन) के मरने में मुझे कुछ ख़ुशी नहीं बल्कि इस में है कि शरीर (बेदीन) अपनी राह से बाज़ आए और जीए। बाज़ आओ अपनी बूरी राहों से बाज़ आओ तुम काहे को (किसलिए) मरोगे।**" (हज़िकीइल 38:11)

ख़ुदा की रहमत इन्सान की उम्मीद की बुनियाद

ये बात भी क़ाबिले लिहाज़ के है कि इन्सान किसी तरह ख़ुदा की रहमत के ऊपर अपनी सलामती की बहाली के लिए दावा नहीं कर सकता था। क्योंकि जब रहमत को पामाल किया और उस की तक्फ़ीर की तो इस पर उसी का उम्मीदवार होना मुहाल है। चुनान्चे इन्सान को सिवाए तारीकी की अबदी स्याही की और किसी बात की इंतिज़ारी ना थी। बमूजब उस क़ौल के कि शरीर (बेदीन) जहन्नम में डाले जाएँगे और वो सारी कौमें जो ख़ुदा को फ़रामोश करती हैं। ऐसी हालत में ख़ुदावंद ने जो रहमत में ग़नी है उस की कम्बख़्त हालत के ऊपर तरस खाया और अपनी रहमत की बेपायाँ से उस की मख़्लिसी के लिए अपने दस्त-ए-क़ुदरत को दराज़ किया और उस की रिहाई व मख़लिसी के लिए उस का दामन-गीर हुआ। क्योंकि रहमत का माद्दा मुहब्बत का मुत्कामी होता है। यूं ख़ुदा ने अपनी बड़ी रहमत से इन्सान की नादानी और ख़राबियों के ऊपर अफ़व का पर्दा डाला और उस के गुनाहों से चश्मपोशी कर के आस्मानी मकानों की मीरास फिर हासिल करने की लियाक़त अता की और उस का इस्तिहक़ाक़ (कानूनी हक़) बख़्शा। लिहाज़ा कलाम में ये आया है कि **"जब हमारे बचाने वाले ख़ुदा की मेहरबानी आदमीयों पर ज़ाहिर हुई उसने हमको रास्तबाज़ी के कामों से नहीं जो हमने किए बल्कि अपनी रहमत के मुताबिक़ नए जन्म के ग़ुस्ल और रूहुल-क़ुद्दुस के सर-ए-नौ बनाने के सबब बचाया जिसे उसने हमारे बचाने वाले ईसा मसीह की मार्फ़त हम पर बोहतात से डालाता**

कि हम उस के फ़ज़्ल से रास्तबाज़ ठहर कर उम्मीद के मुताबिक़ हमेशा की ज़िंदगी के वारिस हो। (तीतुस 4:3-7)

इस नजात के हुसूल का वसीला फ़ज़्ल है!

पर-ताकि इस की वजह से फ़ख़्र बेजा व नाज़ेबा से बचाए जा कर सिर्फ़ ख़ुदा की रहमत के ऊपर तकिया करने के लिए हिदायत मिली। चाहिए कि हमारी निगाह हमेशा इस अम्र के ऊपर लगी रहे कि जैसा ख़ुदा की रहमत ने राह-ए-नजात खोल दी है वैसा ही इस रिहाई का हुसूल भी उसी के फ़ज़्ल के ऊपर मौक़ूफ़ है। वो महज़ बख़्शिश है। हक़ का ज़िक्र नाम तक नहीं आ सकता है और सिवा शुक्र व तवक्कुल के और कुछ चारा नहीं है कलाम की गवाही इस मुक़द्दमे में ये है, **"तुम फ़ज़्ल के सबब ईमान ला के बच गए हो और ये तुमसे नहीं ख़ुदा की बख़्शिश है और ये आमाल के सबब से नहीं ना हो कि कोई फ़ख़्र करे।** (इफ़िसियों 2: 8-9)

इस के हुसूल का शर्त क़ुबूल करना है!

लेकिन हर-चंद कि ख़ुदा ने अपनी रहमत के बेपायाँ से गुनाहगार इन्सान के लिए बेहतरी की सूरत निकाली है और उस की दावत भी करता है ताकि उस की सलामती बख़्श नेअमतों में शरीक हो और अपने मुफ़्त फ़ज़्ल से इन्सान को इस में शिरकत देता है तो भी याद रखना चाहीए कि उस का हुसूल बजानिब इन्सान एक शर्त के ऊपर मौक़ूफ़ है और वो शर्त उस को क़ुबूल करने की है। अगर किसी ज़र्फ़ (बर्तन) में अमृत (आब-ए-हयात) रखा हो तो उस के देखने से उस के फ़वाइद में शिरकत हासिल ना होगी या आँख कहीं गंज (ख़ज़ाना) फ़िरावाँ हो तो उस के ऊपर निगाह डालने से उस का हासिल होना मुम्किन नहीं बल्कि जब तक कि वो हासिल ना हुआ वर इस से हमारे दस्त ममलू ना हों तब तक वो हमारी ख़ुशी को अफ़्ज़ूद (ज़्यादा) करने के

लिए ना कारगर होगा और ना उस से मतलब बरारी (मतलब पूरा होना) होगी। इसी तरह जब तक कि ख़ुदा का फ़ज़्ल हासिल ना हो तब तक वो हमारे लिए फ़ाइदामंद नहीं हो सकता है। जानना चाहीए कि कोई माहीयत निरे ख़्याल से हासिल नहीं हो सकती है। बल्कि उस में जद्दो जहद दरकार है और जब कोशिश से हाथ आए तो सारे दिल से क़ुबूल करना लाज़िम है ताकि उस से मुस्तफ़ीद हूँ इसी तरह पर ख़ुदा की रहमत का हुसूल उस की मक़्बूलियत के ऊपर मशरूअत है यानी अगर सारे दिल से ख़ुदावंद की नजात बतौर बख़्शिश के क़ुबूल ना की जाये तो हरगिज़ हासिल ना होगी। इस अम्र की निस्बत हमको कलाम की वो आयत याद रखनी चाहीए जो (युहन्ना 1:12) में आई है कि **"जितनों ने उसे क़ुबूल किया उसने उन्हें इक़्तिदार बख़्शा कि ख़ुदा के फ़र्ज़ंद हो।** क़बूलीयत हुसूल की जान है, ये दोनों लाज़िम वमलज़ुम हैं। जहां क़बूलीयत है वहां ही हुसूल है और जहां क़बूलीयत नहीं वहां हुसूल मुहाल है। **जो कलाम को सुनता और उसे क़ुबूल करता है वही तीस और साठ और सौ गुनाह मेवे लाता है। पर जो क़ुबूल नहीं करता वो बे फल रहता है।**

इस हुसूल का शर्त दोम ईमान है

लेकिन इस हुसूल के शर्त में सिर्फ मक़्बूलियत बा ईमान भी मशरूअत है। ईमान क़बूलीयत का दस्त-ए-शिफ़ा है और हुसूल का माए-ए-इंबिसात (शादमानी) है। ये वो जोहर है कि जिसके बग़ैर ख़ुदा को राज़ी करना मुहाल है ये वो वसीला है कि जिससे बख़्शिश समावी (आस्मानी) सतह अर्शी (ज़मीन) के ऊपर अपना असर दिखलाता है। और ख़ुदा की नजात क़ुबूल करने के लिए क़वी वसीला बन जाता है। गो कलाम में चार अक़्साम (क़िस्मों) के ईमान का तज़्किरा आया है।

यानी तवारीख़ी और आरिज़ी और मोअजज़ाना या मुरई (रिआयत किया गया, आइद किया गया) और नजात बख़्शिश। पर पहले तीन अक़्साम

(मुख्तलिफ़ क़िस्में) सिर्फ़ बतौर मददगार के हैं और अमान-ए-नजात बख़्शिश की माहीयत (असलियत) को पहुंच नहीं सकते हैं। इस नज़र से हम उनसे किनारा कर के ये कहते हैं कि अमान-ए-नजात बख़्शिश ही इस शर्त दोम के ऊपर हादी है और इस हुसूल की माहीयत से मुताल्लिक़ है चुनान्चे लिखा है कि **"हम तो रूह के सबब ईमान की राह से रास्तबाज़ी की उम्मीद के बर आने की मुंतज़िर हैं। इसलिए कि मसीह ईसा में मख़्तूनी और ना मख़्तूनी से कुछ ग़रज़ नहीं मगर ईमान से जो मुहब्बत की राह से है असर करता है।"** (ग़लतीयों 5: 5-6)

ये राह नई और ज़िंदा

अज़-बस कि ये तदबीर ख़ुदा के फ़ज़्ल के ऊपर मबनी है और इन्सान की कोशिश व तदबीर से कुछ सरोकार नहीं रखती। क्योंकि उस की कोशिश में इन्सान आजिज़ है और उस की निस्बत में उस की अक़्ल क़ासिर और उस का ख़्याल बंद और ज़बान चुप है ये राह उस पुरानी राह से जो आमाल की बुनियाद के ऊपर क़ायम की गई थी बिल्कुल बे-तअल्लुक़ है। वो एक नई राह दिखलाती है और अज़-बस कि इन्सान की निस्बत ख़ुदा के मक़्सद के बर लाने में कारगर है वो सिर्फ़ नई बल्कि एक ज़िंदा राह भी कहलाती है।

पर इस नई और जीती राह से क्या मुराद है। ये नई और जीती राह मसीह है जिसने अपनी फ़रमांबर्दारी से इन्सान को अबतरी की हालत से निकाल के अबदी सर्फ़राज़ी बख़्शती है जैसा लिखा है कि **"जैसे एक शख़्स की ना-फ़रमानी से बहुत लोग गुनाहगार ठहरे वैसे एक की फ़रमांबर्दारी के सबब सब आदमी रास्तबाज़ ठहराएँ गए।"** (रूमी 5:19) और मसीह ने ख़ुद भी अपनी ज़बान मुबारक से फ़रमाया है कि **"राह हक़ और ज़िंदगी मैं हूँ कोई बग़ैर मेरे वसीले के बाप के पास आ नहीं सकता है।"**

दूसरा आदम

जिस तरह से कि आदम की पैदाइश की रू से अपनी सारी औलाद का जानिबदार था इसी तरह से मसीह भी उस नए अह्द फ़ज़्ल का दर्मियानी हो के अपनी बर्गुज़ीदा लोगों का जानिबदार हुआ। पस जिस तरह से कि पहला आदम अपनी हुक्मउदूली से अपनी औलाद के लिए मौत का बाइस हुआ वैसा ही मसीह अपनी फ़रमांबर्दारी से सब ईमानदारों के लिए रास्तबाज़ी और ज़िंदगी का बानी हुआ। लिहाज़ा बाएतिबार इस काम के जिसमें इन्सान की सलामती मद्द-ए-नज़र थी वो दूसरा आदम के ख़िताब से मुलक़्क़ब हुआ। चुनान्चे कलाम पाक में आया है कि **"पहला आदमी यानी आदम जीती जान हुआ और पिछला आदम जिलाने वाली रूह हुआ। पहला आदमी ज़मीन से ख़ाकी है दूसरा आदमी ख़ुदावंद आस्मान से है।** (1 कुरंत्थी 15:45-47) बेशक ये राह जिससे इतनी बड़ी नेअमत फिर हाथ आई निहायत ही मुबारक और क़ाबिल-ए-तस्लीम के होगी और मुबारक वो इन्सान जो इस राह में चलता और यूं हमेशा की ज़िंदगी की रोशनी को देखता है।

दूसरे आदम की फ़ौक़ियत व अफ़्ज़लीयत

जैसा कि कुल अज्राम समावी में आफ़्ताब सबसे ज़्यादा-तर रोशन और फ़लक की ज़ेब व ज़ीनत और उस का जलाल है वैसा ही ये ख़ुदा और इन्सान का महमूद ना सिर्फ आलिम बल्कि समाइल-समवात की जानिब की भी ज़ेब व ज़ीनत है और ना इस दुनिया में ना आलम-ए-बाला में कोई ऐसा है जो इस पाक नाम की ख़ूबीयों और फ़ज़ीलातों के साथ बराबरी या हमसरी का दावा कर सके चुनान्चे कलाम में यूं आया है कि **"ख़ुदावंद ही ने उसे बहुत सर्फ़राज़ किया और उस को ऐसा नाम जो सब नामों से निराग है बख़्शा ताकि ईसा का नाम ले के हर एक क्या या आस्मानी क्या या ज़मीनी क्या वो जो ज़मीन के तले हैं घुटना टेके और हर एक ज़बान इक़रार करे कि ईसा मसीह ख़ुदा है**

ताकि ख़ुदा बाप का जलाल हो। (फ़िलपी 2:9-11) फिर उस की फज़ीलत की निस्बत ये भी लिखा है कि **"और सारी हुकूमत और इख़्तियार और रियासत और ख़ावंदी पर और हर एक नाम पर जो ना सिर्फ इस जहान में बल्कि आने वाले जहान में भी लिया जाता है बुलंद किया और सब कुछ उस के पांव तले कर दिया।** (इफसी 1:12-22)

नए अह्द का दर्मियानी

